



आपकी बात, निर्भीकता के साथ

# प्रातःनागपुरी

आरएनआई पंजीयन सं. JHABIL/2023/86791

वर्ष : 3, अंक : 182 रांची, सोमवार, 15 जून, 2026 (ज्येष्ठ, कृष्ण पक्ष 15, संवत 2083) पृष्ठ- 12, मूल्य- 3 रुपये,

email : jharkhandwanitaudyog@gmail.com

## संक्षिप्त

### जम्मू में कार और ट्रक की टक्कर, हरियाणा के तीन लोगों की मौत

**जम्मू।** जम्मू-श्रीनगर नेशनल हाईवे पर रविवार को एक ट्रक से कार की टक्कर में तीन लोगों की मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गए। पुलिस के अनुसार यह हादसा नगरोटा के जगती-कारली इलाके में रात करीब 2.15 बजे हुआ, जिससे कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। इस सड़क दुर्घटना में दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक अन्य घायल ने जम्मू के गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज अस्पताल में दम तोड़ दिया। मृतकों की पहचान हरियाणा के रहने वाले सिकंदर सैफी, शक्ति और मोहित वर्मा के रूप में की गई है। अधिकारियों ने बताया कि दो अन्य घायलों दीपक वर्मा और कुलदीप शर्मा को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### धुर्वा से लापता जुड़वां भाई करण-अर्जुन और दोस्त पुरी से सकुशल बरामद

**रांची।** राजधानी रांची के धुर्वा क्षेत्र से लापता हुए जुड़वां भाई करण और अर्जुन तथा उनके मित्र शिवा को पुलिस ने ओडिशा के पुरी से सकुशल बरामद कर लिया है। मामले की जांच के दौरान पुलिस ने खुलासा किया है कि तीनों बच्चे अपनी मर्जी से समुद्र देखने के लिए घर छोड़कर चले गए थे। बच्चों के लापता होने के बाद रांची पुलिस लगातार उनकी तलाश में जुटी हुई थी। जांच के दौरान विभिन्न स्थानों के निगरानी कैमरों के फुटेज से महत्वपूर्ण सुराग मिले। फुटेज के आधार पर पुलिस को पता चला कि तीनों बच्चे ओडिशा जाने वाली ट्रेन में सवार हुए थे। इसके बाद पुलिस टीम पुरी पहुंची और स्थानीय पुलिस तथा खुफिया तंत्र की मदद से बच्चों को सुरक्षित बरामद कर लिया।

### तेज रफ्तार टेंपो कुएं में गिरने से 8 लोगों की मौत, 6 बचाए गए

**मुंबई।** सोलापुर जिले के पंढरपुर में रविवार को एक तेज रफ्तार टेंपो वाहन कुएं में गिरने से 8 लोगों की मौत हो गई। इस घटना में छह लोगों को बचा लिया गया है। सोलापुर जिले के जिलाधिकारी कार्तिकी ने इस घटना की उच्च स्तरीय जांच का आदेश दिया है। साथ ही मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने इस घटना में मृतकों को प्रत्येक पांच लाख रुपये की आर्थिक मदद का ऐलान किया है। इस घटना की छानबीन कर रहे पुलिस अधिकारी ने बताया कि आज सोलापुर के पंढरपुर तहसील के रंजनी गांव के कुल 14 लोग टेंपो में सवार होकर म्हसवड में सिद्धनाथ मंदिर के दर्शन करने गए थे। सिद्धनाथ मंदिर के दर्शन कर अपने गांव लौटते समय श्रद्धालुओं का टेंपो तंडुवाड़ी के एक खेत में बने कुएं में गिर गया। इस घटना में आठ लोगों की मौत हो गई। जबकि छह लोगों को बचा लिया गया है।

### मप्र के मुरैना में ट्रेन की चपेट में आने से चार यात्रियों की मौत

**मुरैना।** मध्य प्रदेश के मुरैना जिले में रविवार शाम को हेतमपुर स्टेशन के पास ट्रेन की चपेट में आने से चार यात्रियों की मौत हो गई। आग लगने की अफवाह के बाद उदयपुर इंटरसिटी एक्सप्रेस से नीचे उतरे चार यात्री दूसरी ट्रेन की चपेट में आ गए। मरने वालों में तीन महिलाएं और एक बच्चा शामिल है। मुख्यमंत्री ने हादसे पर दुख व्यक्त किया है। रेलवे प्रबंधन के अनुसार, हादसा उत्तर मध्य रेलवे के झांसी मंडल के हेतमपुर-धौलपुर रेलखंड पर हुआ। गाड़ी संख्या 19665 खजुराहो-उदयपुर इंटरसिटी एक्सप्रेस रविवार शाम करीब शाम 4 बजे धौलपुर की ओर रवाना हुई थी। ट्रेन हेतमपुर और घेर रेलवे स्टेशन के बीच पहुंची थी, तभी कोच में अलार्म चेन पुलिंग की गई थी, जिसके कारण ट्रेन बीच सेक्शन में रुक गई।

# झारखंड के उत्पादों को मिला जीआई टैग, मिलेगी अंतरराष्ट्रीय पहचान

## भगैया सिल्क, कुचाई सिल्क, मुंडा ज्वेलरी और झारखंड बांस शिल्प भी शामिल

प्रातः नागपुरी संवाददाता

**रांची।** राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) के सतत प्रयासों एवं सहयोग से विकसित चार उत्पादों का भौगोलिक संकेतक (जीआई) पंजीकरण हुआ है। इनमें भगैया सिल्क, कुचाई सिल्क, मुंडा ज्वेलरी और झारखंड बांस शिल्प शामिल हैं। इसके अलावा सात और उत्पुादों को जीआई टैग मिला है। यह उपलब्धि राज्य की विशिष्ट पारंपरिक विरासत के संरक्षण, संवर्धन और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। भगैया सिल्क एवं कुचाई सिल्क को प्राप्त यह मान्यता झारखंड की समृद्ध रेशम परंपरा को राष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान प्रदान करेगी। स्थानीय ज्ञान, पारंपरिक तकनीकों एवं पीढ़ियों से हस्तांतरित कौशल पर आधारित ये उत्पाद राज्य की सांस्कृतिक विरासत के प्रतीक है। जीआई पंजीकरण से इनकी प्रामाणिकता सुरक्षित रहेगी। बाजार में पहचान मजबूत होगी। उत्पादको को बेहतर मूल्य प्राप्त करने में सहायता मिलेगी।

मुंडा ज्वेलरी को प्राप्त जीआई मान्यता मुंडा जनजाति की विशिष्ट कलात्मक परंपराओं और सांस्कृतिक विरासत को सम्मान प्रदान करती है। अपनी अनूठी डिजाइन, शिल्पकला एवं सांस्कृतिक महत्व के कारण यह आभूषण झारखंड



की जनजातीय पहचान का महत्वपूर्ण प्रतीक है। ञ्चा पंजीकरण इस पारंपरिक ज्ञान के संरक्षण के साथ-साथ जनजातीय कारीगरों के लिए आजीविका के नए अवसर भी सृजित करेगा। झारखंड बांस शिल्प को प्राप्त जीआई मान्यता उन ग्रामीण कारीगरों की रचनात्मकता और कौशल का सम्मान है, जो स्थानीय रूप से उपलब्ध बांस से उपयोगी एवं आकर्षक उत्पादों का निर्माण करते है। यह मान्यता बांस आधारित उद्यमिता को बढ़ावा देने, सतत आजीविका सृजन करने और राज्य के कारीगरों के लिए बेहतर बाजार अवसर उपलब्ध कराने में सहायक होगी।

### जीआई पंजीकरण युवा पीढ़ी को पारंपरिक शिल्पों के लिए करता है प्रोत्साहित

इस मामले में नाबार्ड की झारखंड क्षेत्रीय कार्यालय के मुख्यज महाप्रबंधक दीपमाला घोष ने कहा कि भगैया सिल्क, कुचाई सिल्क, मुंडा ज्वेलरी और झारखंड बांस शिल्प को प्राप्त जीआई मान्यता झारखंड के लिए गर्व का विषय है। ये उत्पाद राज्य की समृद्ध पारंपरिक ज्ञान प्रणाली, शिल्प कौशल और सांस्कृतिक विरासत का प्रतिनिधित्व करते हैं। श्रीमती घोष ने कहा कि जीआई पंजीकरण ऐसे उत्पादों की ना केवल पहचान और व्यावसायिक मूल्य प्रदान करता है, बल्कि युवा पीढ़ी को भी इन पारंपरिक शिल्पों को अपनाने के लिए प्रोत्साहित करता है। इससे इन अमूल्य परंपराओं का संरक्षण सुनिश्चित होता है। नाबार्ड प्रदर्शनियों, ग्रामीण हाटों, क्रेता-विक्रेता बैठकों, सरस मेलों और अन्य विपणन मंचों के माध्यम से इन उत्पादों के लिए बाजार उपलब्ध कराने की दिशा में लगातार कार्य कर रहा है। जीआई पंजीकरण से इन उत्पादों की बाजार में स्थिति और अधिक सुदृढ़ होगी।

# साझा मूल्यों और नवाचार ने भारत-फ्रांस संबंधों को दी नई ऊंचाई : पीएम मोदी

## पीएम मोदी बोले - भारत-फ्रांस साझेदारी नवाचार और प्रेरणा पर आधारित

एजेंसी

**नई दिल्ली।** फ्रांस के नीस शहर में आयोजित भारत इनोवेट्स कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत और फ्रांस की रणनीतिक साझेदारी को साझा दृष्टि, नवाचार और प्रेरणा पर आधारित बताया। उन्होंने कहा कि यह मंच भारत की प्रतिभा और यूरोपीय पूंजी के बीच सेतु का कार्य करेगा तथा भारतीय नवाचारों को वैश्विक मंच तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। प्रधानमंत्री मोदी ने भारत इनोवेट्स कार्यक्रम का फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के साथ संयुक्त रूप से उद्घाटन किया। कार्यक्रम से पहले प्रधानमंत्री ने प्रमुख निवेशकों और वेंचर कैपिटल प्रतिनिधियों से भी मुलाकात की। प्रधानमंत्री ने कहा कि दुनिया के देश व्यापार और रणनीतिक साझेदारियां करते हैं लेकिन कुछ संबंध केवल साझा हितों तक सीमित नहीं होते।



उन्होंने भारत और फ्रांस के संबंधों को ऐसे ही रिश्ते का उदाहरण बताया।

उन्होंने कहा कि यह साझा दृष्टि और आपसी विश्वास पर आधारित है। इस संबंध में जुड़ाव, दृढ़ विश्वास, नवाचार, प्रेरणा, साझा मूल्य और साझा दृष्टिकोण सभी शामिल हैं। इसी आधार पर दोनों देशों ने हाल के वर्षों में कई नई पहलों की शुरूआत की है।

उन्होंने कहा कि भारत इनोवेट्स उसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। यह मंच भारत की प्रतिभा और यूरोपीय पूंजी के बीच पुल का काम कर रहा है। इसके माध्यम से भारतीय युवाओं को यूरोपीय विशेषज्ञता से जुड़ने और अपने विचारों को आगे बढ़ाने का अवसर मिल रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि 21वीं सदी का भारत बड़े परिवर्तन के दौर से गुजर रहा है और देश में स्टार्टअप क्रांति देखने को मिल रही है। उन्होंने कहा कि भारत का युवा नया दृष्टिकोण लेकर मानवता की समस्याओं के समाधान खोज रहा है।

### पीएम मोदी का भारतीय समुदाय ने किया भव्य स्वागत

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी शनिवार रात फ्रांस के नीस शहर पहुंचे, जहां भारतीय समुदाय ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। स्वागत के



दौरान प्रधानमंत्री ने एक बच्चे को दुलार किया, जबकि कई महिलाओं ने स्नेह और सम्मान के प्रतीक के रूप में उनके हाथ को अपने माथे से लगाया। प्रधानमंत्री मोदी 13 से 18 जून तक फ्रांस और स्लोवाकिया की छह दिवसीय यात्रा पर हैं। प्रधानमंत्री बनने के बाद यह उनकी सातवीं फ्रांस यात्रा है। प्रधानमंत्री 16 और 17 जून को एवियान में आयोजित जी-7 शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे। इसके बाद 18 जून को पेरिस में राष्ट्रपति मैक्रों के साथ विवाटेक सम्मेलन में शामिल होंगे। जी-7 सम्मेलन के दौरान उनकी अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प से भी द्विपक्षीय मुलाकात होने की संभावना है।

# झारखंड के 33 फार्मेसी कॉलेजों की मान्यता रद्द

**नए नामांकन पर रोक, आधारभूत सुविधाओं और शिक्षकों की कमी पर स्वास्थ्य विभाग की कार्रवाई**

प्रातः नागपुरी संवाददाता



**रांची।** झारखंड सरकार के स्वास्थ्य विभाग ने राज्य के 33 फार्मेसी कॉलेजों का सहमति पत्र (लेटर ऑफ कंसेंट) रद्द कर दिया है। इस कार्रवाई के बाद इन संस्थानों में नए विद्यार्थियों का नामांकन नहीं हो सकेगा। विभागीय जांच में पाया गया कि कई कॉलेजों में आवश्यक भवन, प्रयोगशाला, उपकरण तथा योग्य शिक्षकों की कमी है। साथ ही फार्मेसी अधिनियम-1948 और भारतीय फामेर्सी परिषद के निर्धारित मानकों का पालन भी नहीं किया जा रहा था। स्वास्थ्य विभाग ने लगातार मिल रही शिकायतों के बाद तीन सदस्यीय जांच दल गठित कर संस्थानों की जांच कराई थी। जांच रिपोर्ट में गंभीर अनियमितताएं सामने आने के बाद यह कार्रवाई की गई।

सहमति पत्र रद्द होने के बाद संबंधित संस्थान नए नामांकन, पंजीकरण, परीक्षा संचालन अथवा अन्य शैक्षणिक गतिविधियों का संचालन नहीं कर सकेंगे। विभाग ने स्पष्ट किया है कि आदेश के बाद भी यदि कोई संस्थान ऐसी गतिविधियां संचालित करता है तो इसकी पूरी जिम्मेदारी संबंधित प्रबंधन की होगी। कार्रवाई की जद में आए प्रमुख संस्थानों में बजरा कॉलेज ऑफ फार्मेसी, आरोहन कॉलेज ऑफ फार्मेसी, अर्णव इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी, सिटी फार्मेसी कॉलेज, रॉयल प्रोफेशनल कॉलेज, पीतांबरा कॉलेज ऑफ फार्मेसी, विनायक कॉलेज ऑफ फार्मेसी, सावित्री कॉलेज ऑफ फार्मेसी, रंभा कॉलेज ऑफ फार्मेसी, सार्क स्कूल ऑफ फार्मेसी, ग्रिजली इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी, बुद्धा स्कूल ऑफ फार्मेसी तथा अन्य संस्थान शामिल हैं। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार शेष नौ संस्थानों की जांच रिपोर्ट भी जल्द सार्वजनिक की जा सकती है। विभाग की इस कार्रवाई को राज्य में फामेर्सी शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

# टीएमसी के बागी सांसदों ने की ओम बिरला से मुलाकात, संसद में अलग बैठने की मांग

एजेंसी

**नई दिल्ली।** अखिल भारतीय तृणमूल कांग्रेस में चल रहे घमासान के बीच रविवार को पार्टी के सभी बागी सांसदों ने रविवार को लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से उनके आवास पर मुलाकात की और एक पत्र सौंपकर सदन में अलग स्थान देने की मांग की। इसके साथ सभी बागी सांसदों ने नेशनलिस्ट सिटिजंस पार्टीमें विलय का फैसला किया है। लोकसभा अध्यक्ष से मुलाकात के बाद बागी तृणमूल कांग्रेस सांसद काकोली घोष दस्तीदार ने मीडिया को बताया कि अखिल भारतीय तृणमूल कांग्रेस से निर्वाचित 20 सांसदों ने अध्यक्ष को एक पत्र सौंपकर लोकसभा में अलग बैठने की



अनुमति मांगी है। काकोली घोष दस्तीदार ने कहा कि ये 20 सांसद पार्टी की कुल संसदीय ताकत के दो-तिहाई से अधिक हैं। उन्होंने कहा कि सभी सांसदों ने मिलकर नेशनलिस्ट सिटिजंस पार्टी में विलय का फैसला किया है। उन्होंने कहा, ²हम देशहित में काम करेंगे और आगे प्रधानमंत्री के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन एनडीए के साथ मिलकर सहयोग करेंगे। बागी सांसदों ने यह कदम दलबदल विरोधी कानून से बचने के लिए उठाया है।

# 12 वर्षों में 61 प्रतिशत बढ़ा राष्ट्रीय राजमार्ग नेटवर्क : केंद्र

एजेंसी

**नई दिल्ली।** देश में पिछले 12 वर्षों में अवसंरचना विकास और राष्ट्रीय राजमार्ग नेटवर्क के विस्तार में अभूतपूर्व बदलाव दर्ज किया गया है। साल 2014 में सड़क नेटवर्क लगभग 91,287 किलोमीटर था, जो वित्त वर्ष 2025-26 में 61 प्रतिशत बढ़कर 1,46,572 किलोमीटर से अधिक हो गया है। राष्ट्रीय राजमार्गों के इस तीव्र विस्तार और वैश्विक स्तर की अवसंरचना ने देश की आर्थिक प्रगति को गति दी है और माल ढुलाई लागत को कम किया है। केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने रविवार को बताया कि साल 2013-14 में सड़क निर्माण की औसत गति 11.6 किलोमीटर प्रति दिन थी, जो साल




2025 में बढ़कर करीब 34 किलोमीटर प्रति दिन पहुंच चुकी है। मंत्रालय ने बताया कि आईआईएम बैंगलोर के एक अध्ययन के अनुसार राष्ट्रीय राजमार्गों के विकास से कारखानों तक पहुंच आसान हुई है, जिससे परिवहन लागत में भारी कमी आई है। साथ ही, प्रमुख भारतमाला परियोजना के तहत 34,800 किलोमीटर राष्ट्रीय राजमार्ग गलियारा विकसित करने का लक्ष्य है, जिसमें से मार्च 2026 तक 22,590 किलोमीटर सड़कों का निर्माण पूरा किया जा चुका है। मंत्रालय के अनुसार, करीब 1,386 किलोमीटर लंबा दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे पूरा होने पर देश का सबसे लंबा नियंत्रित प्रवेश एक्सप्रेस-वे बन जाएगा।

प्रधानमंत्री मोदी ने हाल ही में 5 जून को इसके गुजरात खंड के किम-एना (36 किमी) और गंदेवा-एना (27.5 किमी) हिस्से का उद्घाटन किया है। इसके अलावा करीब 82 किलोमीटर लंबे दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेस-वे ने भी यात्रा समय को काफी घटाया है। दिल्ली के द्वारका एक्सप्रेस-वे के दिल्ली खंड का उद्घाटन अगस्त 2025 में और हरियाणा खंड का उद्घाटन मार्च 2024 में प्रधानमंत्री द्वारा किया गया था।

# झारखंड के महाधिवक्ता राजीव रंजन ने दिया इस्तीफा, रोहितश्य रॉय बने नए महाधिवक्ता

प्रातः नागपुरी संवाददाता

**रांची।** झारखंड सरकार के महाधिवक्ता राजीव रंजन ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने अपना त्यागपत्र राज्य के मुख्य सचिव को भेजा था। महाधिवक्ता कार्यालय से जुड़े सूत्रों ने भी उनके इस्तीफे की पुष्टि की है। देर शाम राज्य सरकार ने उनका इस्तीफा स्वीकार करते हुए वरिष्ठ अधिवक्ता रोहितश्य रॉय को झारखंड का नया महाधिवक्ता नियुक्त करने की अधिसूचना जारी कर दी।

राजीव रंजन झारखंड उच्च न्यायालय के वरिष्ठ अधिवक्ता हैं और उन्हें 7 फरवरी 2020 को हेमंत सोरेन सरकार ने महाधिवक्ता नियुक्त किया था। वह पिछले छह वर्षों से इस महत्वपूर्ण पद पर कार्यरत थे। हालांकि उनके इस्तीफे के कारणों



का आधिकारिक तौर पर खुलासा नहीं किया गया है। सूत्रों के अनुसार, वर्तमान सरकार के पहले कार्यकाल में उनकी नियुक्ति हुई थी, जबकि दूसरे कार्यकाल में महाधिवक्ता पद पर उनकी पुनर्नियुक्ति को लेकर अलग से कोई अधिसूचना जारी नहीं हुई थी। इसके बावजूद वे महाधिवक्ता के रूप में अपनी जिम्मेदारियां निभा रहे थे। राजनीतिक और प्रशासनिक गलियारों में उनके इस्तीफे को लेकर विभिन्न तरह की चर्चाएं चल रही हैं। यह भी कहा जा रहा है कि राजीव रंजन अब सर्वोच्च न्यायालय में सक्रिय वकालत पर ध्यान केंद्रित करेंगे।

# एसआईआर 2026 : गणना चरण में मतदाताओं से नहीं लिए जाएंगे दस्तावेज

**केवल भरा हुआ प्रपत्र और नवीनतम रंगीन फोटो देना होगा, 79.73 प्रतिशत मतदाताओं की मैपिंग पूरी**

प्रातः नागपुरी संवाददाता

**रांची।** झारखंड में चल रही विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर-2026) प्रक्रिया के तहत गणना चरण में मतदाताओं को किसी प्रकार का दस्तावेज जमा नहीं करना होगा। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार इस चरण में मतदाताओं को केवल भरा हुआ एवं हस्ताक्षरित गणना प्रपत्र तथा नवीनतम रंगीन फोटो उपलब्ध करानी है। निर्वाचन विभाग के अनुसार 14 जून 2026 तक राज्य के 2.64 करोड़ मतदाताओं में से 2.11 करोड़ यानी 79.73 प्रतिशत मतदाताओं की



स्वयं अथवा माता-पिता के साथ मैपिंग पूरी हो चुकी है। ऐसे मतदाताओं का नाम बिना किसी अतिरिक्त दस्तावेज के प्रारूप मतदाता सूची में प्रकाशित किया जाएगा।

जिन मतदाताओं की मैपिंग में त्रुटि या विसंगति है अथवा जिनकी मैपिंग अभी पूरी नहीं हुई है, उनसे भी गणना चरण में कोई दस्तावेज नहीं मांगा जाएगा। संबंधित निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी, सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी तथा बूथ स्तरीय अधिकारी उपलब्ध अभिलेखों एवं ऑनलाइन जानकारी के आधार पर विसंगतियों को दूर करने का प्रयास करेंगे। निर्वाचन विभाग ने स्पष्ट किया है कि केवल उन्हीं मतदाताओं को दस्तावेज जमा करने होंगे, जिन्हें 5 अगस्त से 3 अक्टूबर 2026 के बीच नोटिस एवं सत्यापन अवधि के दौरान निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी द्वारा नोटिस जारी किया जाएगा। ऐसे मामलों में जन्म तिथि और जन्म स्थान से संबंधित आवश्यक प्रमाण प्रस्तुत करने होंगे। गणना चरण के दौरान बूथ स्तरीय अधिकारी घर-घर जाकर पहले से भरे हुए व्यक्तिगत गणना प्रपत्र वितरित करेंगे तथा मतदाताओं से हस्ताक्षरित प्रपत्र और फोटो प्राप्त कर उनका डिजिटलीकरण करेंगे। इस प्रक्रिया में किसी अन्य दस्तावेज की आवश्यकता नहीं होगी।

### पहली बार मतदाता बनने के लिए प्रपत्र-6 करना होगा जमा

जो भारतीय नागरिक 1 अक्टूबर 2026 तक 18 वर्ष की आयु पूरी कर लेंगे और पहली बार मतदाता बनना चाहते हैं, उन्हें आवश्यक घोषणा-पत्र एवं दस्तावेजों के साथ नामांकन प्रपत्र-6 जमा करना होगा। यह आवेदन 30 जून से 29 जुलाई 2026 तक गणना चरण तथा 5 अगस्त से 4 सितंबर 2026 तक दावा एवं आपत्ति अवधि के दौरान जमा किया जा सकेगा। इसके अलावा, झारखंड के भीतर या अन्य राज्यों से झारखंड के किसी विधानसभा क्षेत्र में स्थानांतरित होने वाले पंजीकृत मतदाताओं को दावा एवं आपत्ति अवधि के दौरान प्रपत्र-8 जमा करना होगा। निर्धारित परिस्थितियों में आवश्यक दस्तावेज भी प्रस्तुत करने होंगे। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने कहा कि विशेष गहन पुनरीक्षण 2026 की प्रक्रिया को मतदाता हित में सरल, पारदर्शी और सुविधाजनक बनाया गया है, ताकि अधिकांश मतदाताओं को दस्तावेज जमा करने की आवश्यकता ही न पड़े।

### निर्वाचन आयोग के राष्ट्रीय सम्मेलन में झारखंड के 15 जिला मीडिया अधिकारी हुए शामिल

**रांची/नई दिल्ली।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा चुनाव संबंधी सूचनाओं के प्रभावी प्रसार तथा भ्रामक खबरों पर रोक लगाने के उद्देश्य से मीडिया एवं संचार अधिकारियों का राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित किया गया। एक दिवसीय इस सम्मेलन में देश के सभी राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों के मीडिया, सोशल मीडिया और जनसंपर्क अधिकारियों ने भाग लिया। झारखंड की ओर से मीडिया नोडल अधिकारी सह अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सुबोध कुमार के नेतृत्व में 16 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने सम्मेलन में हिस्सा लिया। प्रतिनिधिमंडल में राज्य स्तरीय अधिकारियों के साथ 15 जिलों के जिला जनसंपर्क पदाधिकारी भी शामिल थे। सम्मेलन में उन राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के जिला स्तरीय अधिकारियों को भी आमंत्रित किया गया था, जहां मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण का कार्य चल रहा है या निकट भविष्य में चुनाव प्रस्तावित हैं।

# देश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 12 साल रहा बेमिसाल : राज सिन्हा

प्रात: नागपुरी प्रतिनिधि




**रामगढ़।** देश में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार ने 12 वर्ष पूरे किए हैं। यह 12 वर्ष देश की जनता के लिए बेमिसाल साबित हुए हैं। ये बातें रविवार को रामगढ़ पहुंचे धनबाद के विधायक राज सिन्हा ने कही। सिन्हा ₹12 साल बेमिसाल₹ विषय पर प्रेस वार्ता में कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र की एनडीए सरकार ने पिछले 12 वर्षों में सुशासन, विकास, गरीब कल्याण, राष्ट्रीय सुरक्षा और भारत की वैश्विक प्रतिष्ठा को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने का कार्य किया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी लगातार 4399 दिनों से अधिक समय तक देश के निर्वाचित प्रधानमंत्री के रूप में सेवा देकर एक ऐतिहासिक कीर्तिमान स्थापित कर चुके हैं। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने गरीब कल्याण को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के माध्यम से करोड़ों लोगों को निःशुल्क राशन उपलब्ध कराया है। आयुष्मान भारत योजना के तहत गरीब परिवारों को पांच लाख रुपये तक की स्वास्थ्य सुरक्षा प्रदान की गई है। वहीं उज्वला योजना, मुद्रा योजना, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ और नारी शक्ति वंदन अधिनियम जैसे कदमों से महिलाओं को सशक्त एवं आत्मनिर्भर बनाने का कार्य किया गया है।राज सिन्हा ने कहा कि बीते 12 वर्षों में भारत ने आधारभूत संरचना, डिजिटल तकनीक, रेलवे, सड़क, हवाई संपर्क और संचार के क्षेत्र में अभूतपूर्व प्रगति की है। आज भारत दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत की वैश्विक प्रतिष्ठा लगातार बढ़ी है। जी-20 शिखर सम्मेलन के सफल आयोजन, अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की वैश्विक मान्यता तथा विश्व मंच पर भारत की मजबूत उपस्थिति इसका प्रमाण है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत-2047 का संकल्प केवल एक लक्ष्य नहीं, बल्कि 140 करोड़ देशवासियों का सामूहिक संकल्प है, जिसे मोदी सरकार जनभागीदारी के माध्यम से साकार करने के लिए प्रतिबद्ध है। प्रेस वार्ता में जिला महामंत्री जगेश्वर प्रजापति, जिला मंत्री शिव कुमार महतो, डॉ. संजय प्रसाद सिंह, रणंजय कुमार उर्फ कूंटू बाबू, जिला मीडिया प्रभारी राजीव पामदत्त, भीमसेन चौहान, मनोज गिरि, ब्रजेश पाठक, सत्यजीत सिंह, जगदीश शर्मा सहित भाजपा के अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# झामुमो के कार्यकर्ता सम्मेलन को लेकर बैठक आयोजित

प्रात: नागपुरी प्रतिनिधि



**खूंटी।** झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के जिला अध्यक्ष जुबैर अहमद की अध्यक्षता में 17 जून को आयोजित होने वाले कार्यकर्ता सम्मेलन की तैयारी को लेकर बैठक आयोजित की गई। बैठक में सम्मेलन की रूपरेखा, संगठन की मजबूती और कार्यकताओं की भूमिका पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में विशेष रूप से उपस्थित तोरपा विधायक सुदीप गुड़िया ने कार्यकताओं से संगठन की नीतियों और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को आम जनता तक पहुंचाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता ही संगठन की सबसे बड़ी ताकत हैं और उनकी सक्रिय भागीदारी से ही संगठन मजबूत होता है। साथ ही उन्होंने 17 जून को आयोजित सम्मेलन में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की। जिला अध्यक्ष जुबैर अहमद ने सभी प्रखंड, पंचायत और बूथ स्तर के कार्यकताओं को अपने-अपने क्षेत्रों में व्यापक जनसंपर्क अभियान चलाने और सम्मेलन में अधिकतम भागीदारी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि यह सम्मेलन संगठन को नई दिशा और नई ऊर्जा देगा और संगठनात्मक मजबूती की दिशा में महत्वपूर्ण साबित होगा।

## संक्षिप्त

### विश्व रक्तदाता दिवस पर प्रधान डाकघर रामगढ़ में रक्तदान शिविर

रामगढ़। विश्व रक्तदाता दिवस पर रविवार को प्रधान डाकघर रामगढ़ कैंट परिसर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का आयोजन सदर अस्पताल रामगढ़ के सहयोग से किया गया, जिसमें डाक विभाग के अधिकारियों, कर्मचारियों एवं आम लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर रक्तदान किया। कार्यक्रम के दौरान पोस्टमास्टर मो. जशीम खान एवं मार्केटिंग एग्जीक्यूटिव रविशंकर राय ने सदर अस्पताल से आई चिकित्सक डॉ. डौली किस्पोटा और उनकी टीम का स्वागत करते हुए शिविर में सहभागिता के लिए आभार व्यक्त किया। शिविर का शुभारंभ पोस्टमास्टर मो. जशीम खान ने रक्तदान कर किया। उन्होंने कहा कि राष्ट्रहित और मानवहित में प्रत्येक स्वस्थ व्यक्ति को रक्तदान करना चाहिए। वहीं मार्केटिंग एग्जीक्यूटिव रविशंकर राय ने रक्तदाताओं को नमन करते हुए कहा कि रक्तदान मानव सेवा के साथ-साथ राष्ट्रहित का भी महत्वपूर्ण कार्य है। इस अवसर पर डॉ. डौली किस्पोटा ने लोगों को रक्तदान के प्रति जागरूक करते हुए बताया कि रक्तदान से शरीर को कोई नुकसान नहीं होता है और स्वस्थ व्यक्ति स्वेच्छा से रक्तदान कर दूसरों का जीवन बचा सकता है। उन्होंने कहा कि नियमित रक्तदान से हृदयाघात (हार्ट अटैक) का खतरा भी कम हो सकता है।

### जिला कांग्रेस की विस्तारित कार्यकारिणी बैठक में संगठन सशक्तिकरण पर जोर

रामगढ़। रामगढ़ शहर स्थित होटल ला मेरिटल में जिला कांग्रेस कमिटी की विस्तारित जिला कार्यकारिणी समिति की महत्वपूर्ण बैठक जिलाध्यक्ष सह विधायक ममता देवी की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में हजारीबाग लोकसभा प्रभारी विधायक राजेश कच्छप, राष्ट्रीय सचिव अंबा प्रसाद, कार्यकारी अध्यक्ष शहजाद अनवर, जिला प्रभारी शिव कुमार भगत, राजीव रंजन, नवीन कुमार, रेणु कुमारी, नगर परिषद अध्यक्ष कुसुमता मुंडा एवं उपाध्यक्ष रणधीर गुप्ता सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे। बैठक में संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत बनाने, आगामी राजनीतिक एवं जनसरोकार से जुड़े कार्यक्रमों की रणनीति तैयार करने, पार्टी की नीतियों को आम जनता तक पहुंचाने और कार्यकताओं की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने पर विस्तार से चर्चा की गई।

# श्रावणी मेला को लेकर बाबा आम्रेश्वर धाम प्रबंध समिति की बैठक

प्रात: नागपुरी प्रतिनिधि



**खूंटी।** खूंटी जिले के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल बाबा आम्रेश्वर धाम कार्यालय के सभागार में रविवार को बाबा आम्रेश्वर धाम प्रबंध समिति की बैठक समिति के अध्यक्ष लाल ज्ञानेंद्र नाथ शाहदेव की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में धाम परिसर में वर्षभर मनाए जाने वाले विभिन्न धार्मिक एवं राष्ट्रीय पर्वों के आयोजन तथा श्रद्धालुओं की सुविधाओं को लेकर कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। बैठक में निर्णय लिया गया कि भारतीय नववर्ष को धाम परिसर में भव्य रूप से मनाया जाएगा। इसके अलावा महाशिवरात्रि के अवसर पर विशेष अनुष्ठान, पूजा-अर्चना एवं मंदिर प्रांगण की आकर्षक सजावट की जाएगी। वहीं रामनवमी और दुर्गा पूजा जैसे प्रमुख पर्वों में समिति के सभी सदस्यों की उपस्थिति अनिवार्य रहेगी। साथ ही स्वतंत्रता दिवस एवं गणतंत्र दिवस को भी समिति के सभी सदस्यों के साथ मिलकर उत्साहपूर्वक मनाने का निर्णय लिया गया। बैठक में विशेष रूप से श्रावण माह के दौरान बाबा आम्रेश्वर धाम में जलाभिषेक के लिए आने वाले लाखों श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा एवं व्यवस्था की समीक्षा की गई। श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए तथा श्रावणी मेले के सफल संचालन के लिए कार्यक्रम संचालन समिति एवं विभिन्न उपसमितियों का गठन किया गया। इसके तहत मंदिर प्रभारी, पूजा प्रभारी, मेला प्रभारी, सफाई एवं विद्युत प्रभारी, निगरानी समिति सहित अन्य आवश्यक समितियों का गठन किया गया, जो श्रावण मास के दौरान व्यवस्थाओं की निगरानी और संचालन करेंगी। बैठक में उपाध्यक्ष रमेश मांझी, उपेंद्र कश्यप, दानियाल भगत, प्रेमचंद महतो, जगदीश नाग, सह-कोषाध्यक्ष श्रीपाल जैन, महामंत्री मनोज कुमार, कोषाध्यक्ष संतोष पोद्दार, मंत्री कैलाश भगत, महेंद्र कश्यप, अंकेक्षक जगदीश मिश्रा सहित प्रबंध समिति के सभी पदाधिकारी एवं कार्यकारिणी सदस्य उपस्थित थे। समिति अध्यक्ष लाल ज्ञानेंद्र नाथ शाहदेव ने कहा कि बाबा आम्रेश्वर धाम झारखंड की आस्था का प्रमुख केंद्र है और श्रावण मास में आने वाले श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना समिति की प्राथमिकता है। इसके लिए सभी सदस्यों को सौंपे गए दायित्वों का जिम्मेदारीपूर्वक निर्वहन करने का आह्वान किया गया।

## इटकी में इसलाहुल इराकीन कमिटि के चुनाव में नौ उम्मीदवारों ने कसा कमर




**इटकी।** इटकी में इसलाहुल इराकीन /कलाल कमिटि का चुनाव को लेकर गहमा गहमी तेज हो गई है। कमिटि का चुनाव आगामी 28 जून को होगी। चुनाव कमिटि ने विभिन्न पदों के उम्मीदवारों के लिए नॉमिनेशन का तिथि 1 से 11 जून तक रखा था। चुनाव मैदान में नौ उम्मीदवार डटे है। सदर के लिए 3 और नायब सदर के लिए 2 , सेकेटरी 2, और नायब सदर के लिए 2 उम्मीदवारों ने अपना नामांकन पर्चा दाखिल किया है। रविवार को चुनाव कमिटि ने स्क्रुटनी के बाद शाम तक उम्मीदवारों को नाम वापसी का समय निर्धारित किया था। किन्तु किसी उम्मीदवारों ने अपना नाम वापस नही लिया है। चुनाव कमिटि 15 जून को सिंबल उम्मीदवारों को निर्गत करेगा। इसके बाद 28 जून को कमिटि मैरेज हॉल में बैलेट पेपर के द्वारा चुनाव सुबह आठ बजे से शाम पांच बजे तक चलेगी। चुनाव कमिटि ने जानकारी दी कि 28 जून को ही मतगणना के बाद रात नौ बजे तक रिजल्ट का घोषणा किया जायेगा। चुनाव को लेकर कमिटि द्वारा व्यापक रूप से तैयारी की जा रही है। इधर उम्मीदवारों के बीच अपनी जीत सुनिश्चित करने के होड़ मची है। उम्मीदवार इराकीन जाति विरादरी से संम्पर्क साधने के लिए जोर अजमाईस लगा रखे है। इटकी इसलाहुल इराकीन कमिटि चुनाव के ये है उम्मीदवार सदर पद के लिए हाजी इम्तियाज, अकील अहमद, शाहनवाज उर्फ.मिस्टर,सेक्रेटरी पद के लिए अब्दुल्ला सर्फ,हाजी मोइनुद्दीन,नायब सदर पद के लिए परवेज आलम, मो इम्बेशात नायब सेक्रेटरी पद के लिए मो साजिद बैट्री, मो शाहिद जावेद उर्फ.कैप्टन शामिल है।

## वरिष्ठ पत्रकार प्रवीण केशरी का निधन, आज होगा अंतिम संस्कार



**पिठोरिया।** वरिष्ठ पत्रकार प्रवीण केशरी (58 वर्ष, पिता स्वर्गीय अयोध्या प्रसाद केशरी) का निधन रविवार को हो गया। वे पिठोरिया के रहने वाले थे। बीते लगभग एक वर्ष से किडनी के गंभीर बीमारी से जूझ रहे थे। इनका इलाज रांची के ही एक निजी अस्पताल मे किया जा रहा था। परिजनों के अनुसार रविवार को भी उन्हें डायलिसिस के लिए अस्पताल ले जाया गया था, जहां इन्होने अंतिम सांस ली। उनका अंतिम संस्कार सोमवार को सुबह 10 बजे पिठोरिया मुक्ति धाम मे किया जाएगा। प्रवीण केशरी लगभग 30 वर्षो से भी अधिक समय से पत्रकारिता के क्षेत्र में सक्रिय थे। इस दौरान झारखंड के विभिन्न प्रतिष्ठित दैनिक अखबारों में उन्होंने अपना योगदान दिया। झारखंड रत्न स्वर्गीय डॉ बी.पी केशरी के प्रवीण केशरी भतीजा थे। उनके निधन से पत्रकारिता क्षेत्र और समाज में शोक की लहर है। अपने पीछे पत्नी और दो पुत्र छोड़ गए हैं। उनके निधन पर कांके-पिठोरिया के पत्रकार संघ के सभी सदस्य, पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय, कांके विधायक सुरेश बैठा, पूर्व विधायक समरीलाल, प्रमुख सोमनाथ मुंडा, उप प्रमुख अंजय बैठा, जिप सदस्य हिना परवीन, आजसू नेता हकीम अंसारी, कांग्रेस नेता ऐनुल हक अंसारी, पिठोरिया दुर्गा पूजा समिति के अनिल केशरी, पंचस श्रवण गोप, मुखिया मुन्नी देवी, मजीद अंसारी, जमील अख्तर सहित उनके जानने वालों ने गहरा शोक व्यक्त किया है।

# अवैध खदान हादसे के लिए डीसी, एसपी और सीसीएल प्रबंधन जिम्मेदार : बाबूलाल मरांडी

**रामगढ़ पहुंचे नेता प्रतिपक्ष ने मृतकों के परिजनों से की मुलाकात**

प्रात: नागपुरी प्रतिनिधि



**रामगढ़।** रामगढ़ जिले के सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड (सीसीएल) के अरगड्डा प्रक्षेत्र में अवैध कोयला खदान (चाल) में दम घुटने से चार युवकों की मौत के मामले ने अब राजनीतिक रूप ले लिया है। झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने इस दर्दनाक घटना के लिए जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन और सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड (सीसीएल) प्रबंधन को सीधे तौर पर जिम्मेदार ठहराया है। उन्होंने कहा कि यदि अवैध खनन पर समय रहते प्रभावी कार्रवाई की गई होती और राहत-बचाव कार्य में तत्परता दिखाई गई होती तो चार युवाओं की जान बचाई जा सकती थी। रविवार को बाबूलाल मरांडी रामगढ़ पहुंचे और हादसे में जान गंवाने वाले युवकों के परिजनों से मुलाकात कर उन्हें सांत्वना दी। इस दौरान उन्होंने पीड़ित परिवारों के दुख में सहभागी होते हुए कहा कि यह केवल एक दुर्घटना नहीं, बल्कि प्रशासनिक लापरवाही और व्यवस्था की विफलता का परिणाम है। उन्होंने कहा कि अरगड्डा प्रक्षेत्र के बुमरी पंचायत अंतर्गत चपरी बस्ती स्थित काजू बागान जंगल में संचालित अवैध खदान में हुई यह घटना कई गंभीर सवाल खड़े करती है। मरांडी ने कहा कि मृतकों में किशोर रवानी, आशीष रजवार, देवा कुमार बेदिया और डब्बू बेदिया शामिल हैं।

# रालीबेड़ा में पेयजल संकट पर उपायुक्त का त्वरित एक्शन

**युद्ध स्तर पर मरम्मत कर बहाल हुई जलापूर्ति**

प्रात: नागपुरी प्रतिनिधि

**रामगढ़।** गोला प्रखंड की लुकैया पंचायत अंतर्गत रालीबेड़ा गांव में पेयजल संकट की सूचना विभिन्न माध्यमों से प्राप्त होने के बाद उपायुक्त श्री ऋतुराज ने मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए। उपायुक्त के निर्देश पर संबंधित विभाग के अधिकारियों एवं तकनीकी टीम ने मौके पर पहुंचकर युद्ध स्तर पर मरम्मत कार्य कर खराब पड़ी जलापूर्ति व्यवस्था को पुनः सुचारू कर दिया। मरम्मत कार्य के दौरान पंचायत सचिव, मुखिया एवं कनीय अभियंता की देखरेख में तकनीकी खामियों को दूर किया गया, जिससे चापाकल आधारित जलापूर्ति व्यवस्था फिर से चालू हो सकी। साथ ही ग्रामीणों को तत्काल राहत प्रदान करने के लिए जिला प्रशासन द्वारा क्षेत्र में पेयजल टैंकर की भी व्यवस्था की गई, ताकि स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता बनी रहे।

# सेंट्रल मोहर्रम कमेटी की रस्म-ए-पगड़ी 27 को

प्रात: नागपुरी संवाददाता



**पिठोरिया।** सेंट्रल मोहर्रम कमेटी पिठोरिया की बैठक सदर सुभान अंसारी की अध्यक्षता में पिठोरिया चौक स्थित ईदगाह में रविवार को हुई। बैठक में पिठोरिया क्षेत्र के दर्जनों गांव के अखाड़ों के खलीफा और अंजुमन कमेटी के पदधारी मौजूद हुए। इसमें निर्णय लिया गया कि 27 जून को रस्म-ए-पगड़ी का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर क्षेत्र के तमाम सदर व सेक्रेटरी, अखाड़ा के खलीफाओं, समाजसेवियों और जनप्रतिनिधियों को पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया जाएगा। कमेटी ने निर्णय लिया कि मोहर्रम-2026 का जुलूस 28 जून को बड़े ही धूमधाम और आपसी सौहार्द पूर्ण तरीके से निकाला जाएगा। सेंट्रल मोहर्रम कमेटी की तरफ से क्षेत्र के तमाम अखाड़े के खलीफा से अपील की गई है कि उस दिन 3 बजे तक मोहर्रम मैदान, पिठोरिया में जुलूस लेकर पहुंच जाएंगे, ताकि समय से प्राइज वितरण कार्यक्रम किया जा सके। कमेटी ने कड़ी हिदायत देते हुए कहा है कि जुलूस में कोई भी नशा करके शामिल नहीं होगा। असामाजिक तत्वों पर नजर रखी जाएगी, जो भी सौहार्द बिगाड़ने की कोशिश करेगा उसे तत्काल चिन्हित कर प्रशासन को सौंपा जाएग। जुलूस की निगरानी के लिए कमेटी की तरफ से वालंटियर भी नियुक्त किए जाएंगे। बैठक में सेंट्रल मोहर्रम कमेटी पिठोरिया के सदर सुभान अंसारी, सेक्रेटरी आफताब अंसारी, खजांची मिराज आलम, अंजुमन सदर पिठोरिया के सज्जाद खलीफा, सेक्रेटरी फिरोज आलम, खजांची आसिफ आलम, जमील अख्तर, सरपरस्त साहबान अंसारी, हफिज अंसारी, सरवर खान, खुर्शीद खलीफा, अफरोज अंसारी, आरिफ आलम, वसीम खलीफा, इकबाल अंसारी, असगर, अबरार खलीफा, पिरुटोला के सदर मतिउर रहमान, सरपरस्त ऐनल हक अंसारी, अखाड़ा अध्यक्ष साजिद हजाम, मुख्तार आलम, इरशाद अंसारी, सोहराब अंसारी, निजाम अंसारी, जावेद अंसारी, हातिम अंसारी, हसीब अंसारी, जफरुद्दीन अंसारी, हदीस अंसारी, जाकिर अंसारी सहित अन्यस मौजूद थे।

## झारखंड कांग्रेस प्रदेश सचिव बनने पर अइनुल हक अंसारी का सम्मान



**पिठोरिया।** कांके अंजुमन सेंट्रल इस्लामिया ने अइनुल हक अंसारी को झारखंड कांग्रेस प्रदेश सचिव मनोनीत किए जाने पर रविवार को सम्मानित किया। कमेटी के पदधारियों ने बुके और शॉल भेंट कर उन्हें सम्मानित किया। इस अवसर पर कांके सेंट्रल अंजुमन इस्लामिया के सदर अब्दुल रहमान और सेक्रेटरी इरफान अंसारी, मोहम्मद खुर्शीद आलम, मोहम्मद शरीफ अंसारी, मोहम्मद चांद, हाजी सलाउद्दीन अंसारी, मेहंदी हसन, सलामत अंसारी, मुफ्ती अफरोज आलम, नूर आलम, नुरुल हुदा, तनवीर आलम व मास्टर रशीद समेत कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। सभी ने अइनुल हक अंसारी को नई जिम्मेदारी के लिए बधाई दी।

# विश्व रक्तदाता दिवस पर 10 लोगों ने किया रक्तदान

प्रात: नागपुरी प्रतिनिधि




**खूंटी।** विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर खूंटी नगर पंचायत के वार्ड संख्या-4 अंतर्गत दतिया ग्राम में रविवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ वार्ड पार्षद हेमंती कुमारी और सदर अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ आनंद किशोर उरांव ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर डॉ आनंद किशोर उरांव ने कहा कि विश्व रक्तदाता दिवस हमें मानवता की सेवा और स्वैच्छिक रक्तदान के महत्व का संदेश देता है। उन्होंने बताया कि देश में प्रतिवर्ष औसतन 1.4 करोड़ यूनिट रक्त की आवश्यकता होती है, जबकि खूंटी जिले में प्रत्येक माह लगभग 450 यूनिट रक्त की जरूरत पड़ती है। यह रक्त थैलेसीमिया और सिकल सेल से पीड़ित मरीजों, गर्भवती महिलाओं एवं सड़क दुर्घटनाओं के शिकार लोगों के उपचार में जीवनरक्षक साबित होता है। उन्होंने वार्ड पार्षद हेमंती कुमारी की इस प्रेरणादायक पहल की सराहना करते हुए कहा कि समाज के सभी संगठनों को इसी प्रकार रक्तदान के लिए आगे आना चाहिए, ताकि जिले के लोगों को रक्त की आवश्यकता पड़ने पर बाहर का रुख न करना पड़े। उन्होंने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि रक्तदान महादान है। इससे शरीर में किसी प्रकार की कमजोरी नहीं आती और एक यूनिट रक्तदान से तीन लोगों को नया जीवन मिल सकता है। वार्ड पार्षद हेमंती कुमारी ने कहा कि दतिया ग्राम संगठन सामाजिक दायित्वों का निर्वहन करते हुए समय-समय पर जनकल्याणकारी कार्यक्रमों का आयोजन करता रहा है। भविष्य में भी जरूरतमंदों की सहायता के उद्देश्य से रक्तदान शिविर आयोजित किए जाते रहेंगे। समाजसेवी और अधिवक्ता केदार महतो ने कहा कि ग्राम संगठन की ओर खूंटी रक्त केंद्र के सहयोग से नियमित रूप से रक्तदान शिविर आयोजित किए जाएंगे, ताकि विशेष रूप से थैलेसीमिया पीड़ित मरीजों को समय पर रक्त उपलब्ध हो सके। उन्होंने युवाओं को रक्तदान के लिए प्रेरित किया और स्वयं सबसे पहले रक्तदान कर सकारात्मक संदेश दिया। काउंसलर निशांत झा ने रक्तदान के लाभों की जानकारी देते हुए युवाओं को स्वैच्छिक रक्तदान के लिए उचित परामर्श दिया।

# संत भाषा, जाति, संप्रदाय का भेद नहीं मानते : स्वामी प्रमोद

प्रात: नागपुरी प्रतिनिधि



**खूंटी।** महर्षि मेंही आश्रम मलियादा मुरहू में रविवार को विशेष सत्संग का आयोजन किया गया। कुप्पाघाट भागलपुर आश्रम के स्वामी प्रमोद जी महाराज ने कहा कि संत समाज को जोड़ने का काम करते हैं, सभी को साथ चलने और मानव के उत्थान की बातें बताते हैं। उन्होंने कहा कि सत्संग सभी मानव जाति के जीवन में सुधार लाता है। हम सभी एक ही परमात्मा के संतान है, संत भाषा, जाति संप्रदाय का भेद नहीं मानते, सबको परमात्मा से जोड़ते हैं। सुखी जीवन का रहस्य बताते हैं। सत्संग करने से स्थल पवित्र हो जाता है और नकारात्मकता समाप्त हो जाती है। स्वामी डा निर्मलानंदजी महाराज ने कहा कि ईश्वर सर्वव्यापी है। मनुष्य का मन पावरहाउस है, सत्संग से विवेक जागृत होता है, जिसका सदुपयोग करना अपने हाथ में है। नशा और हिंसा से हमेशा बचना चाहिए। सद्कर्म से ही सुख-समृद्धि आती है। स्वामी लक्ष्मण जी महाराज, स्वामी नरेंद्रानंद जी महाराज, स्वामी सत्यानंद, स्वामी अखिलेश बाबा, स्वामी लाहिरी बाबा ने भी कहा कि सत्संग का एक पल भी जीवन को सुधार देता है। सबने कई दृष्टांतों से जीवन में सत्संग की उपादेयता को समझाया। इस अवसर पर भंडारे का भी आयोजन किया था। मौके पर डॉ डीएन तिवारी, संजय सत्संगी , मूचीराय मुंडा,मंगल मुंडा,देवमन पुर्ति, विष्णु मुंडा, सूरजमल प्रसाद, जगन्नाथ मुंडा, बीरु कुमार, रामहरि साव, कांडे मुंडा, सनिका मुंडा, सुरेश पंडित, सगुन दास , सुनील रजक, संतोष गुप्ता, सूरजलाल सहित काफी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।

# रांची-टाटा मार्ग को मिलेगी नई रफ्तार, परियोजना को मिली मंजूरी

**लगभग 127 किलोमीटर लंबी और 214.79 करोड़ की ओवरले परियोजना**

प्रातः नागपुरी संवाददाता



**रांची।** झारखंड के सबसे महत्वपूर्ण राष्ट्रीय राजमार्गों में से एक रांची-जमशेदपुर (टाटा) खंड, राष्ट्रीय राजमार्ग-33 (नया एनएच-43 एवं एनएच-18) के सुदृढ़ीकरण एवं पुनर्विकास के लिए लगभग 126.497 किलोमीटर लंबी और 214.79 करोड़ की ओवरले परियोजना को स्वीकृति प्रदान की गई है। इस महत्वपूर्ण परियोजना के पूर्ण होने से रांची और जमशेदपुर के बीच यात्रा अधिक सुगम, सुरक्षित एवं आरामदायक होगी। रांची-महुलिया खंड राज्य की राजधानी रांची को औद्योगिक नगरी जमशेदपुर से जोड़ने वाला प्रमुख परिवहन गलियारा है। इस मार्ग पर प्रतिदिन भारी वाणिज्यिक वाहनों, यात्री बसों, खनिज परिवहन वाहनों और स्थानीय यातायात का व्यापक आवागमन होता है। लगातार भारी यातायात, मानसून के दौरान जल प्रवेश और सड़क की बढ़ती आयु के कारण कई स्थानों पर सड़क की सतह क्षतिग्रस्त हो गई है, जिससे यात्रा प्रभावित हो रही है। प्रस्तावित कार्य के अंतर्गत क्षतिग्रस्त बिटुमिनस सतह की मिलिंग कर उसे हटाया जाएगा। आवश्यक सुदृढ़ीकरण के उपरांत डेंस बिटुमिनस मैकाडम एवं बिटुमिनस कंक्रीट की नई परत बिछाई जाएगी। इससे सड़क की संरचनात्मक क्षमता बढ़ेगी। यात्रा समय में कमी आएगी। सड़क सुरक्षा में उल्लेखनीय सुधार होगा। यह परियोजना खनिजों, औद्योगिक उत्पादों और अंतर्राज्यीय यातायात के दृष्टिकोण से भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। रांची-टाटा कॉरिडोर झारखंड को ओडिशा एवं पश्चिम बंगाल से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। परियोजना के पूर्ण होने के बाद इस मार्ग पर यातायात संचालन और अधिक सुगम एवं निर्बाध हो सकेगा। मथुरा स्थित मेसर्स एसआरएससी इंफ्रा प्राइवेट लिमिटेड को इस कार्य के लिए दो पैकेजों में 214.79 करोड़ की लागत से कार्य आवंटित किया गया है। निर्माण कार्य भारतीय सड़क कांग्रेस के मानकों, स्वीकृत तकनीकी विनिर्देशों एवं गुणवत्ता नियंत्रण प्रक्रियाओं के अनुरूप किया जाएगा। इस महत्वपूर्ण परियोजना को रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ के सतत प्रयासों एवं पहल के परिणामस्वरूप स्वीकृति प्राप्त हुई है। श्री सेठ ने रांची-टाटा मार्ग की जर्जर स्थिति को देखते हुए इसके सुदृढ़ीकरण की आवश्यकता को लगातार संबंधित मंत्रालय एवं विभागों के समक्ष उठाया था। परियोजना का भूमि पूजन कार्यक्रम 18 जून को आयोजित किया जाएगा। इसके बाद कार्य प्रारंभ कर निर्धारित समय सीमा के भीतर पूर्ण करने का लक्ष्य रखा गया है। यह परियोजना झारखंड के आधारभूत ढांचे को मजबूती प्रदान करने के साथ-साथ क्षेत्रीय आर्थिक गतिविधियों, औद्योगिक विकास एवं यातायात सुविधा को नई गति प्रदान करेगी।

# सिलीगुड़ी : योगासन प्रतियोगिता में रांची के जगदीश बने चैम्पियन ऑफ चैम्पियन के रनरअप

प्रातः नागपुरी संवाददाता



**रांची।** सिलीगुड़ी के होटल बरसाना में यूनाइटेड कौंसिल ऑफ मार्शल आर्ट्स योगा एंड पोल स्पोर्ट्स फेडरेशन के द्वारा आयोजित दो दिवसीय नेशनल योगासन प्रतियोगिता में रांची के जगदीश सिंह को चैम्पियन ऑफ चैम्पियन के रनर अप पुरस्कार से सम्मानित किया गया। उन्हें उनके ग्रुप का गोल्ड मेडल भी मिला। उन्होंने इसका श्रेय अपनी कोच मैडम और डिवाइन योगा अकादमी की डायरेक्टर डॉ परिणीता सिंह को दिया। कहा कि कोच मैडम के टिप्स के कारण उन्हें ये सफलता मिली। जगदीश ने बताया कि कोच मैडम ने स्थिर होकर आसान करने की सलाह दी थी, जिस कारण ये उपलब्धि हासिल हुई। उन्होंने कहा ये उनका अभी तक का पहला इतना बड़ा अवार्ड है। जगदीश सिंह, डिवाइन योगा अकादमी के तीन सदस्यीय टीम के साथ उक्त प्रतियोगिता में शामिल हुए थे। टीम में शत्रुघन कुमार, प्रदीप कुंभकार, नकुल कुमार शामिल थे। इसमें जगदीश सिंह को गोल्ड, शत्रुघन कुमार को रजत, प्रदीप कुंभकार और नकुल कुमार को कास्य पदक प्राप्त हुआ। इस तरह डिवाइन योगा अकादमी, झारखंड को एक स्वर्ण, एक रजत और दो ब्रॉन्ज प्राप्त हुए। फेडरेशन के इंद्ररूप रॉय चौधरी ने बताया कि प्रतियोगिता में 900 से ज्यादा प्रतिभागियों ने भाग लिया जो देश के विभिन्न राज्यों से आए थे।

## संक्षिप्त

### जगन्नाथपुर मंदिर के पीछे पुल के नीचे युवक का शव बरामद

**रांची।** राजधानी रांची के धुर्वा थाना क्षेत्र स्थित जगन्नाथपुर मंदिर के पीछे एक पुल के नीचे से पुलिस ने रविवार सुबह एक युवक का शव बरामद किया है। मृतक की पहचान मनोरंजन सिंह के रूप में हुई है। वह धुर्वा पानी टंकी स्थित महावीर मंदिर के समीप का निवासी बताया जा रहा है। पुलिस के अनुसार, सुबह टहलने निकले स्थानीय लोगों की नजर पुल के नीचे अचेत अवस्था में पड़े एक व्यक्ति पर पड़ी। लोगों ने पास जाकर देखा तो उसकी मौत हो चुकी थी। घटना की सूचना मिलते ही आसपास के लोगों की भीड़ मौके पर जुट गई। इसके बाद स्थानीय लोगों ने तत्काल धुर्वा थाना पुलिस को मामले की जानकारी दी। सूचना मिलने पर धुर्वा थाना पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और मामले की छानबीन शुरू की। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया। घटनास्थल का निरीक्षण करने के दौरान पुलिस को वहां से शराब की एक खाली बोतल भी मिली है, जिसे जांच के लिए जब्त कर लिया गया है। पुलिस प्रारंभिक तौर पर युवक की मौत के कारणों का पता लगाने में जुटी हुई है। हालांकि मौत किन परिस्थितियों में हुई, यह अभी स्पष्ट नहीं हो सका है।

### रिम्स के पास तालाब से अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद

**रांची।** राजधानी रांची के सदर थाना क्षेत्र स्थित राजेंद्र आयुर्विज्ञान संस्थान (रिम्स) के समीप एक तालाब से रविवार को अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद हुआ है। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने स्थानीय लोगों की सहायता से शव को तालाब से बाहर निकलवाया और मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, रिम्स ट्रामा सेंटर के पास स्थित तालाब में एक शव पड़े होने की सूचना स्थानीय लोगों ने सदर थाना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई करते हुए शव को कब्जे में लिया। पुलिस ने आसपास मौजूद लोगों से मृतक की पहचान कराने का प्रयास किया, लेकिन किसी ने भी शव की शिनाख्त नहीं की। प्रारंभिक आशंका है कि व्यक्ति की मौत तालाब में डूबने से हुई हो सकती है। हालांकि, पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का स्पष्ट पता चल पायेगा।

# शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुई झारखंड पात्रता परीक्षा, करीब तीन हजार अभ्यर्थी हुए शामिल

प्रातः नागपुरी संवाददाता



**रांची।** झारखंड लोक सेवा आयोग (जेपीएससी) की ओर से आयोजित झारखंड पात्रता परीक्षा-2024 रविवार को राजधानी रांची के पांच परीक्षा केंद्रों पर शांतिपूर्ण और कदाचारमुक्त वातावरण में संपन्न हुई। परीक्षा में करीब तीन हजार अभ्यर्थियों ने भाग लिया। परीक्षा का आयोजन सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक किया गया।

परीक्षा के सफल संचालन को लेकर जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क रहा तथा सभी केंद्रों पर व्यापक सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की गई थी। परीक्षा को सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए रांची जिला प्रशासन ने पूर्व से ही विशेष तैयारियां की थीं। विधि-व्यवस्था बनाए रखने और किसी भी प्रकार की अवांछित गतिविधि पर रोक लगाने के उद्देश्य से सदर अनुमंडल पदाधिकारी (एसडीओ) कुमार रजत ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) की धारा-163 के तहत सभी परीक्षा केंद्रों के 200 मीटर के दायरे में निषेधाज्ञा लागू की थी। यह आदेश रविवार सुबह 7 बजे से शाम 4 बजे तक प्रभावी रहा। निषेधाज्ञा के तहत परीक्षा केंद्रों के आसपास पांच या उससे अधिक व्यक्तियों के एकत्र होने, किसी प्रकार की सभा, प्रदर्शन या बैठक आयोजित करने, ध्वनि विस्तारक यंत्रों के उपयोग तथा हथियार लेकर चलने पर प्रतिबंध लगाया गया था। प्रशासन का उद्देश्य परीक्षा को पूरी तरह पारदर्शी और कदाचारमुक्त वातावरण में संपन्न कराना था। रांची में परीक्षा के लिए पांच केंद्र निर्धारित किए गए थे। इनमें सेंट पॉल्स कॉलेज (चर्च रोड), सेंट जॉन्स हाई स्कूल (करबला टैंक रोड), रामटहल चौधरी हाई स्कूल (हिंदी माध्यम, बुटी), सेंट मार्गरिट्स गर्ल्स हाई स्कूल (बहू बाजार) तथा सेंट एन्स इंटरमीडिएट कॉलेज (पुरुलिया रोड) शामिल थे। परीक्षा शुरू होने से पहले सभी केंद्रों के बाहर अभ्यर्थियों की लंबी कतारें देखी गईं।

प्रवेश से पूर्व अभ्यर्थियों की सघन जांच की गई और आयोग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का कड़ाई से पालन कराया गया। परीक्षा केंद्रों पर पर्याप्त संख्या में पुलिस बल, दंडाधिकारी और प्रशासनिक अधिकारियों की तैनाती की गई थी। वहीं यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए भी अतिरिक्त पुलिसकर्मियों को लगाया गया था। परीक्षा के दौरान किसी भी केंद्र से कदाचार, अव्यवस्था या सुरक्षा संबंधी समस्या की कोई सूचना नहीं मिली। प्रशासनिक अधिकारियों ने लगातार केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्था का जायजा लिया और सभी गतिविधियों की निगरानी की। सदर अनुमंडल पदाधिकारी कुमार रजत ने बताया कि परीक्षा के शांतिपूर्ण संचालन के लिए सभी आवश्यक सुरक्षा एवं प्रशासनिक उपाय किए गए थे।

# झारखंड में 20 जून तक बारिश-वज्रपात की संभावना, मौसम विभाग ने जारी किया अलर्ट

प्रातः नागपुरी संवाददाता



**रांची।** झारखंड की राजधानी रांची समेत राज्य के विभिन्न जिलों में आगामी 20 जून तक गर्जन के साथ बारिश और आकाशीय बिजली गिरने की संभावना जताई गई है। मौसम विभाग ने लोगों से सतर्क रहने और खराब मौसम के दौरान सुरक्षित स्थानों पर रहने की अपील की है। मौसम विभाग की ओर से रविवार को जारी पूर्वानुमान के अनुसार राज्य के कई हिस्सों में अगले कुछ दिनों तक मौसम का मिजाज बदला रहेगा। इस दौरान कहीं-कहीं तेज हवा के साथ गरज-चमक और हल्के से मध्यम दर्जे की वर्षा हो सकती है। विभाग ने विशेष रूप से किसानों, खुले स्थानों पर काम करने वाले लोगों और ग्रामीण क्षेत्रों के निवासियों को सावधानी बरतने की सलाह दी है। पिछले 24 घंटों के दौरान राज्य के विभिन्न जिलों में वर्षा दर्ज की गई। इस अवधि में कोडरमा जिले के तिलैया डीवीसी क्षेत्र में सर्वाधिक 46.4 मिलीमीटर बारिश रिकॉर्ड की गई। मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि मानसूनी गतिविधियों के सक्रिय रहने के कारण अगले कुछ दिनों तक राज्य के अधिकांश हिस्सों में बादल छाए रहने और बीच-बीच में वर्षा होने की संभावना बनी रहेगी। आकाशीय बिजली गिरने की आशंका को देखते हुए लोगों को मौसम विभाग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करने की सलाह दी गई है।

# गुरु नानक सत्संग सभा का शहीदी गुरुपर्व 20 से

**कार्यक्रम की तैयारी को लेकर सत्संग सभा की हुई बैठक**

प्रातः नागपुरी संवाददाता



**रांची।** शहीदी गुरुपर्व के उपलक्ष्यु में गुरु नानक सत्संग सभा 20 और 21 जून को विशेष दीवान सजाएगा। कार्यक्रम की तैयारी को लेकर रविवार को सत्संग सभा ने सत्संग सभा के कार्यालय में बैठक बुलाई। गुरु नानक सत्संग सभा के अध्यक्ष अर्जुन देव मिड्ढा की अध्यक्षता में बैठक हुई। इसमें सर्वसमिति से तय किया गया कि पहला दीवान 20 जून को शाम 8 से रात 11 बजे तक और दूसरा दीवान 21 जून को सुबह 10 बजे से दोपहर 2.30 बजे तक सजाया जाएगा। इसमें शिरकत करने के लिए सिख पंथ की महान शख्शियत बीबी जसप्रीत कौर पटियाला वाले विशेष रूप से पधार रही हैं। दोनों दीवानों की समाप्ति के उपरांत गुरु का अटूट लंगर भी चलाया जाएगा। बैठक में सदस्यों के बीच जिम्मेवारियों का बंटवारा भी किया गया। बैठक का संचालन सत्संग सभा के सचिव सुरेश मिड्ढा ने किया। धन्यवाद मनीष मिड्ढा ने किया। सत्संग सभा के अध्यक्ष अर्जुन देव मिड्ढा ने शहर के तमाम सिख धर्मावलंबियों से शहीदी गुरुपर्व में शामिल होने का आह्वान किया है। बैठक में हरगोबिंद सिंह, हरविंदर सिंह बेदी, नरेश पपनेजा, अशोक गेरा, लेखराज अरोड़ा, अमरजीत गिरधर, हरीश मिड्ढा, किशन गिरधर, मनीष गिरधर, रमेश पपनेजा, इन्दर मिढ़ा, रमेश गिरधर, अश्विनी सुखीजा, महेंद्र अरोड़ा, आशु मिढ़ा, अशोक मुंजाल, बसंत काठपाल, कमल मुंजाल, राकेश गिरधर, हरजीत बेदी, महेश सुखीजा, अनूप गिरधर उपस्थित थे।

# मोदी सरकार के 12 वर्ष पूरे होने पर भाजपा की 'प्रगतिपथ यात्रा', केंद्रीय मंत्री हुए शामिल

प्रातः नागपुरी संवाददाता



**रांची।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूरे होने और निर्वाचित प्रधानमंत्री के रूप में सबसे लंबे कार्यकाल का नया रिकॉर्ड बनने के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने देशभर में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया। इसी क्रम में रविवार को रांची महानगर भाजपा की ओर से प्रगतिपथ यात्रा निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकताओं और नेताओं ने भाग लिया। रांची के रातू रोड स्थित ओटीसी मैदान से शुरू हुई इस यात्रा में केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय, विधायक सीपी सिंह तथा रांची की मेयर रौशनी खलखो सहित भाजपा के कई पदाधिकारी मौजूद रहे। यात्रा में शामिल नेताओं और कार्यकर्ता हाथों में झंडे, बैनर और विभिन्न संदेशों वाली तख्तियां लेकर केंद्र सरकार की उपलब्धियों का प्रचार करते नजर आए। यात्रा के दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री मोदी के समर्थन में नारे लगाए और केंद्र सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी लोगों तक पहुंचाने का प्रयास किया। भाजपा नेताओं ने कहा कि पिछले 12 वर्षों में देश ने विकास, सुशासन और जनकल्याण के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति की है तथा प्रधानमंत्री मोदी ने सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास के मंत्र को धरातल पर उतारने का कार्य किया है। इस अवसर पर केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश ने विकास और राष्ट्रीय सुरक्षा के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों को हासिल किया है। केंद्र सरकार की दृढ़ इच्छाशक्ति के कारण नक्सलवाद और आतंकवाद के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई हुई है तथा देश में राष्ट्रीयता और आत्मनिर्भरता की भावना को मजबूती मिली है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लक्ष्य की दिशा में केंद्र सरकार लगातार कार्य कर रही है। पिछले 12 वर्षों में आधारभूत संरचना, डिजिटल सेवाओं, स्वास्थ्य, शिक्षा, सामाजिक सुरक्षा और गरीब कल्याण के क्षेत्र में व्यापक बदलाव देखने को मिले हैं।

## एबीकेएम की ओर से 'मेधा सम्मान 2026' का आयोजन

**रांची।** अखिल भारतीय कायस्थ महासभा, झारखंड की ओर से 14 जून को 'कायस्थ मेधा सम्मान 2026 का आयोजन किया गया। पुरानी विधानसभा सभागार में आयोजित समारोह में झारखंड के सभी जिलों से आए 10वीं और 12वीं के मेधावी छात्र-छात्राओं को उनकी शानदार सफलता के लिए ट्रॉफी, प्रशस्ति पत्र, अंगवस्त्र व मेडल देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का आरंभ गणेश वंदना व चित्रगुप्त महाराज की आरती के साथ किया गया। इस दौरान रागरंग की ओर से रंगारंग कार्यक्रम भी प्रस्तुत किये। इस अवसर पर बतौर उपस्थित पूर्व केंद्रीय मंत्री व सांसद तथा महासभा के केन्द्रीय अध्यक्ष सुबोधकांत सहाय ने चित्रांश बच्चों के बीच जोश का बिगुल फूंका। श्री सहाय ने बच्चों का उत्साह बढ़ाते हुए कहा कि आपलोग ही देश का भविष्य हैं इसलिए आपको निखारना हमारा नैतिक जिम्मेदारी है।

## दिगंबर जैन समाज ने 50 प्रतिभाओं को किया सम्मानित



**रांची।** दिगंबर जैन समाज ने प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन रविवार को किया। इसमें 10वीं, 12वीं, सीए, इंजीनियरिंग में सर्वोच्च उतीर्ण अंक प्राप्त करने वाले करीब 50 प्रतिभाओं को सम्मानित किया। समारोह की शुरूआत श्रीमती स्मिता पांड्या ने मंगलाचरण कर की। सभा का संचालन मुख्य संयोजक कमल सेठी ने किया। अध्यक्ष प्रदीप बाकलीवाल ने अपने विचार रखे। उन्होंने कहा कि जैन धर्म में ज्ञान को आत्मोन्नति का सर्वोच्च साधन माना गया है। हमारे आगमों एवं आचार्यों ने सदैव यह संदेश दिया है कि ज्ञान के माध्यम से ही व्यक्ति अपने जीवन को श्रेष्ठ दिशा प्रदान कर सकता है। मुख्य अतिथि आईएएस दक्ष जैन एवं श्रीमती ईशा जैन, विशिष्ट अतिथि आईआरएस विजय पाण्डया एवं पूर्व अध्यक्षों ने दीप प्रज्वलित कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मुख्य अतिथि ने बच्चों से अपने उद्देश्य को सुनिश्चित करने और अनुशासन बनाए एवं धर्म के मूलभूत सिद्धांतों का पालन करने की बात कही। समाज के मंत्री जितेन्द्र छाबड़ा ने कहा कि प्रतिभा सम्मान सिर्फ पुरस्कार वितरण नहीं, आने वाली पीढियां के लिए प्रेरणा है। इस अवसर पर समाज के अध्यक्ष प्रदीप बाकलीवाल, पूरणमल सेठी, नरेंद्र पांड्या, नरेंद्र गंगवाल, पदम गोधा, संजय छाबड़ा आदि उपस्थिति थे। कार्यक्रम का संचालन कमल सेठी ने किया। यह जानकारी मीडिया प्रभारी राकेश काशलीवाल ने दी।

## लघु उद्योग शिविर व प्रदर्शनी का शुभारंभ

**रांची।** भव्य आनंद शक्ति पीठ वेलफेयर ट्रस्ट के तत्वावधान में रांची स्थित रेडिसन ब्लू होटल में तीन दिवसीय लघु उद्योग शिविर एवं प्रदर्शनी का शुभारंभ सोमवार को हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन रांची की मेयर रौशनी खलखो, उपमहापौर नीरज कुमार, एमएसएमई के निदेशक इंद्रजीत यादव, ट्रस्ट की संस्थापिका भावना प्रिया तथा छात्र क्लब प्रौद्योगिकी मंच (यूनिट, छात्र क्लब ग्रुप) के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिव किशोर शर्मा ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे ट्रस्ट के उपाध्यक्ष प्रियांशु वैभव ने बताया कि 16 जून तक चलने वाले इस तीन दिवसीय शिविर में लगभग 49 स्टॉल लगाए गए हैं, जिनमें विभिन्न लघु उद्योगों से जुड़े उद्यमी अपने उत्पादों और सेवाओं का प्रदर्शन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि शिविर का मुख्य उद्देश्य लघु उद्योगों को प्रोत्साहन देना, उद्यमियों को उनके व्यवसाय के विस्तार के लिए आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान करना तथा केंद्र एवं राज्य सरकार की लाभकारी योजनाओं की जानकारी उपलब्ध कराना है। उन्होंने बताया कि जानकारी के अभाव में कई उद्यमी सरकारी योजनाओं का लाभ नहीं उठा पाते हैं। ऐसे में एमएसएमई के अधिकारी शिविर के दौरान विभिन्न योजनाओं और सुविधाओं की विस्तृत जानकारी देंगे, जिससे लघु उद्योगकर्मियों को लाभ मिलेगा। प्रियांशु वैभव ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन न केवल स्थानीय उद्यमियों को नया मंच प्रदान करते हैं, बल्कि आत्मनिर्भरता और रोजगार सृजन को भी बढ़ावा देते हैं। उन्होंने आम लोगों से मेले का भ्रमण करने की अपील करते हुए बताया कि प्रदर्शनी में प्रवेश पूरी तरह नि:शुल्क रखा गया है। कार्यक्रम को सफल बनाने में आदित्य कुमार महतो, मयंक कुमार, शुभांगी सिंह सहित ट्रस्ट एवं आयोजन समिति के सदस्यों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।




**प्रतिभा सम्मान समारोह 2026 में जुटे देश-विदेश के बुद्धिजीवी**

# मुंडारी भाषा, संस्कृति और शिक्षा के संरक्षण का लिया संकल्प

प्रातः नागपुरी संवाददाता





**रांची।** मुंडा होड़ो उत्थान मंच एवं विश्वविद्यालय मुंडारी विभाग, रांची के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को प्रतिभा सम्मान समारोह 2026 का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुंडारी भाषा, साहित्य, संस्कृति, शिक्षा एवं सामाजिक विकास से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर गंभीर मंथन किया गया। साथ ही विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जगलाल पहान द्वारा पारंपरिक विधि-विधान से पूजा-अर्चना के साथ किया गया। इसके उपरांत उपस्थित लोगों ने खड़े होकर सिङबोंगा की गोवारी दुराङ के माध्यम से ईश्वर की स्तुति की तथा समाज की उन्नति और समृद्धि की कामना की। समारोह में पारंपरिक सांस्कृतिक विरासत की झलक भी देखने को मिली। लखन गुड़िया एवं सुखराम पहान के नेतृत्व में सांस्कृतिक दल ने लोकगीत एवं लोकनृत्य की मनमोहक प्रस्तुति देकर माहौल को उत्साह और उल्लास से भर दिया। कलाकारों की प्रस्तुति ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा ने कहा कि मुंडा समुदाय अपनी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, सामाजिक मूल्यों और ऐतिहासिक योगदान के कारण विशिष्ट पहचान रखता है। उन्होंने कहा कि धरती आबा बिरसा मुंडा से लेकर डॉ. रामदयाल मुंडा तक अनेक महान विभूतियों ने समाज, भाषा और संस्कृति के संरक्षण एवं विकास में अमूल्य योगदान दिया है। उन्होंने युवाओं से अपने इतिहास, परंपराओं और सांस्कृतिक मूल्यों पर गर्व करने का आान करते हुए सम्मानित विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। विश्वविद्यालय मुंडारी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. बिरेन्द्र कुमार सोय ने अपने संबोधन की शुरूआत एक मार्मिक मुंडारी गीत से की। उन्होंने कहा कि समाज की भाषा, संस्कृति, ज्ञान परंपरा और भूमि से जुड़ी पहचान धीरे-धीरे कमजोर होती जा रही है, जिसे बचाने के लिए युवाओं को अपनी मातृभाषा और सांस्कृतिक विरासत से जोड़ना होगा। विशिष्ट वक्ता एवं टीआरआई, रांची के पूर्व उपनिदेशक सोमा सिंह मुंडा ने कहा कि किसी भी समाज का विकास सामूहिक प्रयासों से ही संभव है।

# रोटरी क्लब और बहावलपुरी पंजाबी समाज ने लगाया नि:शुल्क चिकित्सा शिविर

प्रातः नागपुरी संवाददाता



**रांची।** रोटरी क्लब ऑफ रांची और बहावलपुरी पंजाबी समाज के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को निःशुल्क स्वास्थ्य जांच, चिकित्सा परामर्श एवं स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। रातू रोड स्थित गुरू नानक भवन में आयोजित इस शिविर का उद्घाटन रोटरी क्लब के अध्यक्ष अमित अग्रवाल, समाज के मुख्य संरक्षक डॉ सतीश मिढ्ढा एवं अध्यक्ष लक्ष्मण दास मिढ्ढा ने संयुक्त रूस से किया। शिविर में 500 से अधिक लोगों ने स्वास्थ्य की जांच करवाई। रांची के प्रतिष्ठित एवं अनुभवी विशेषज्ञ डॉ अनिल पांडे, डॉ अनिर्बन सान्याल, डॉ पुष्पा पांडे, डॉ सतीश मिढ्ढा, डॉ अमर गुप्ता आदि ने विभिन्न रोगों के लिए निःशुल्क परामर्श प्रदान किया। शिविर के दौरान आम नागरिकों के लिए ईसीजी, ब्लड शुगर जांच, ब्लड ग्रुप जांच करने के साथ निःशुल्क दवा वितरण किया गया। इसके अलावा स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का भी आयोजन किया गया। रक्तदान शिविर में लोगों ने बढ़चढ़ कर भाग लिया। रक्तदान करने वाले सभी रक्तदाताओं को प्रमाण-पत्र भी प्रदान किया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष अमित अग्रवाल, सचिव भावना तनेजा, राजीव मोदी, मुकेश तनेजा, मनोहरलाल, जयदीप सिंह, मनीष सिंह, सुरेश साबू, प्रवीण राजगढ़िया, मनोज तिवारी, करुणा राजगढ़िया, गिरीश अग्रवाल, जसदीप सिंह, बहावलवुरी समाज के मुख्य संरक्षक डॉ सतीश कुमार मिढ्ढा, अध्यक्ष लक्ष्मण दास मिढ्ढा, सचिव मुकेश कुमार बजाज, अश्विन सखुजा, कामराज खत्री, विजय मक्कड़, कमलजीत मिढ्ढा, मोहन खिरबाट, सिद्धार्थ छाबड़ा, दिनेश गाबा, सुशील पपनेजा, जितेंद्र मुंजाल, सोनू पपनेजा, विजय किंगर, ललित किंगर आदि उपस्थित थे।

# डिलीवरी गाड़ी से सिलेंडर चोरी मामले में चार गिरफ्तार

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि

**दुमका।** नगर थाना क्षेत्र के दुधानी, कुरुवा के लोगों ने रविवार की सुबह दुधानी स्थित कुसुम गैस एजेंसी के सामने से डिलीवरी वाहन से सिलेंडर चोरी के आरोप में कुरुवा के तीन शातिर चोरों को धर दबोचा। लोगों ने खंभे में बांधकर तीनों की जमकर पिटाई की। सूचना पर नगर थाना की पुलिस मौके पर पहुंच तीनों को साथ ले आई। पुलिस ने चोरी का सिलेंडर खरीदने वाले कुमारपाड़ा के दुकानदार भैरव सिंह को भी पकड़ा। चारों के खिलाफ पुलिस मामला दर्ज करते हुए जेल भेजने की तैयारी में जुटी है। इस बावत इंडेन एजेंसी के संचालक राजू भगत ने बताया कि सुबह हरिहर मंडल रोज की तरह सिलेंडर डिलीवरी करने के लिए गाड़ी लेकर आया। वह दुकान के अंदर रसीद लेने गया, तभी तीन युवक गाड़ी से एक सिलेंडर उठाकर भाग गए। लोगों ने तीनों की भागते हुए तस्वीर ले ली। पूछताछ करने पर पता चला कि कुरुवा के रहने वाले कुणाल राणा, धनेश्वर मुर्मू व विष्णु प्रसाद साह तीनों शातिर चोर हैं। गांव के लोगों का भी सिलेंडर व गहना-जेवरात चोरी कर चुका है। इसलिए सभी नाराज थे। गांव के लोगों ने तीनों को पकड़कर बिजली के पोल से बांधकर जमकर पीटाई की। सूचना मिलने पर नगर थाना प्रभारी अशोक राम के नेतृत्व में पुलिस टीम मौके पर पहुंचे और तीनों को थाने लेकर आए। पूछताछ में कुणाल ने बताया कि वह कई बार साथियों की मदद से सिलेंडर चोरी कर दुकानदार भैरव सिंह को बेच चुका है। मामला सामने आने के बाद भैरव ने चोरी किया हुआ सिलेंडर वाहन मालिक को वापस कर मामले को रफा-दफा करने का प्रयास किया। पुलिस की कार्रवाई जानने के लिए वह भी नगर थाना पहुंच गया। पुलिस ने उसे भी पकड़ लिया। बताया जाता है कि भैरव कई साल से सस्ते दाम में चोरी के सिलेंडर खरीद चुका है। दो माह पहले भी पुलिस ने उसकी दुकान में छापेमारी की थी, लेकिन चोरी का एक भी सिलेंडर नहीं मिला था। नगर थाना प्रभारी अशोक राम ने बताया कि सिलेंडर चोरी में दुकानदार समेत चार को जेल भेज दिया गया है। तीनों चोर पहले भी सिलेंडर चोरी कर चुके हैं।



# प्रेम प्रसंग में मोबाइल टावर पर चढ़ा युवक चार घंटे बाद सुरक्षित उतारा गया

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि

**गढ़वा।** खरौंधी प्रखंड मुख्यालय में प्रेम प्रसंग को लेकर एक युवक मोबाइल टावर रविवार को चढ़ गया। इससे घंटो अफरा-तफरी का माहौल बना रहा। करीब चार घंटे की मशक्कत और समझाइश के बाद पुलिस ने युवक को सुरक्षित नीचे उतार लिया।

जानकारी के अनुसार, खरौंधी निवासी आदित्य कुमार एयरटेल के मोबाइल टावर पर चढ़ गया। बताया जाता है कि उसका एक युवती के साथ प्रेम संबंध था। युवक टावर पर चढ़कर संबंधित युवती से शादी कराने की मांग कर रहा था। वह बार-बार यह कह रहा था कि यदि उसकी शादी नहीं करायी गयी तो वह टावर से कूदकर जान दे देगा।

घटना की सूचना मिलते ही खरौंधी थाना प्रभारी गुलशन कुमार गौतम, एएसआई सुरेंद्र दुबे समेत पुलिस बल मौके पर पहुंचा। पुलिस ने परिजनों और स्थानीय लोगों के सहयोग से युवक को समझाने का प्रयास शुरू किया। इस दौरान टावर के आसपास लोगों की भारी भीड़ जुट गयी।



## संक्षिप्त

### रक्तदान महाशिविर में सांसद ने रक्तदाताओं का किया उत्साहवर्धन

**चतरा।** विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर रक्तमित्र लावालौंग की ओर से आयोजित रक्तदान महाशिविर का उद्घाटन सांसद कालीचरण सिंह ने रविवार को किया। इस अवसर उन्होंने रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि रक्तदान महादान है और एक यूनिट रक्त किसी जरूरतमंद को नया जीवन दे सकता है। सांसद ने रक्तदाताओं को समाज का सच्चा नायक बताते हुए युवाओं से नियमित रक्तदान करने की अपील की। उन्होंने रक्तमित्र लावालौंग की टीम के जनसेवा कार्यों की सराहना करते हुए महाशिविर के सफल आयोजन पर सभी आयोजकों और रक्तवीरों को बधाई दी। मौके पर मंडल अध्यक्ष खगेश्वर साहू, सांसद प्रतिनिधि विनय सिंह, विवेक केसरी, गोविंद ठाकुर सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### सड़क सुरक्षा को लेकर चला जागरूकता अभियान

**पूर्वी सिंहभूम।** शहर के व्यस्त साकची गोलचक्कर और बाजार क्षेत्र में रविवार को सड़क सुरक्षा और यातायात जागरूकता अभियान चलाया गया। कार्यक्रम का आयोजन नेशनल ह्यूमन राइट्स अलायंस (एनएचआरए) की ओर से किया गया, जिसका नेतृत्व संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष रोशन कुमार गुप्ता ने किया। अभियान का उद्देश्य लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक कर सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाना था। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जमशेदपुर ट्रैफिक विभाग के सार्जेंट मेजर अविनाश टुडू शामिल हुए। उन्होंने लोगों से हेलमेट और सीट बेल्ट का अनिवार्य रूप से उपयोग करने, ट्रैफिक सिग्नलों का पालन करने और सुरक्षित वाहन चलाने की अपील की। सोशल मीडिया पर जमशेदपुर वाला के नाम से प्रसिद्ध इन्फ्लुएंसर अंकुश कुमार ने भी युवाओं को जिम्मेदारीपूर्वक वाहन चलाने और स्टंटबाजी से दूर रहने का संदेश दिया। अभियान के दौरान दोपहिया और चारपहिया वाहन चालकों को रोककर सड़क सुरक्षा संबंधी जानकारी दी गई। एनएचआरए के सदस्यों ने बैनर और पोस्टरों के माध्यम से लोगों को जागरूक किया। रोशन कुमार गुप्ता ने कहा कि मानव अधिकारों की रक्षा के साथ-साथ समाज में सुरक्षा और जागरूकता बढ़ाना भी संस्था की जिम्मेदारी है। कार्यक्रम में दीपशिखा, हेमंत पाठक, सौम्या मिश्रा, रीतिका कुमारी, ज्योति राय, धर्मेश श्रीवास्तव, अनीक बनर्जी, तुषार सिंह, गुरप्रीत कौर, ईशा दास, सुमन कुमारी, तनीषा देवगम, नवनीत कुमार, अमृत सिंह और अपराजिता रावेरकर सहित कई सदस्य, स्थानीय पुलिसकर्मी और शहर के कई नागरिक मौजूद थे।

# लोहरदगा के आम्रपाली आम का स्वाद पहुंचेगा दुबई और इटली

**उपायुक्त ने डेढ़ मीट्रिक टन आम की खेप को दिखाई हरी झंडी**

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि

**लोहरदगा।** झारखंड के लोहरदगा जिले के कुडू प्रखंड अंतर्गत सलगी पंचायत के रोचो बरवाटोली गांव ने आम उत्पादन के क्षेत्र में एक नई उपलब्धि हासिल की है। यहां उत्पादित ग्रेड-ए आम्रपाली आम अब अंतरराष्ट्रीय बाजार तक पहुंच रहा है। गांव के किसानों द्वारा जैविक पद्धति से उत्पादित आम्रपाली आम की मांग दुबई और इटली जैसे देशों में बढ़ी है। इसी क्रम में उपायुक्त संदीप कुमार मीना ने रविवार को डेढ़ मीट्रिक टन ग्रेड-ए आम्रपाली आम की खेप को हरी झंडी दिखाकर कोलकाता के लिए रवाना किया। कोलकाता से यह आम समुद्री मार्ग के माध्यम से दुबई और इटली भेजा जाएगा। यह उपलब्धि जिले के किसानों की मेहनत, आधुनिक कृषि तकनीकों के उपयोग तथा जैविक खेती के प्रति उनकी प्रतिबद्धता का परिणाम है।यह निर्यात प्रक्रिया कृषि एवं प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण (ऐपिडा) के सहयोग से संपन्न की जा रही है। उपायुक्त ने कहा कि लोहरदगा की कृषि एवं बागवानी उत्पादों में अपार संभावनाएं हैं। रोचो बरवाटोली के किसानों ने गुणवत्तापूर्ण उत्पादन कर यह साबित किया है कि ग्रामीण क्षेत्रों के किसान भी वैश्विक बाजार तक अपनी पहचान बना सकते हैं। किसानों की आय वृद्धि तथा कृषि उत्पादों के बेहतर विपणन के लिए निरंतर प्रयासरत है। जिले के लिए यह उपलब्धि न केवल किसानों की आर्थिक समृद्धि की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है, बल्कि लोहरदगा को बागवानी उत्पादन के क्षेत्र में राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान दिलाने वाली भी है। रोचो बरवाटोली गांव में लगभग 25 एकड़ क्षेत्र में आम की बागवानी की जा रही है। यहां मुख्य रूप से आम्रपाली किस्म के आम लगाए गए हैं, जबकि कुछ हिस्सों में मल्लिका किस्म की खेती भी की जा रही है। गांव के 32 परिवार इस बागवानी गतिविधि से जुड़े हुए हैं। इससे उनकी आजीविका को मजबूती मिली है। लोहरदगा जिले में मनरेगा अंतर्गत संचालित बिरसा हरित ग्राम योजना आम उत्पादक किसानों के लिए वरदान साबित हो रही है। वर्ष 2017-18 से 2025-26 तक 6,306 एकड़ क्षेत्र में आम के बाग लगाए गए हैं, जिनसे 7,288 किसान लाभान्वित हुए हैं। वर्तमान में 1,780 एकड़ क्षेत्र फलधारण अवस्था में हैं। वर्ष 2026-27 में लगभग 2,588 मीट्रिक टन आम उत्पादन का अनुमान है। आम्रपाली, मल्लिका, हिमसागर और लंगड़ा किस्म के आमों की मार्केटिंग के लिए जेएसएलपीएस द्वारा दीदी किचन कैंपस एवं अन्य माध्यमों से 4,483 किलोग्राम आम की बिक्री की गई है। साथ ही, एपीडा के सहयोग से जिले के ग्रेड-ए आम्रपाली आमों का निर्यात भी शुरू होने से किसानों को बेहतर बाजार और आय के नए अवसर मिल रहे हैं।



## रैपिड एक्शन फोर्स के रक्तदान शिविर में 31 जवानों ने किया रक्तदान

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि

**पूर्वी सिंहभूम।** विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर 106 वाहिनी द्रुत कार्य बल (रैपिड एक्शन फोर्स) ने सदर अस्पताल के सहयोग से रविवार को स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया। शिविर में अधिकारियों, अधीनस्थ अधिकारियों और जवानों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और कुल 31 लोगों ने रक्तदान कर जरूरतमंद मरीजों के लिए महत्वपूर्ण योगदान दिया। कार्यक्रम के दौरान 106 वाहिनी के कमांडेंट राजीव कुमार ने रक्तदाताओं को सम्मानित करते हुए कहा कि रक्तदान सबसे बड़ा मानवीय कार्य है, जिससे किसी जरूरतमंद व्यक्ति को नया जीवन मिल सकता है। उन्होंने सभी कार्मिकों से नियमित रक्तदान करने और समाज में इसके प्रति जागरूकता फैलाने का आह्वान किया। शिविर में द्वितीय कमान अधिकारी कौशल साधन गिरि, उप कमांडेंट वच्चानदेव कुमार और चिकित्सा अधिकारी (उप कमांडेंट) डॉ ऋतुराज खाख सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे। सदर अस्पताल की मेडिकल टीम ने सभी रक्तदाताओं की स्वास्थ्य जांच के बाद सुरक्षित रूप से रक्त संग्रह किया। एकत्रित रक्त का उपयोग विभिन्न अस्पतालों में इलाजरत जरूरतमंद मरीजों के लिए किया जाएगा।

## विनीत हत्याकांड के आरोपित का पुलिस ने निकाला मार्च

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि

**पलामू।** पलामू के चर्चित विनीत तिवारी हत्याकांड के आरोपित दिलीप तिवारी उर्फ मिंटू का पुलिस ने रविवार को मार्च निकाला। पुलिस हथकड़ी लगाकर शहर थाना से सेंट्रल जेल तक पैदल ले गई। उल्लेखनीय है कि दिलीप तिवारी उर्फ मिंटू को पूछताछ के लिए पुलिस ने 24 घंटों के लिए रिमांड पर लिया था। रिमांड अवधि समाप्त होने पर पुलिस अधीक्षक कपिल चौधरी के निर्देश पर सख्त कदम उठाते हुए सदर एसडीपीओ राजेश यादव, शहर थाना प्रभारी ज्योति लाल रजवार सहित अन्य पुलिस कर्मियों ने दिलीप तिवारी को शहर थाना से पैदल लेकर गई। इसी क्रम में छह मुहान से बस स्टैंड होते हुए जेलहाता चौक से जेल तक पैदल मार्च कराया गया। 25 अप्रैल को रेडमा निवासी जमीन कारोबारी विनीत तिवारी का उसके घर के समीप से अपहरण कर लिया गया था और पिटाई करने के बाद हत्या कर दी गई थी। विनीत का नग्न शव मेदिनीनगर सदर थाना क्षेत्र के जोरकट स्थित झाड़ी से बरामद की गई थी। इस संबंध में विनीत तिवारी के पिता ने दिलीप तिवारी के अलावा उसके भाई प्रदीप तिवारी उर्फ महाकाल सहित अन्य लोगों के खिलाफ शहर थाना में मुकदमा दर्ज कराया था। हाई प्रोफाइल मामला होने के बावजूद पुलिस अब तक दिलीप तिवारी को छोड़कर किसी अन्य आरोपित को गिरफ्तार नहीं कर पाई है। पिछले दिनों पुलिस ने प्रदीप तिवारी सहित अन्य आरोपितों के घर पर न्यायालय के आदेश पर इश्तेहार चिपकाया था और पुलिस के समक्ष या न्यायालय में सरेंडर करने की चेतावनी दी थी।



## गोविंदपुर-खासमहल में सड़क निर्माण में देरी के खिलाफ ग्रामीणों ने दिया धरना

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि

**पूर्वी सिंहभूम।** गोविंदपुर से खासमहल चौक तक निमार्णाधीन सड़क को लेकर एक बार फिर विवाद गहरा गया है। सड़क निर्माण कार्य शुरू होने के बाद भाजपा नेताओं और स्थानीय ग्रामीणों ने निर्माण में कथित अनियमितता का आरोप लगाते हुए रविवार को बारीगोड़ा चौक पर सांकेतिक धरना दिया। प्रदर्शनकारियों ने पथ निर्माण विभाग और राज्य सरकार के खिलाफ नाराजगी जताते हुए कहा कि सड़क निर्माण की धीमी रफ्तार से क्षेत्र की करीब दो लाख आबादी प्रभावित हो रही है। धरना को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि यह सड़क गोविंदपुर, बारीगोड़ा, राहरगोड़ा और आसपास के कई इलाकों को जोड़ने वाला प्रमुख मार्ग है। सड़क की बदहाल स्थिति और अधूरे निर्माण के कारण आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं और लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि विधानसभा चुनाव से पहले राजनीतिक लाभ के उद्देश्य से करीब 18 करोड़ रुपये की लागत वाली इस सड़क परियोजना का शिलान्यास किया गया था, लेकिन दो वर्ष बीत जाने के बाद भी केवल लगभग डेढ़ किलोमीटर सड़क का ही निर्माण हो सका है। र की उदासीनता और विभागीय लापरवाही का उदाहरण बताते हुए निर्माण कार्य की गुणवत्ता की जांच और कार्य में तेजी लाने की मांग की। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द सुधारात्मक कदम नहीं उठाए गए तो व्यापक आंदोलन शुरू किया जाएगा। धरना में जिला परिषद सदस्य कुसुम पूर्ति, भाजपा गोविंदपुर मंडल अध्यक्ष जुगनू वर्मा, पूर्व मंत्री एवं भाजपा नेता दुलाल भुईयां, कमलेश सिंह, आशुतोष सिंह, अर्जुन सिंह, सुबोध साही, मधु सिंह, सुमित सिंह, अरविंद सिंह, विकास सिंह, सहित बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीण मौजूद थे।



### युवाओं ने थामा आजाद समाज पार्टी भीम आर्मी का दामन



**देवघर।** आजाद समाज पार्टी भीम आर्मी की बैठक आजाद समाज पार्टी जिला अध्यक्ष कृष्ण कुमार और भीम आर्मी जिला अध्यक्ष कमलेश कुमार दास के नेतृत्व में हुई। इसमें राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्रशेखर आजाद की कार्यशैली से प्रभावित होकर दर्जनों युवाओं ने आजाद समाज पार्टी भीम आर्मी का दामन थामा। संकल्प लिया कि आने वाले समय में हम सभी एकजुट होकर आजाद समाज पार्टी, भीम आर्मी को मजबूत करेंगे। संविधान निमार्ता बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के विचारों को घर-घर तक पहुंचाने का कार्य करेंगे। कार्यक्रम का संचालन आशीष कुमार ने किया। सुमित कुमार मेहरा, अनुज कुमार दास, प्रभु दास, चंदन कुमार, दिनेश कुमार, सचिन कुमार, विकास कुमार, अजय कुमार समेत दर्जनों युवाओं ने आजाद समाज पार्टी भीम आर्मी का दामन थामा।

### झामुमो केंद्रीय महासचिव ने जिला अध्यक्ष की दिवंगत माता को दी श्रद्धांजलि



**देवघर।** झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के जिला अध्यक्ष संजय शर्मा की माता कमला देवी का रविवार तड़के 81 वर्ष की आयु में निधन हो गया। उनके निधन की खबर से परिजनों के साथ-साथ पार्टी नेताओं और कार्यकताओं में शोक की लहर दौड़ गई। परिजनों से मिली जानकारी के अनुसार कमला देवी की तबीयत शुक्रवार को अचानक बिगड़ गई थी, जिसके बाद उन्हें इलाज के लिए एम्स में भर्ती कराया गया था। उपचार के दौरान उनका निधन हो गया। घटना की सूचना मिलते ही झामुमो के केंद्रीय महासचिव विनोद पांडे एम्स पहुंचे और दिवंगत कमला देवी के पार्थिव शरीर के अंतिम दर्शन किए। उन्होंने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की तथा शोक संतप्त परिजनों को सांत्वना दी। निधन की खबर फैलते ही संजय शर्मा के आवास पर शुभचिंतकों, नेताओं और कार्यकताओं का तांता लग गया। बड़ी संख्या में लोग अंतिम दर्शन के लिए पहुंचे। इस दौरान देवघर विधायक सुरेश पासवान ने भी पहुंचकर श्रद्धांजलि अर्पित की और परिजनों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की। मौके पर केंद्रीय समिति सदस्य परिमल सिंह, वरीय नेता सुरेश शाह, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष राहुल चंद्रवंशी, युवा नेता वैभव चंद्रवंशी, संतोष सिंह, प्रदीप चौधरी, सुनील मंडल, श्रीकांत यादव, कुंदन राज, नीलम देवी, सरोज सिंह, हीरा देवी, वीरेंद्र राय, विपिन यादव सहित अन्य झामुमो कार्यकर्ता एवं समर्थक उपस्थित रहे। दिवंगत कमला देवी के निधन पर विभिन्न सामाजिक एवं राजनीतिक संगठनों ने गहरा शोक व्यक्त करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की है।

### हादसे में एक व्यक्ति की मौत

**पूर्वी सिंहभूम।** सीतारामडेरा थाना क्षेत्र स्थित मानगो बस स्टैंड में रविवार शाम एक हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई। यह घटना बस स्टैंड के गेट नंबर-5 के पास हुई, जहां खड़ी बस के नीचे आराम कर रहे एक व्यक्ति को बस चालक की अनजाने में हुई लापरवाही भारी पड़ गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, मृतक काफी देर से एक बस के नीचे लेटा हुआ था। इसी दौरान चालक बस को आगे-पीछे करने लगा। चालक को इस बात की जानकारी नहीं थी कि बस के नीचे कोई व्यक्ति मौजूद है। जैसे ही बस को हिलाया गया, वह व्यक्ति उसकी चपेट में आ गया। बताया जाता है कि बस का पहिया उसके ऊपर चढ़ गया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद बस स्टैंड परिसर में अफरा-तफरी मच गई। बड़ी संख्या में लोग घटनास्थल पर जुट गए और मामले की सूचना पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही सीतारामडेरा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी। पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए एमजीएम मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल भेज दिया है। समाचार लिखे जाने तक मृतक की पहचान नहीं हो सकी थी। पुलिस आसपास के लोगों से पूछताछ कर मृतक के परिजनों का पता लगाने का प्रयास कर रही है।

# देवघर को स्वच्छ, सुंदर और सुरक्षित बनाए रखने की जिम्मेदारी भी हमारी : महापौर

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि

**देवघर।** नगर निगम के सफाई कर्मियों की अनिश्चितकालीन हड़ताल के बीच शनिवार को कुछ हड़ताली कर्मियों की ओर से टॉवर चौक सहित शहर के विभिन्न स्थानों पर कचरा फैलाकर विरोध प्रदर्शन किया गया। इस घटना की शहरवासियों ने कड़ी आलोचना की। स्थानीय लोगों का कहना है कि अपनी मांगों को मनवाने के लिए इस प्रकार का विरोध प्रदर्शन उचित नहीं है और इससे शहर की छवि धूमिल होती है। रविवार को इस घटना से आहत होकर नगर निगम के महापौर रवि राउत स्वयं झाड़ू लेकर सफाई अभियान में उतर गए। उन्होंने शहर के विभिन्न हिस्सों में फैले कचरे की सफाई की। इस दौरान कई पार्षद, उनके प्रतिनिधि, निगम अधिकारी, कर्मचारी और सामाजिक कार्यकर्ता भी मौजूद रहे। महापौर रवि राउत ने कहा कि ₹देवघर हमारा शहर है और इसे स्वच्छ, सुंदर एवं सुरक्षित बनाए रखने की जिम्मेदारी भी हमारी ही है। हड़ताली सफाईकर्मियों की ओर से मुख्य बाजारों में फैलाई गई गंदगी की सफाई के लिए हम सभी सामूहिक रूप से आगे आए हैं।₹ उन्होंने कहा कि बाबा वैद्यनाथ की पवित्र नगरी की पहचान उसकी स्वच्छता, सुंदरता और सामाजिक एकता से है। शहर की छवि खराब करने वाले ऐसे कृत्य लोगों की मानसिकता को उजागर करते हैं। उन्होंने कहा कि ₹बयानों की सफाई नहीं, बल्कि साफ दिल और सकारात्मक मनोदशा ही व्यक्ति की वास्तविक पहचान होती है।₹ सफाई अभियान में पार्षदों, युवाओं, नगर के प्रबुद्ध नागरिकों तथा नगर निगम के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने सक्रिय भागीदारी निभाई और शहर को स्वच्छ बनाए रखने का संदेश दिया।




## उरांव समाज की टैलेंट हंट परीक्षा में 153 विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि

**पश्चिमी सिंहभूम।** आदिवासी उरांव समाज संघ, चाईबासा की ओर से समाज के 79 वें स्थापना दिवस समारोह की तैयारियों के तहत रविवार को पुलहातु मध्य विद्यालय में टैलेंट हंट प्रतियोगिता परीक्षा आयोजित की गई। प्रतियोगिता में कक्षा 9 से 12 वीं तक के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

परीक्षा में चाईबासा के सातों अखाड़ों के साथ-साथ कांकुशी, हेसाडीह और आसपास के गांवों से कुल 153 विद्यार्थियों ने भाग लिया। आयोजन का उद्देश्य समाज के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों की पहचान कर उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित करना है। इसके साथ ही छात्रों में शिक्षा के प्रति रुचि बढ़ाना और विभिन्न प्रतियोगी एवं शैक्षणिक परीक्षाओं की तैयारी के लिए प्रेरित करना भी इस पहल का प्रमुख लक्ष्य है।

संघ के पदाधिकारियों ने बताया कि उरांव समाज का स्थापना दिवस प्रतिवर्ष 30 जून को मनाया जाता है। इस वर्ष समाज का 79 वां स्थापना दिवस 30 जून 2026 को स्थानीय पिलाई हॉल में आयोजित किया जाएगा। समारोह के दौरान मैट्रिक और इंटरमीडिएट परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया जाएगा। साथ ही टैलेंट हंट प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को भी पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। स्थापना दिवस कार्यक्रमों की श्रृंखला में 28 जून को आदिवासी उरांव समाज रक्तदान समूह की ओर से सदर अस्पताल, चाईबासा में रक्तदान शिविर का आयोजन भी किया जाएगा।



# पूर्व मंत्री का आंदोलन लाया रंग, सड़क निर्माण कार्य शुरू

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि



**पूर्वी सिंहभूम।** जुगसलाई विधानसभा क्षेत्र की बहुप्रतीक्षित खासमहल से गोविंदपुर तक निमार्णाधीन सड़क परियोजना का काम एक बार फिर शुरू हो गया है। लंबे समय से अधर में लटकी इस सड़क के निर्माण को लेकर स्थानीय लोगों में भारी नाराजगी थी। सड़क निर्माण कार्य को जल्द शुरू कराने की मांग को लेकर पूर्व मंत्री एवं भाजपा नेता दुलाल भुईयां के नेतृत्व में क्षेत्रवासियों ने आंदोलन छेड़ रखा था। लगातार बढ़ते जनदबाव का असर हुआ और आखिरकार निर्माण कार्य दोबारा शुरू कर दिया गया। सड़क निर्माण शुरू होने के बाद क्षेत्र में राहत और संतोष का माहौल है। स्थानीय लोगों का कहना है कि लंबे समय से इस सड़क की खराब स्थिति के कारण उन्हें आवागमन में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। आंदोलन के माध्यम से लोगों ने अपनी आवाज बुलंद की, जिसके बाद जनप्रतिनिधियों और प्रशासन को मामले में सक्रिय होना पड़ा। निर्माण कार्य दोबारा शुरू होने के साथ ही रविवार को जुगसलाई के विधायक मंगल कालिंदी भी मौके पर पहुंचे और चल रहे कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों और निर्माण एजेंसी को निर्देश दिया कि सड़क निर्माण में गुणवत्ता से किसी प्रकार का समझौता न किया जाए तथा तय मानकों के अनुरूप तेजी से कार्य पूरा किया जाए। विधायक ने कहा कि खासमहल से गोविंदपुर तक की सड़क क्षेत्र के हजारों लोगों के लिए महत्वपूर्ण संपर्क मार्ग है। कुछ तकनीकी और प्रशासनिक कारणों से निर्माण कार्य बाधित हो गया था, लेकिन अब सभी अड़चनों को दूर कर काम फिर से शुरू कर दिया गया है। उन्होंने उम्मीद जताई कि परियोजना को निर्धारित समय सीमा के भीतर पूरा कर लिया जाएगा, जिससे लोगों को बेहतर और सुरक्षित यातायात सुविधा मिल सकेगी। वहीं स्थानीय चमन तिवारी और अन्य लोगों का मानना है कि पूर्व मंत्री दुलाल भुईयां और क्षेत्रवासियों के आंदोलन ने इस मुद्दे को प्रमुखता से उठाया, जिसके परिणामस्वरूप बंद पड़ा निर्माण कार्य फिर से शुरू हो सका। सड़क निर्माण शुरू होने से अब लोगों को जल्द बेहतर सड़क सुविधा मिलने की उम्मीद जगी है।

## जेवर दुकान में सेंधमारी कर चोरों ने की 11 लाख की चांदी और नकदी की चोरी

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि




**पूर्वी सिंहभूम।** मानगो थाना क्षेत्र के मानगो बाजार स्थित टैंक रोड पर अवस्थित कोलकाता ज्वेलर्स में चोरों ने बड़ी चोरी की घटना को अंजाम दिया है। रविवार सुबह जब दुकान के संचालक जितेंद्र कुमार अपनी दुकान खोलने पहुंचे तो अंदर का दृश्य देखकर उनके होश उड़ गए। दुकान के भीतर सामान अस्त-व्यस्त पड़ा था और कीमती जेवरात गायब थे। प्राथमिक जांच में पता चला है कि चोर करीब 11 लाख रुपये मूल्य के लगभग चार किलोग्राम चांदी के आभूषण और ०8 हजार रुपये नकद लेकर फरार हो गए। घटना की सूचना मिलते ही मानगो थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है ताकि आरोपितों की पहचान की जा सके। दुकान मालिक जितेंद्र कुमार ने बताया कि शनिवार रात करीब साढ़े आठ बजे वह दुकान बंद कर घर चले गए थे। रविवार सुबह दुकान पहुंचने पर चोरी की जानकारी मिली। जांच के दौरान यह सामने आया कि चोर दुकान की छत से अंदर दाखिल हुए थे। उन्होंने पहले टीन शेड की ऊपरी परत हटाई और फिर दूसरी परत को काटकर दुकान के भीतर प्रवेश किया। चोरों ने दुकान में रखी तिजोरी को भी तोड़ने की कोशिश की, लेकिन वे इसमें सफल नहीं हो सके। तिजोरी सुरक्षित रहने से उसमें रखे सोने के आभूषण चोरी होने से बच गए। यदि तिजोरी टूट जाती तो नुकसान कहीं अधिक हो सकता था। उन्होंने बताया कि इस संबंध में मानगो थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है।

### संक्षिप्त

#### चौपारण के दो प्रमुख ग्रामीण पथों का शिलान्यास

**चौपारण, हजारीबाग।** चौपारण प्रखंड के अति पिछड़े एवं ग्रामीण क्षेत्रों के विकास की दिशा में शनिवार को एक महत्वपूर्ण पहल की गई। ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल हजारीबाग द्वारा प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (पीएम जन मन) के तहत दो महत्वपूर्ण सड़क निर्माण योजनाओं का शिलान्यास किया गया। शिलापट्ट में अंकित विवरण के अनुसार पहली योजना के तहत पैकेज संख्या जेएच-11- पीएम जन मन - एच ए जेड-01 (2025-26) अंतर्गत एलओ-21 दुरागढा पीएमजीएसवाई पथ से ढोढिया तक लगभग 5.134 किलोमीटर सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास किया गया।

#### त्रिशानु राय ने किया बूथ निरीक्षण, मतदाता सत्यापन कार्यों की समीक्षा की



**चाईबासा।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा संचालित विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के तहत रविवार को बूथ संख्या-98 स्थित मारवाड़ी हिंदी मध्य विद्यालय, चाईबासा में बीएलए-दो त्रिशानु राय ने विशेष कैंप का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मतदाता सत्यापन, बूथ मैपिंग एवं मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान त्रिशानु राय ने नए मतदाताओं के नाम जोड़ने, मृत एवं स्थानांतरित मतदाताओं के नाम हटाने तथा मतदाता विवरणों के सत्यापन की प्रक्रिया की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने घर-घर चल रहे सत्यापन अभियान से संबंधित अभिलेखों का भी अवलोकन किया और कार्यों की प्रगति पर संतोष व्यक्त किया। इस अवसर पर त्रिशानु राय ने कहा कि निर्वाचन आयोग का विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान मतदाता सूची को शुद्ध, अद्यतन और त्रुटिरहित बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए प्रत्येक पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची में शामिल होना आवश्यक है तथा सूची में किसी प्रकार की त्रुटि नहीं रहनी चाहिए। उन्होंने क्षेत्र के मतदाताओं से अपील करते हुए कहा कि वे अपने नाम एवं विवरण का सत्यापन अवश्य कराएं, ताकि आगामी चुनावों में किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।

# विकसित भारत के संकल्प को जन आंदोलन का रूप दिया जाएगा : सांसद

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि



**पलामू।** पलामू के सांसद विष्णु दयाल राम (वीडी राम) ने कहा कि विकसित भारत के निर्माण के लिए केंद्र सरकार की योजनाओं और उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाकर इसे जन आंदोलन का रूप दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में बीते 12 वर्षों में देश ने विकास, सुशासन और जनकल्याण के क्षेत्र में ऐतिहासिक उपलब्धियां हासिल की हैं। रविवार को मेदिनीनगर स्थित अपने आवास पर आयोजित प्रेस वार्ता में सांसद वीडी राम केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूरे होने के अवसर पर सरकार की उपलब्धियों की जानकारी दे रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि मोदी सरकार के 12 वर्ष केवल शासन के नहीं, बल्कि सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के प्रति समर्पण के रहे हैं। इस अवधि में देश की दिशा और दशा दोनों में सकारात्मक बदलाव आया है। जनता का विश्वास किसी प्रचार का परिणाम नहीं, बल्कि कठिन परिस्थितियों में लिए गए निर्णयों, राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखने की नीति और जनता के साथ सीधे संवाद का परिणाम है। सांसद ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की सरकार 22 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में जनता की सेवा कर रही है। प्रधानमंत्री का स्पष्ट मानना है कि सरकार पर पहला अधिकार गरीबों, किसानों, युवाओं और महिलाओं का है। इसी सोच के अनुरूप केंद्र सरकार ने समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास का लाभ पहुंचाने के लिए अनेक योजनाएं संचालित की हैं। उन्होंने कहा कि पंचतीर्थ, जनजातीय गौरव दिवस, स्टैच्यू ऑफ यूनिटी, कर्तव्य पथ, नेताजी सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा, नया संसद भवन और राष्ट्रीय युद्ध स्मारक जैसे कार्य देश की सांस्कृतिक विरासत, राष्ट्रीय गौरव और आधुनिक विकास के प्रतीक हैं। वीडी राम ने कहा कि केंद्र सरकार ने गरीबी उन्मूलन, स्वच्छता, बुनियादी सुविधाओं के विस्तार, किसान कल्याण, महिला सशक्तिकरण, युवाओं के रोजगार, स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार, अनुसूचित जाति-जनजाति एवं पिछड़े वर्गों के उत्थान, डिजिटल क्रांति और बुनियादी ढांचे के विकास को प्राथमिकता दी है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय सुरक्षा, आतंकवाद के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति, मजबूत विदेश नीति और सांस्कृतिक पुनर्जागरण भी सरकार की प्रमुख उपलब्धियों में शामिल हैं। सांसद ने विकसित भारत के संकल्प को रेखांकित करते हुए कहा कि पिछले 12 वर्षों में लगभग 25 करोड़ लोग गरीबी रेखा से बाहर आए हैं। चार करोड़ से अधिक परिवारों को पक्के मकान मिले हैं, जबकि आयुष्मान भारत योजना के माध्यम से करोड़ों लोगों को स्वास्थ्य सुरक्षा का लाभ प्राप्त हुआ है। महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण के लिए लखपति दीदी अभियान और स्वरोजगार को बढ़ावा देने के लिए मुद्रा योजना प्रभावी साबित हुई है। उन्होंने बताया कि देश में 12 करोड़ से अधिक शौचालयों का निर्माण कर स्वच्छता और महिला सम्मान को बढ़ावा दिया गया है।

## एक भी वोट कटे नहीं, बीएलए टू रखें ध्यान : सुदिव्य कुमार




**गिरिडीह।** गिरिडीह में एसआईआर को लेकर झामुमो ने रविवार को उत्सव उपवन के सभागार में बीएलए टू का एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर सह बूथ सम्मेलन कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष संजय सिंह ने किया। कार्यक्रम में जिला के सभी छः विधानसभा के सभी प्रखंडों के बीएलए टू और बूथ कमेटी के पदाधिकारियों ने भाग लिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नगर विकास मंत्री सुदिव्य कुमार ने कहा कि एक भी वोट कटे नहीं ये बीएलए टू और बूथ कमेटी की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि एसआईआर रूपी जंग को भी झारखंड मुक्ति मोर्चा जीतेगी। इसके लिए बूथ लेवल पर तैयारी चल रही है। गाण्डेय विधायक कल्पना मुर्मू सोरेन ने कहा कि एसआईआर में महिलाओं को ज्यादा ध्यान देने की जरूरत है क्योंकि महिलाओं को बहु के रूप में दूसरे जगह से आना होता है और बेटी के रूप में बाहर जाना होता है। इसलिए बूथ कमेटी अपने अपने बूथ का महिलाओं का जरूरी दस्तावेज अभी से ही तैयार करवा लें। उन्होंने बीएलए टू और कार्यकताओं से कहा कि सही नाम कटना नहीं चाहिए और एक भी फर्जी वोट जुड़ना नहीं चाहिए, इसके लिए बूथ लेवल पर पूरी तैयारी कर लें। झारखंड मुक्ति मोर्चा के केन्द्रीय महासचिव सह प्रवक्ता विनोद कुमार पांडेय ने कहा कि एसआईआर को लेकर झामुमो गंभीर है। एसआईआर प्रक्रिया में बूथ कमेटी से लेकर केन्द्रीय कमेटी तक के पदाधिकारियों की पैनी नजर है । कहा कि पात्र मतदाता छूटे नहीं और अपात्र मतदाता जुड़े नहीं। राज्यसभा सांसद डॉ सरफराज अहमद ने कहा कि एसआईआर को लेकर सभी सतर्क रहें, कोई दिक्कत हो तो वरिष्ठ पदाधिकारियों से तुरंत संपर्क करें। जमुआ के पूर्व विधायक केदार हाजरा ने कहा कि झामुमो कार्यकताओं को लगातार प्रशिक्षण दिया जा रहा है। धनवार के पूर्व विधायक निजामुद्दीन अंसारी ने कहा कि एसआईआर में अल्पसंख्यकों को विशेष ध्यान देने की जरूरत है। कार्यक्रम को डुमरी विधानसभा के नेता अखिलेश महतो राजू, प्रणव वर्मा ने भी संबोधित किया। इसके पहले नेताओं द्वारा शहीद बेदी पर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम को अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर प्रारंभ किया गया। रांची से आई टीम ने एसआईआर प्रक्रिया को बहुत ही सरल तरीके से विस्तार से बताया। एसआईआर प्रक्रिया से संबंधी सभी आवश्यक दस्तावेज भी सभी बीएलए टू और बूथ कमेटी को दिया गया।

## नीट-यूजी को लेकर प्रशासन सतर्क, उपायुक्त व एसपी ने परीक्षा केंद्रों का किया निरीक्षण

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि



**चाईबासा।** जिले में 21 जून को आयोजित होने वाली नीट-यूजी 2026 परीक्षा के सफल, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण संचालन को लेकर जिला प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। इसी क्रम में उपायुक्त मनीष कुमार एवं पुलिस अधीक्षक अमित रेणु ने रविवार को जिला स्कूल चाईबासा तथा मांगीलाल रूंगटा उच्च विद्यालय चाईबासा स्थित परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने परीक्षा केंद्रों पर अभ्यर्थियों के लिए प्रकाश व्यवस्था, पेयजल, पंखों, बेंच-डेस्क एवं अन्य आवश्यक सुविधाओं की उपलब्धता की समीक्षा की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि परीक्षा से पूर्व सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त कर ली जाएं तथा किसी भी प्रकार की कमी को तत्काल दूर किया जाए। उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक ने परीक्षा केंद्रों के आसपास अनावश्यक भीड़ को नियंत्रित करने, सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ रखने तथा परीक्षा अवधि के दौरान यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि परीक्षा के शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित संचालन के लिए सभी आवश्यक तैयारियां समय रहते पूरी कर ली जाएं। गौरतलब है कि जिले में ठएएळ-वक्र 2026 परीक्षा का आयोजन 21 जून 2026 को दोपहर 2:00 बजे से शाम 5:15 बजे तक किया जाएगा। प्रशासन द्वारा परीक्षा को पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न कराने के लिए व्यापक तैयारियां की जा रही हैं।

## चतरा बाजार में जंगली बंदर का आतंक; दुकानों पर जमाया डेरा, रेस्क्यू करने में वन विभाग की टीम रही नाकाम

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि



**चतरा।** जिले के मुख्य बाजार में इन दिनों एक जंगली बंदर के आतंक से स्थानीय व्यवसाई और दुकानदार बेहद परेशान हैं। भोजन की तलाश में जंगल से भटककर आया यह बंदर अब बाजार के लिए आफत बन गया है। स्थानीय दुकानदारों के मुताबिक, बंदर ने बर्तन दुकानों समेत कई व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में अपना स्थायी अड्डा जमा लिया है। यह लगातार दुकानों में घुसकर सामानों को नुकसान पहुंचा रहा है, जिससे व्यापारियों को आर्थिक क्षति हो रही है। मामले की सूचना पर वन विभाग की टीम ने बंदर को पकड़ने के लिए रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया, लेकिन बंदर चकमा देकर भाग निकला। फिलहाल बंदर को पकड़ा नहीं जा सका है और लोग दहशत के साए में व्यापार करने को मजबूर हैं।

## चतरा में 'यमराज' बने गजराज; टंडवा के ढहूं गांव में आधी रात को मचाया तांडव



**चतरा।** जिले के टंडवा में इन दिनों जंगली हाथी ग्रामीणों के लिए 'यमराज' साबित हो रहे हैं। बीती रात करीब 1:00 बजे ढहूं गांव में एक जंगली हाथी ने घुसकर जमकर उत्पात मचाया। हाथी ने कई घरों और दुकानों को क्षतिग्रस्त कर दिया। गनीमत रही कि घर के बाहर सो रहे बुजुर्ग और अन्य ग्रामीण समय रहते भाग निकले, जिससे किसी की जान नहीं गई। लेकिन इस घटना ने वन विभाग और स्थानीय वन समिति की पोल खोलकर रख दी है। पास के जंगल से आए हाथी ने लीलू महतो, राजेंद्र महतो और नामधारी महतो के घरों व दुकानों के लोहे के शटर उखाड़ दिए। साथ ही, दो अन्य घरों की खिड़कियां तोड़कर अंदर रखा क्विंटल चावल चट कर गए। स्थानीय ग्रामीण दीपक कुमार का आरोप है कि हाथियों को खदेड़ने के लिए वन विभाग ने चार स्थानीय युवकों (शंकर, राजू, सुभाष और श्रवण) को लातेहार में विशेष ट्रेनिंग दिलाई है। लेकिन यह टीम सिर्फ हर महीने मानदेय उठाकर जेब भर रही है और मुसीबत के समय मौके पर आने से मना कर देती है। हद तो तब हो गई जब ग्रामीणों ने वन समिति के अध्यक्ष धनु महतो को फोन किया, तो उन्होंने दो टूक कह दिया कि हमें कोई मतलब नहीं है। वन विभाग की इस निष्क्रियता के कारण ग्रामीण अपनी जान जोखिम में डालकर खुद ही हाथियों से पंगा लेने को मजबूर हैं। ग्रामीणों का कहना है कि वन विभाग की यह अनदेखी कभी भी किसी की जान ले सकती है। आक्रोशित ग्रामीणों ने अब लापरवाह वन अध्यक्ष और चारों कागजी रक्षकों को तत्काल हटाने तथा नुकसान के मुआवजे की मांग की है।

# टाटा स्टील प्लांट में चोरी की कोशिश नाकाम, तीन आरोपित गिरफ्तार

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि



**पूर्वी सिंहभूम।** टाटा स्टील की सुरक्षा टीम ने रविवार तड़के एक बड़ी चोरी की घटना को विफल करते हुए तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। आरोपितों के पास से करीब 79 किलोग्राम तांबे की केबल बरामद की गई है, जिसे कथित तौर पर प्लांट परिसर से चोरी कर बाहर ले जाने की तैयारी की जा रही थी। सुरक्षा विभाग को मिली गोपनीय सूचना के बाद सुबह लगभग 4:30 बजे जमशेदपुर स्थित टाटा स्टील प्लांट के भीतर विशेष निगरानी और जांच अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान सुरक्षा कर्मियों ने तीन संदिग्ध व्यक्तियों को कंपनी की मूल्यवान सामग्री के साथ पकड़ लिया। तलाशी लेने पर उनके कब्जे से बड़ी मात्रा में कॉपर केबल बरामद हुई। गिरफ्तार किए गए आरोपितों की पहचान जुगसलाई निवासी मोहम्मद सिराज, मोहम्मद शहबाज और मुबारक अली के रूप में हुई है। सुरक्षा अधिकारियों ने तीनों से प्रारंभिक पूछताछ की और इसके बाद आगे की कानूनी प्रक्रिया के लिए उन्हें बिष्टुपुर थाना पुलिस को सौंपने की कार्रवाई शुरू कर दी। टाटा स्टील प्रबंधन का कहना है कि सुरक्षा टीम की सतर्कता और त्वरित कार्रवाई के कारण कंपनी की संपत्ति को नुकसान पहुंचने से बचा लिया गया। घटना के बाद प्लांट की सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा करते हुए निगरानी तंत्र को और मजबूत बनाने के निर्देश दिए गए हैं। वहीं, बिष्टुपुर थाना प्रभारी अशोक दुबे ने बताया कि टाटा स्टील की ओर से चोरी के आरोप में तीन लोगों को पुलिस के हवाले किया गया है। मामले की जांच की जा रही है और जांच के आधार पर आरोपितों के खिलाफ आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस यह भी पता लगाने का प्रयास कर रही है कि इस मामले में अन्य लोग भी शामिल हैं या नहीं तथा आरोपितों का कोई आपराधिक इतिहास रहा है या नहीं।

# अंजुमन इस्लामिया के शिविर में 100 यूनिट रक्तदान, मानव सेवा का दिया संदेश

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि



**चाईबासा।** विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर रविवार को अंजुमन इस्लामिया चाईबासा द्वारा उर्दू लाइब्रेरी, बड़ी बाजार में रक्तदान एवं निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का सफल आयोजन किया गया। शिविर में युवाओं, समाजसेवियों एवं विभिन्न संगठनों के सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए रक्तदान किया। इस दौरान कुल 100 यूनिट रक्त संग्रह किया गया, जो जरूरतमंद मरीजों के लिए महत्वपूर्ण योगदान साबित होगा।

शिविर में रक्तदान के साथ-साथ निःशुल्क स्वास्थ्य जांच की व्यवस्था भी की गई थी। चिकित्सकों ने लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण कर आवश्यक परामर्श दिया। रक्तदाताओं को प्रमाण-पत्र एवं प्रशस्ति देकर सम्मानित किया गया। आयोजकों ने कहा कि रक्तदान मानवता की सबसे बड़ी सेवा है। एक यूनिट रक्त किसी गंभीर मरीज को नया जीवन दे सकता है। उन्होंने लोगों से नियमित रूप से रक्तदान करने की अपील करते हुए बताया कि रक्तदान न केवल किसी की जान बचाता है, बल्कि इससे शरीर में नए रक्त का निर्माण भी होता है, जो स्वास्थ्य के लिए लाभकारी है। इस अवसर पर मुहम्मद ब्लड डोनर्स चाईबासा के सदस्यों ने भी लोगों को रक्तदान के लिए प्रेरित किया तथा रक्तदान से जुड़े भ्रांतियों को दूर करने का प्रयास किया। वक्ताओं ने पैगंबर मुहम्मद (स.अ.) के संदेश का उल्लेख करते हुए कहा कि जिसने एक इंसान की जान बचाई, उसने पूरी इंसानियत को बचाया।

कार्यक्रम के अंत में आयोजकों ने सभी रक्तदाताओं, चिकित्सकों, स्वयंसेवकों एवं सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त किया तथा उनके उत्तम स्वास्थ्य एवं उज्वल भविष्य की कामना की। शिविर के माध्यम से समाज में मानवता, सेवा, परोपकार और सामाजिक जिम्मेदारी का सशक्त संदेश दिया गया।

## ललित नारायण स्टेडियम में कराटे बेल्ट और प्रमाण पत्र किया गया निर्गत

प्रातः नागपुरी संवाददाता



**लोहरदगा।** एस.एस. स्पोर्टस कराटे एसोसिएशन एवं शोतोकान स्कूल कराटे एसोसिएशन ऑफ इंडिया के संयुक्त तत्वावधान में आज (रविवार) ललित नारायण स्टेडियम में कराटे बेल्ट और सर्टिफिकेट का वितरण किया गया। ज्ञात हो कि पिछले 17 मई को कराटे खिलाड़ियों की बेल्ट ग्रेडिंग परीक्षा रेंशी श्रवण साहू ब्लैक बेल्ट छठवीं डॉन के द्वारा ली गई थी, जो खिलाड़ी उस ग्रेडिंग परीक्षा में सफल हुए थे उनको आज बेल्ट और सर्टिफिकेट देखकर सम्मानित किया गया। पर्पल से ब्राउन बेल्ट तनु उरांव और आराधना उरांव ब्लू बेल्ट से पर्पल बेल्ट, जुनैद रजा अंसारी और निखिल कुमार साहू ग्रीन से ब्लू बेल्ट, अर्श अर्पित टोप्पो, निखिल कुमार साहू, जुनेद राजा अंसारी तथा ऑरेंज से ग्रीन बेल्ट अर्पिता टोप्पो, भूमिका कुमारी आराध्या कुमारी, अर्पिता कुमारी, तक्ष्वी शंकर, रिद्धि रानी और अंश राज येलो से ऑरेंज बेल्ट ईशा भगत, लक्ष्मी शंकर आसिफा नाज, व्हाइट से येलो बेल्ट अमीना परवीन, पूनम कुमारी और ईशा भगत बेल्ट और सर्टिफिकेट पाकर सभी खिलाड़ी काफी प्रसन्न नजर आये। सर्टिफिकेट वितरण समारोह में विशेष रूप से ब्लैक बेल्ट फर्स्ट डॉन प्रियांशु सिंह, सानिया परवीन, यश उराव, आदर्श राव, मृगांक वैभव और संतुष्टि महली उपस्थित रहे।

## संपादकीय

### अंतरराष्ट्रीय कानूनों की अनदेखी

**पश्चिम** एशिया में जारी संघर्ष अब केवल युद्धरत देशों तक सीमित नहीं रह गया है, बल्कि इसका दुष्प्रभाव उन देशों और नागरिकों पर भी पड़ने लगा है जिनका इस टकराव से कोई प्रत्यक्ष संबंध नहीं है। हाल के दिनों में ओमान तट के निकट भारतीय नाविकों से जुड़े वाणिज्यिक जहाजों पर हुए हमलों ने वैश्विक समुद्री सुरक्षा, अंतरराष्ट्रीय कानूनों और महाशक्तियों की जवाबदेही पर गंभीर प्रश्न खड़े कर दिए हैं। युद्ध की परिस्थितियों में भी अंतरराष्ट्रीय मानवीय कानून और समुद्री नियम स्पष्ट रूप से यह व्यवस्था देते हैं कि नागरिक जहाजों, वाणिज्यिक गतिविधियों और तटस्थ देशों के हितों को सुरक्षित रखा जाए। किंतु जब ऐसे जहाजों को निशाना बनाया जाता है, जिनका युद्ध से कोई संबंध नहीं है, तो यह न केवल कानूनों की अवहेलना है बल्कि वैश्विक व्यापार और मानव जीवन के प्रति घोर असंवेदनशीलता भी है। भारतीय नाविकों की मृत्यु और कई जहाजों पर हुए हमले इस बात की चेतावनी हैं कि यदि युद्धरत पक्ष संयम नहीं बरतते, तो संघर्ष का दायरा और व्यापक हो सकता है। समुद्री मार्ग केवल व्यापार का माध्यम नहीं हैं, बल्कि दुनिया की ऊर्जा आपूर्ति और आर्थिक स्थिरता की जीवनरेखा हैं। विशेष रूप से होर्मुज जलडमरूमध्य जैसे रणनीतिक मार्गों में किसी भी प्रकार की बाधा का असर पूरी दुनिया पर पड़ता है। भारत द्वारा इस मुद्दे पर कड़ी आपत्ति दर्ज कराना उचित और आवश्यक कदम है। एक जिम्मेदार राष्ट्र के रूप में भारत ने हमेशा अंतरराष्ट्रीय कानूनों, समुद्री स्वतंत्रता और शांतिपूर्ण समाधान का समर्थन किया है। ऐसे में भारतीय नागरिकों और वाणिज्यिक हितों की सुरक्षा सुनिश्चित करना उसकी प्राथमिक जिम्मेदारी है। आज आवश्यकता इस बात की है कि युद्धरत पक्ष अपने सैन्य और राजनीतिक उद्देश्यों से ऊपर उठकर वैश्विक हितों पर विचार करें। वाणिज्यिक जहाजों और नागरिक ढांचों पर हमले तत्काल बंद होने चाहिए तथा समुद्री मार्गों की सुरक्षा के लिए अंतरराष्ट्रीय समुदाय को सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए। यदि महाशक्तियां अपने वर्चस्व की लड़ाई में अंतरराष्ट्रीय नियमों की अनदेखी करती रहेंगी, तो वैश्विक व्यवस्था की विश्वसनीयता पर गंभीर संकट खड़ा हो जाएगा। युद्ध किसी समस्या का स्थायी समाधान नहीं होता। संवाद, संयम और अंतरराष्ट्रीय कानूनों का सम्मान ही वह मार्ग है जो दुनिया को एक बड़े मानवीय और आर्थिक संकट से बचा सकता है। यही समय की सबसे बड़ी मांग है।

# भारत की बढ़ती परमाणु ताकत से चौकन्ना अंतरराष्ट्रीय जगत

**कमलेश पांडे**

एसआईपीआरआई ने पहली बार आकलन किया है कि भारत के लगभग 12 परमाणु वारहेड तैनातइ अवस्था में हैं। पहले भारत आमतौर पर वारहेड और डिलीवरी सिस्टम (मिसाइल/विमान) को अलग-अलग रखता था। भारत का परमाणु आधुनिकीकरण अब अधिकाधिक चीन तक पहुंच रखने वाली लंबी दूरी की मिसाइलों, समुद्री प्रतिरोधक क्षमता और नई डिलीवरी प्रणालियों पर केंद्रित है। भारत का परमाणु आधुनिकीकरण अब अधिकाधिक लंबी दूरी की उन प्रणालियों पर केंद्रित है जो पूरे चाइना तक पहुंचने में सक्षम हों। भारत की रणनीतिक योजना में पाकिस्तान के साथ पारंपरिक प्रतिद्वंद्विता अभी भी महत्वपूर्ण है, लेकिन चीन को ध्यान में रखकर भी क्षमताओं का विस्तार किया जा रहा है। भारत की परमाणु त्रिस्तरीय क्षमता (भूमि, वायु और समुद्र आधारित प्रतिरोधक शक्ति) परिपक्व हो रही है और समुद्र-आधारित प्रतिरोधक क्षमता को विशेष महत्व दिया जा रहा है। एसआईपीआरआई का कहना है कि भारत उन देशों में शामिल है जो अपने परमाणु शस्त्रागार का आधुनिकीकरण कर रहे हैं। विशेष चिंता इस बात को लेकर है कि वैश्विक स्तर पर परमाणु हथियारों की भूमिका फिर बढ़ रही है और कई देश अधिक परिचालन-तत्पर परमाणु बल विकसित कर रहे हैं। रिपोर्ट यह भी कहती है कि भारत केवल वारहेड की संख्या नहीं बढ़ा रहा, बल्कि नई मिसाइल प्रणालियां, लंबी दूरी की क्षमताएं, एमआईआरवी तकनीक तथा समुद्री परमाणु प्रतिरोधक क्षमता विकसित कर रहा है। इससे भारत की द्वितीय प्रहार क्षमताइ और अधिक मजबूत होती है। आवश्यक नहीं, क्योंकि भारत को अक्सर एक जिम्मेदार परमाणु शक्ति के रूप में देखा जाता है, जिसने अपेक्षाकृत संयमित परमाणु नीति अपनाई है। फिर भी, क्योंकि परमाणु हथियारों का प्रभाव वैश्विक होता है, इसलिए भारत की बढ़ती क्षमता को लेकर दुनिया में स्वाभाविक रूप से रणनीतिक विश्लेषण, निगरानी और सतर्कता बनी रहती है। अधिकांश पश्चिमी देशों और रणनीतिक विशेषज्ञों का मानना है कि भारत का परमाणु कार्यक्रम मुख्यतः विश्वसनीय न्यूनतम प्रतिरोध और पहले उपयोग नहीं जैसे सिद्धांतों पर आधारित रहा है। इसलिए भारत को आमतौर पर एक जिम्मेदार परमाणु शक्ति के रूप में देखा जाता है। हालांकि उसके पड़ोसी देशों और कुछ रणनीतिक प्रतिद्वंद्वियों के लिए उसकी बढ़ती क्षमता चिंता का विषय हो सकती है। भारत अब केवल दक्षिण एशिया की नहीं, बल्कि व्यापक एशियाई शक्ति-संतुलन की गणना में शामिल हो चुका है। चीन और पाकिस्तान दोनों को ध्यान में रखकर भारत अपनी प्रतिरोधक क्षमता को उन्नत कर रहा है। एशिया में चीन, भारत और पाकिस्तान के बीच सामरिक संतुलन आने वाले वर्षों में वैश्विक सुरक्षा विमर्श का प्रमुख विषय बना रह सकता है। दूसरा, भारत की विश्वसनीय न्यूनतम प्रतिरोधइ नीति बरकरार है, लेकिन परिचालन तत्परता बढ? के संकेतों ने वैश्विक रणनीतिक समुदाय का ध्यान आकर्षित किया है। इस प्रकार से भारत अब केवल न्यूनतम प्रतिरोधक क्षमता बनाए रखने तक सीमित नहीं दिख रहा, बल्कि उसकी प्रतिरोधक



> *भारत को आमतौर पर एक जिम्मेदार परमाणु शक्ति के रूप में देखा जाता है। हालांकि उसके पड़ोसी देशों और कुछ रणनीतिक प्रतिद्वंद्वियों के लिए उसकी बढ़ती क्षमता चिंता का विषय हो सकती है। भारत अब केवल दक्षिण एशिया की नहीं, बल्कि व्यापक एशियाई शक्ति-संतुलन की गणना में शामिल हो चुका है। चीन और पाकिस्तान दोनों को ध्यान में रखकर भारत अपनी प्रतिरोधक क्षमता को उन्नत कर रहा है। एशिया में चीन, भारत और पाकिस्तान के बीच सामरिक संतुलन आने वाले वर्षों में वैश्विक सुरक्षा विमर्श का प्रमुख विषय बना रह सकता है। दूसरा, भारत की विश्वसनीय न्यूनतम प्रतिरोधइ नीति बरकरार है, लेकिन परिचालन तत्परता बढ़ने के संकेतों ने वैश्विक रणनीतिक समुदाय का ध्यान आकर्षित किया है। इस प्रकार से भारत अब केवल न्यूनतम प्रतिरोधक क्षमता बनाए रखने तक सीमित नहीं दिख रहा, बल्कि उसकी प्रतिरोधक क्षमता अधिक विश्वसनीय और त्वरित प्रतिक्रिया योग्य बन रही है। समुद्र-आधारित परमाणु क्षमता और लंबी दूरी की मिसाइलों के कारण भारत की दूसरे प्रहार की क्षमता मजबूत हो रही है।*

क्षमता अधिक विश्वसनीय और त्वरित प्रतिक्रिया योग्य बन रही है। समुद्र-आधारित परमाणु क्षमता और लंबी दूरी की मिसाइलों के कारण भारत की दूसरे प्रहार की क्षमता मजबूत हो रही है। ताजा एसआईपीआरआई रिपोर्ट भारत को एक ऐसी परमाणु शक्ति के रूप में देखती है जो संख्या की दृष्टि से धीरे-धीरे बढ़ रही है, लेकिन उससे भी अधिक महत्वपूर्ण बात यह है कि उसकी परमाणु क्षमता पहले की तुलना में अधिक आधुनिक, तैनात और परिचालन रूप से सक्षम होती जा रही है। भारत की परमाणविक क्षमता को लेकर दुनिया में जो सतर्कता और रणनीतिक चिंता दिखाई देती है, उसके पीछे कई भू-राजनीतिक और सामरिक कारण हैं। यह चिंता केवल भारत तक सीमित नहीं है; किसी भी परमाणु शक्ति के बारे में वैश्विक समुदाय इसी प्रकार सतर्क रहता है। एशिया में बदलता शक्ति-संतुलनः भारत आज एशिया की प्रमुख शक्तियों में से एक है। उसकी बढ़ती सैन्य और आर्थिक क्षमता का प्रभाव सीधे चीन, पाकिस्तान और व्यापक हिंद-प्रशांत क्षेत्र पर पड़ता है। इसलिए भारत की परमाणु शक्ति में हर वृद्धि क्षेत्रीय रणनीतिक समीकरणों को प्रभावित करती है।

**एशिया के दो परमाणु पड़ोसियों के साथ जटिल संबंध :** भारत की सीमाएं दो परमाणु-संपन्न देशों–चीन और पाकिस्तान से जुड़ी हैं। सीमा विवाद, आतंकवाद और क्षेत्रीय प्रतिस्पर्धा के कारण किसी भी संकट की स्थिति में परमाणु आयाम जुड़ जाने की आशंका रणनीतिक विशेषज्ञों को चिंतित रखती है।

**लंबी दूरी की मिसाइलों का विकास :** भारत की उन्नत मिसाइल प्रणालियां उसकी प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत बनाती हैं। लेकिन जब कोई देश दूरस्थ लक्ष्यों तक मार करने वाली क्षमता विकसित करता है, तो अन्य देश उसके दीर्घकालिक सामरिक उद्देश्यों और शक्ति-प्रक्षेपण क्षमता का अध्ययन करने लगते हैं। भारत की अग्नि 5 और उससे आगे विकसित हो रही मिसाइल प्रणालियां एशिया के बड़े हिस्से तक पहुंचने में सक्षम हैं। इससे भारत की प्रतिरोधक क्षमता बढ़ी है, जो वैश्विक रणनीतिक समीकरणों को प्रभावित करती है।

**हिंद महासागर का बढ़ता महत्व :** भारत की समुद्री परमाणु क्षमता, विशेषकर परमाणु पनडुब्बियों की तैनाती, हिंद महासागर क्षेत्र में उसकी रणनीतिक स्थिति को मजबूत करती है। यह क्षेत्र वैश्विक व्यापार और ऊर्जा आपूर्ति के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है, इसलिए यहां शक्ति-संतुलन में बदलाव दुनिया का ध्यान आकर्षित करता है। इससे हिंद-प्रशांत क्षेत्र में शक्ति संतुलन बना है। भारत की बढ़ती सामरिक ताकत का सीधा प्रभाव एशिया के शक्ति-संतुलन पर पड़ता है। विशेषकर चीन और पाकिस्तान भारत की सैन्य क्षमताओं पर बारीकी से नजर रखते हैं। इससे क्षेत्रीय हथियार प्रतिस्पर्धा बढ़ने की आशंका बनी रहती है।

**वैश्विक शक्ति के रूप में भारत का उदय :** भारत केवल सैन्य शक्ति नहीं, बल्कि एक बड़ी अर्थव्यवस्था, तकनीकी केंद्र और उभरती वैश्विक कूटनीतिक शक्ति भी है। जब किसी देश का वैश्विक प्रभाव बढ़ता है, तो उसकी परमाणु क्षमता का महत्व भी बढ़ जाता है। इसलिए प्रमुख शक्तियां भारत की रक्षा और परमाणु नीतियों पर विशेष नजर रखती हैं। अब भारत केवल परमाणु शक्ति ही नहीं, बल्कि तेजी से उभरती आर्थिक और भू-राजनीतिक शक्ति भी है। इसलिए विश्व की बड़ी शक्तियां भारत की सैन्य क्षमताओं को उसके बढ़ते अंतरराष्ट्रीय प्रभाव के संदर्भ में देखती हैं।

**संकट प्रबंधन की चुनौती :** दुनिया की चिंता का एक कारण यह भी है कि परमाणु हथियारों से लैस देशों के बीच किसी भी सैन्य टकराव का प्रभाव सीमाओं से बहुत आगे तक जा सकता है। इसलिए अंतरराष्ट्रीय समुदाय चाहता है कि सभी परमाणु शक्तियां संयम, संवाद और विश्वसनीय कमान-नियंत्रण व्यवस्था बनाए रखें। परमाणु हथियारों के प्रसार को लेकर चिंताः दुनिया के अधिकांश देश चाहते हैं कि परमाणु हथियारों की संख्या और भूमिका सीमित रहे। किसी भी देश की बढ़ती परमाणु क्षमता को इसलिए भी सावधानी से देखा जाता है ताकि वैश्विक हथियार नियंत्रण व्यवस्था पर उसका प्रभाव समझा जा सके। भारत की बढ़ती सैन्य-तकनीकी क्षमताः भारत ने पिछले दो दशकों में अपनी परमाणु त्रिस्तरीय क्षमता को मजबूत किया है। यानी भारत अब भूमि, वायु और समुद्र–तीनों माध्यमों से परमाणु हथियार दागने की क्षमता रखता है। इसमें आईएनएस अरिहंत जैसी परमाणु पनडुब्बियों की भूमिका महत्वपूर्ण है। यही वजह है कि भारत की परमाणु शक्ति को लेकर दुनियावी सतर्कता का सबसे बड़ा कारण भय नहीं, बल्कि यह तथ्य है कि भारत अब वैश्विक शक्ति-संतुलन को प्रभावित करने वाली प्रमुख शक्तियों में शामिल हो चुका है। जितना बड़ा देश का सामरिक प्रभाव होगा, उतनी ही अधिक उसकी क्षमताओं, नीतियों और निर्णयों पर अंतरराष्ट्रीय नजर रहेगी। अंतरराष्ट्रीय मामलों के जानकार भी बताते हैं कि भारत की बढ़ती परमाणु क्षमताओं को लेकर दुनिया का दृष्टिकोण पूरी तरह घबराहट का नहीं, बल्कि सतर्कता और रणनीतिक चिंता का है।

**– लेखक के निजी विचार हैं।**

# दृष्टिकोण बदलते ही खुलने लगती हैं जीवन की नई संभावनाएं

**संध्या अग्रवाल**

हम अपने बारे में जो मान लेते हैं, वही धीरे-धीरे हमारे व्यवहार का आधार बन जाता है। यदि कोई व्यक्ति स्वयं को कमजोर मानता है, तो वह चुनौतियों का सामना करने से पहले ही पीछे हटने लगता है। वह जोखिम लेने से बचता है और अवसरों को खो देता है। इसके विपरीत, जो व्यक्ति स्वयं को सीखने और बदलने योग्य मानता है, वह कठिन परिस्थितियों में भी रास्ते खोजने लगता है। यही अंतर आगे चलकर उसके जीवन की दिशा निर्धारित करता है। यहीं से यह समझ विकसित होती है कि जीवन केवल परिस्थितियों का परिणाम नहीं है, बल्कि दृष्टिकोण का भी परिणाम है। कोई समस्या मानकर रुक जाता है, तो कोई उसे अवसर मानकर आगे बढ़ता है। हम एक ऐसे दौर में जी रहे हैं जहां तुलना बहुत सहज हो गई है। सोशल मीडिया और बाहरी दुनिया की चमक ने हमारे देखने के तरीके को प्रभावित किया है। हम दूसरों के जीवन का वह हिस्सा देखते हैं, जो सबसे बेहतर होता है, लेकिन उसके पीछे छिपा संघर्ष नहीं देख पाते। परिणाम यह होता है कि हम अपने जीवन को कमतर आंकने लगते हैं और यह मान लेते हैं कि हम पीछे हैं। यह तुलना धीरे-धीरे हमारे आत्मविश्वास को कमजोर करती है। व्यक्ति अपनी क्षमताओं पर संदेह करने लगता है। जबकि वास्तविकता यह होती है कि वह केवल एक अधूरी तस्वीर के आधार पर खुद को परख रहा होता है। यह स्थिति व्यक्ति को अपने वास्तविक स्वरूप से दूर कर देती है।



कई बार हम अपने अतीत के अनुभवों को ही अपनी पहचान बना लेते हैं। कुछ असफलताएं, कुछ गलत निर्णय या कुछ सीमित अवसर हमारे भीतर यह धारणा बना देते हैं कि हम ऐसे ही हैं और इससे आगे नहीं बढ़ सकते। धीरे-धीरे यह धारणा हमारी सोच की सीमा बन जाती है। अगर हम ठहरकर विचार करें, तो यह स्पष्ट होता है कि अतीत केवल एक अनुभव है, अंतिम सत्य नहीं।

मनुष्य की सबसे बड़ी विशेषता यही है कि वह सीख सकता है और बदल सकता है। इतिहास और समाज में ऐसे अनेक उदाहरण मिलते हैं, जहां लोगों ने विपरीत परिस्थितियों के बावजूद अपने जीवन की दिशा बदली है। यह बदलाव किसी चमत्कार से नहीं, बल्कि सोच में आए परिवर्तन से संभव हुआ है। परिवर्तन का आरंभ भीतर से होता है। जब हम खुद को नए नजरिए से देखने लगते हैं, तो हमारी संभावनाएं भी खुलने लगती हैं। जो बातें पहले असंभव लगती थीं, वे धीरे-धीरे संभव लगने लगती हैं। यह बदलाव एक दिन में नहीं आता, बल्कि छोटे-छोटे प्रयासों और निरंतर अभ्यास से विकसित होता है। जो व्यक्ति हर समस्या को केवल बाधा मानता है, वह जल्दी हार मान लेता है। मगर जो व्यक्ति उसी समस्या को सीख के रूप में देखता है, वह समाधान खोजने का प्रयास करता है। धीरे-धीरे यही प्रयास उसे आगे बढ़ाते हैं और व्यक्ति अपने भीतर नई क्षमताएं विकसित कर लेता है।

यहां यह समझना भी जरूरी है कि सकारात्मक दृष्टिकोण का अर्थ समस्याओं को नकारना नहीं है। इसका अर्थ यह है कि हम समस्याओं को स्वीकार करते हुए भी उनसे घबराते नहीं हैं, बल्कि उनका सामना करने की मानसिक तैयारी रखते हैं। यही तैयारी व्यक्ति को मजबूत बनाती है। हम अक्सर बाहरी बदलावों के पीछे भागते हैं– बेहतर नौकरी, बेहतर साधन, बेहतर माहौल। मगर भीतर का नजरिया नहीं बदलता, तो बाहर की उपलब्धियां भी स्थायी संतोष नहीं दे पातीं। इसके विपरीत, व्यक्ति का दृष्टिकोण संतुलित और सकारात्मक हो, तो वह सीमित परिस्थितियों में भी संतोष और अर्थ खोज सकता है। इसीलिए जीवन का सबसे महत्त्वपूर्ण प्रश्न यह नहीं है कि हमारे पास क्या है, बल्कि यह है कि हमारे पास जो है, उसे किस दृष्टि से देख रहे हैं। एक ही स्थिति किसी के लिए अभाव बन सकती है और किसी के लिए अवसर। यह पूरी तरह हमारे सोचने के तरीके पर निर्भर करता है।

धीरे-धीरे यही सोच हमारे जीवन का स्वरूप तय करती है। अगर हम खुद को सीमाओं में देखेंगे, तो हमारा जीवन भी सीमित होता जाएगा, लेकिन हम अपने भीतर संभावनाएं देखना शुरू करेंगे, तो जीवन का विस्तार अपने आप होने लगेगा। यही वह बिंदु है, जहां व्यक्ति अपने जीवन की जिम्मेदारी स्वयं लेने लगता है। यह समझना आवश्यक है कि जीवन कोई स्थिर ढांचा नहीं है। यह एक निरंतर बनने और बदलने वाली प्रक्रिया है। इस प्रक्रिया में सबसे महत्त्वपूर्ण भूमिका हमारे विचारों, दृष्टिकोण और निर्णयों की होती है। हम जैसे अपने जीवन को देखते हैं, वैसा ही जीवन धीरे-धीरे हमारे सामने आकार लेने लगता है। आज के समय में, जब मानसिक तनाव, असंतोष और आत्म-संदेह जैसी समस्याएं तेजी से बढ़ रही हैं, यह और भी जरूरी हो जाता है कि हम अपने दृष्टिकोण पर ध्यान दें। केवल बाहरी उपलब्धियों से जीवन संतुलित नहीं होता, बल्कि भीतर की स्पष्टता और संतोष भी उतने ही आवश्यक हैं। अगर हम अपने भीतर सकारात्मक और यथार्थवादी दृष्टि विकसित कर लेते हैं, तो जीवन की जटिलताएं भी सहज लगने लगती हैं। आखिरकार जीवन का अर्थ परिस्थितियों में नहीं, बल्कि उन्हें देखने के हमारे ढंग में छिपा है। जब यह ढंग बदल जाता है, तो वही जीवन एक नई संभावना बन जाता है।

**– लेखक के व्यक्तिगत विचार हैं।**

## आज का पंचांग

### दैनिक पंचांग

**15 जून 2026 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह | स्थिति | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | वृष में | मिथुन | 05.19 बजे से |
| चंद्र | वृष में | कर्क | 07.33 बजे से |
| मंगल | मेष में | सिंह | 09.49 बजे से |
| बुध | मिथुन में | कन्या | 12.01 बजे से |
| गुरु | कर्क में | तुला | 14.11 बजे से |
| शुक्र | कर्क में | वृश्चिक | 16.26 ब.से |
| शनि | मीन में | धनु | 18.42 बजे से |
| राहु | कुंभ में | मकर | 20.47 बजे से |
| केतु | सिंह में | कुंभ | 22.34 बजे से |
| राहुकाल 7.30 से 9.00 बजे तक | | मीन | 00.07 बजे से |
| | | मेष | 01.37 बजे से |
| | | वृष | 03.17 बजे से |

**सोमवार** 2026 वर्ष का 166 वा दिन **दिशाशूल** पूर्व **ऋतु** वर्षा। **विक्रम संवत्** 2083 **शक संवत्** 1948 **मास** ज्येष्ठ **पक्ष** कृष्ण **तिथि** अमावस्या 08.24 बजे तदनन्तर प्रतिपदा 04.31 बजे प्रात: को समाप्त। **नक्षत्र** मृगशीर्ष 19.09 बजे को समाप्त। **योग** शूल 08.56 बजे तदनन्तर गण्ड 04.39 बजे प्रात: को समाप्त। **करण** नाग 08.24 बजे, किंस्तुघ्न 18.27 बजे तदनन्तर बव 04.31 बजे प्रात: को समाप्त। **चन्द्रायु** 24.2 घण्टे **रवि क्रान्ति** उत्तर 23° 18' **सूर्य** उत्तरायन **कलि अहर्गण** 1872741 **जूलियन दिन** 2461206.5 **कलियुग संवत्** 5128 **कल्पारंभ संवत्** 1972949128 **सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885128 **वीरनिर्वाण संवत्** 2552 **हिजरी सन्** 1447 **महीना** जिल्हेज **तारीख** 29 **विशेष** स्नानदान सोमवती अमावस्या।

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| अमृत | 05.53 से | 07.22 बजे तक | चर | 05.43 से | 07.14 बजे तक |
| काल | 07.22 से | 08.50 बजे तक | रोग | 07.14 से | 08.45 बजे तक |
| शुभ | 08.50 से | 10.19 बजे तक | काल | 08.45 से | 10.17 बजे तक |
| रोग | 10.19 से | 11.48 बजे तक | लाभ | 10.17 से | 11.48 बजे तक |
| उद्वेग | 11.48 से | 01.17 बजे तक | उद्वेग | 11.48 से | 01.19 बजे तक |
| चर | 01.17 से | 02.45 बजे तक | शुभ | 01.19 से | 02.51 बजे तक |
| लाभ | 02.45 से | 04.14 बजे तक | अमृत | 02.51 से | 04.2 बजे तक |
| अमृत | 04.14 से | 05.43 बजे तक | चर | 04.22 से | 05.53 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। Jagrutidaur.com, Bangalore

## शब्द पहेली - 8892

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | 1 | | 2 | ■ | 3 | | 4 | ■ |
| 5 | | ■ | | ■ | | ■ | 6 | 7 |
| | ■ | 8 | | 9 | | ■ | ■ | |
| 10 | | | ■ | | ■ | 11 | | |
| ■ | ■ | 12 | | ■ | 13 | | ■ | ■ |
| 14 | | | ■ | 15 | ■ | 16 | | 17 |
| | ■ | ■ | 18 | | 19 | | ■ | |
| 20 | 21 | ■ | | ■ | | ■ | 22 | |
| ■ | 23 | | | ■ | 24 | | | ■ |

**बाएँ से दाएँ**

1. सरस्वती-3
3. किनारा, तट-3
5. मूल्य, कीमत-2
6. उस समय-2
8. प्रबंध, व्यवस्था-4
10. नमक-3
11. अधीन, मातहत-3
12. संज्ञा, संबोधन-2
13. मार्ग, रास्ता-2
14. तीर्थ, धार्मिक यात्रा-3
16. धुन, आसक्ति-3
18. जमानत-4
20. रहस्य-2
22. पुत्र, तनय-2
23. मुलायम-3
24. गंवार, अनपढ़-3

**ऊपर से नीचे**

1. संध्या, सांझ-2
2. असुर, दैत्य-3
3. शोरबा, रसा-3
4. बुरी आदत-2
5. प्रवेश, एडमिट-3
7. वर यात्रा, दूल्हे का जुलूस-3
8. प्रियतम, साजन-4
9. अनाज-2
11. सनसनी, रोमांच-4
14. तृतीय-3
15. सच्चाई, सत्य-2
17. जिसकी नाक कटी हो, वादा फरामोश-3
18. मुंशी, दीवान-3
19. रवैया, तरीका-3
21. आम जनता-2
22. लता, लतिका-2

**शब्द पहेली -8891 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | ना | ह | र | ■ | | आ | ■ | सी |
| रॉ | ■ | म | ■ | फ | स | ल | ■ | ल |
| क | म | ला | क | र | ■ | म | ही | न |
| ■ | ■ | व | ■ | क | म | ■ | र | ■ |
| ब | ना | र | स | ■ | द | र | क | ना |
| ■ | जु | ■ | म | य | ■ | ख | ■ | ■ |
| अ | क | ल | ■ | ती | मा | र | दा | री |
| स | ■ | क | र | म | ■ | खा | ■ | स |
| ली | ■ | बा | ■ | ■ | ह | ब | न | ■ |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## सुडोकू

**सूडोकु नवताल- 7826** ★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | | | | 8 | | | | 9 |
| | | | | | | | | |
| | | 8 | 6 | | 9 | 5 | | |
| 6 | 5 | | | 4 | | | 7 | 1 |
| | 4 | | | | | | 2 | |
| 1 | 2 | | | 6 | | | 9 | 8 |
| | | 6 | 4 | | 5 | 8 | | |
| | | | | | | | | |
| 9 | | | | 1 | | | | 7 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल -7825 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 2 | 4 | 3 | 9 | 7 | 5 | 1 | 6 |
| 3 | 5 | 6 | 1 | 4 | 2 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | 9 | 7 | 6 | 5 | 8 | 2 | 3 | 4 |
| 9 | 6 | 2 | 5 | 8 | 3 | 1 | 4 | 7 |
| 5 | 3 | 1 | 4 | 7 | 9 | 8 | 6 | 2 |
| 4 | 7 | 8 | 2 | 1 | 6 | 9 | 5 | 3 |
| 2 | 8 | 3 | 9 | 6 | 1 | 4 | 7 | 5 |
| 6 | 1 | 5 | 7 | 2 | 4 | 3 | 9 | 8 |
| 7 | 4 | 9 | 8 | 3 | 5 | 6 | 2 | 1 |



# कटरीना की फैन हैं दिशा



'वेलकम टू द जंगल' का मजेदार ट्रेलर लॉन्च हो गया है। ट्रेलर कॉमेडी से भरा है। ट्रेलर लॉन्च इवेंट के दौरान दिशा पाटनी और जॉनी लीवर ने फिल्म को लेकर अपना अनुभव शेयर किया। अक्षय कुमार अपने कॉमेडी जोन में वापस लौट आए हैं। 'वेलकम टू द जंगल' का का मजेदार ट्रेलर आज गुरुवार को रिलीज हो गया है। ट्रेलर लॉन्च इवेंट के कई वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहे हैं, जिनमे से दिशा पाटनी और जॉनी लीवर के भी वीडियो सामने आए हैं, जिनमें उन्होंने फिल्म और अपने से जुड़ी कुछ खास बातों का जिक्र किया है। 'वेककम टू द जंगल' में इस दिशा पाटनी मुख्य भूमिका में हैं। फिल्म 'वेककम' में कटरीना कैफ थीं। 'वेलकम' में कटरीना पर फिल्मया 'ऊंचा लंबा कद' गाना इस बार 'वेलकम टू द जंगम' में भी है, जिसे दिशा पर फिल्माया गया है। इस फिल्म के ट्रेलर लॉन्च के दौरान दिशा ने कहा कि वह कटरीना कैफ की बहुत बड़ी फैन हैं। दिशा ने आगे कहा कि इस फिल्म में काम करना उनकी जिंदगी का सबसे खास अनुभव रहा है। इसके साथ ही दिशा ने यह भी कहा कि उन्हें इस फिल्म का गाना 'ऊंचा लंबा कद' बेहद पसंद है। इस गाने को करने में उन्हें बेहद मजा भी आया। फिल्म 'वेककम टू द जंगल' में जॉनी लीवर ने भी अहम भूमिका निभाई है। इस फिल्म के ट्रेलर लॉन्च के दौरान जब अक्षय कुमार ने कहा कि जो कॉमेडी पहले मेहमूद में दिखी उसके बाद उन्हें वही बात जॉनी लीवर में दिखी। अक्षय की इस बात पर जॉनी ने कहा, 'मेहमूद हमारे गुरु है, जिनसे मैंने सीखा है। मैने इसके लिए कभी कोई ट्रेनिंग नहीं ली है।'

## सिक्किम के 'क्लाइमेट-फर्स्ट' मॉडल की फैन हुईं भूमि



अभिनेत्री भूमि पेडनेकर राज्य पर्यटन विभाग के बुलावे पर सिक्किम के तीन दिन के दौरे पर गईं। उन्होंने वहां के पर्यावरण-अनुकूल सोच से गहरा जुड़ाव महसूस किया। अभिनेत्री ने मीडिया के साथ बातचीत में बताया कि सिक्किम की सस्टेनेबिलिटी, पर्यावरण संरक्षण और जिम्मेदार विकास के प्रति प्रतिबद्धता से दूसरे राज्यों को भी प्रेरणा लेनी चाहिए। उन्होंने कहा, 'मुझे सबसे अच्छा लगा कि सिक्किम जलवायु और पर्यावरण को प्राथमिकता देने वाला एक 'ग्रीन स्टेट' है। मेरे जैसे व्यक्ति के लिए, जिसका जीवन सस्टेनेबिलिटी और पर्यावरण संरक्षण के लिए समर्पित है, राज्य की ये सभी बातें बहुत मायने रखती हैं। सिक्किम धरती का स्वर्ग है और इसकी प्राकृतिक सुंदरता ने मुझे मंत्रमुग्ध कर दिया।' उन्होंने आगे कहा, 'आप लोग बहुत भाग्यशाली हैं, जो इस स्वर्ग में रहते हैं। मुझे नहीं लगता कि मैंने कोई ऐसा नजारा देखा जिससे मैं हैरान न हुई हूं। नाथुला यात्रा के बारे में बात करते हुए अभिनेत्री ने बताया कि इस अनुभव ने उनके मन में भारतीय सशस्त्र बलों के बलिदानों के प्रति सम्मान को और भी बढ़ाया है। उन्होंने कहा, 'मैं एक देशभक्त इंसान हूं और सीमा पर जाने को लेकर बहुत उत्साहित थी। वहां जाने के बाद एहसास होता है कि हमारे सशस्त्र बल हमारे लिए कितना कुछ करते हैं और हम बदले में कितना कम करते हैं।

## राजकुमार हिरानी ने संवारा मेरा करियर : अरशद



अभिनेता अरशद वारसी और फिल्मकार राजकुमार हिरानी ने पिछले दो दशकों में साथ मिलकर कई यादगार प्रोजेक्ट दिए हैं, जिन्होंने दर्शकों के दिलों में खास जगह बनाई। अब एक बार फिर यह जोड़ी नए प्रोजेक्ट 'प्रीतम और पेड्रो' के जरिए साथ आ रही है। इस खास मौके पर अरशद वारसी ने राजकुमार हिरानी के साथ अपने रिश्ते, अपने करियर पर उनके प्रभाव और आने वाले प्रोजेक्ट्स को लेकर आईएएनएस से खुलकर बात की। आईएएनएस से बात करते हुए अरशद वारसी ने कहा, '''प्रीतम एंड पेड्रो' मेरे लिए सिर्फ एक और प्रोजेक्ट नहीं है, बल्कि इससे कई भावनाएं जुड़ी हुई हैं। मुझे राजकुमार हिरानी के साथ काम करना हमेशा से बेहद पसंद रहा है। वह उन लोगों में से हैं जिन्होंने मेरे करियर को संवारने में बड़ी भूमिका निभाई। एक तरह से उन्होंने मेरे करियर की शुरुआत करवाई थी और बाद में जब मुझे नए मौकों की जरूरत थी, तब भी हिरानी ने मेरा साथ दिया। यही वजह है कि मैं हमेशा उनके प्रति आभार महसूस करता हूं।'' ईएएनएस से बातचीत के दौरान अरशद ने एक बेहद दिलचस्प और भावुक किस्सा भी साझा किया। उन्होंने बताया, ''इस प्रोजेक्ट में काम करते समय मुझे बार-बार एक बात याद आती रही कि जिस छोटे बच्चे (वीर हिरानी) को मैंने कभी अपनी गोद में खिलाया था, आज उसी के साथ मैं कैमरे के सामने एक्टिंग कर रहा हूं हैं। मैंने कभी कल्पना भी नहीं की थी कि समय इतनी तेजी से बीत जाएगा और एक दिन ऐसा आएगा जब उस बच्चे के साथ पर्दे पर नजर आऊंगा। अपने किरदार पेड्रो के बारे में बात करते हुए अरशद ने कहा कि यह उनके करियर के सबसे अनोखे किरदारों में से एक है। उन्होंने कहा, ''पेड्रो एक ऐसा इंसान है जिसकी सोच, व्यवहार और व्यक्तित्व आम लोगों से काफी अलग है। वास्तविक जीवन में मुझे अभी तक पेड्रो जैसा कोई व्यक्ति नहीं मिला। दर्शकों को जब यह किरदार देखने का मौका मिलेगा, तब वे समझ पाएंगे कि आखिर यह भूमिका इतनी खास क्यों है। इस किरदार को निभाने का अनुभव बेहद मजेदार और चुनौतीपूर्ण था।''

### प्रियंका चोपड़ा के

## दिल को छू गई फिल्म 'मां बहन'



**अभिनेत्री** प्रियंका चोपड़ा भारतीय सिनेमा और कलाकारों की तारीफ करने का कोई मौका नहीं छोड़ती। उन्होंने सोशल मीडिया के जरिए हालिया रिलीज माधुरी दीक्षित, तृप्ति डिमरी और धारणा दुर्गा स्टारर फिल्म 'मां बहन' की जमकर सराहना की। अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा ने इंस्टाग्राम स्टोरीज सेक्शन पर फिल्म का पोस्टर शेयर करते हुए पूरी टीम को बधाई दी। इस पोस्ट के जरिए उन्होंने न सिर्फ फिल्म की जमकर सराहना की, बल्कि फिल्म के सभी कलाकारों और निर्देशक के काम की भी तारीफ की। अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा ने बॉलीवुड की 'धक-धक गर्ल' माधुरी दीक्षित की तारीफ की। उन्होंने लिखा, 'मेरी क्वीन माधुरी दीक्षित आप हमेशा और शानदार अभिनय से सबका ध्यान अपनी ओर खींचने वाली तृप्ति डिमरी ने तो कमाल का काम किया। दोनों को पर्दे पर एक साथ देखना बेहद शानदार अनुभव रहा। धारणा, मैं हमेशा से आपकी प्रशंसक रही हूं और आगे आप क्या नया लेकर आने वाली हैं, इसे देखने का बेसब्री से इंतजार है। उन्होंने धारणा की तारीफ करते हुए लिखा, 'आप इसी तरह बेहतरीन काम करते रहिए। सबसे खास बात यह है कि यह प्रोजेक्ट बहुत ईमानदार और सिनेमाई अंदाज में बनाया गया है। यह बहुत ही शानदार और समझदारी से बनाई गई फिल्म है। इसकी कहानी तेज, मजेदार और बेहतरीन तरीके से पेश की गई है। सुरेश त्रिवेणी की सोच और विजन बेहद खूबसूरत है। पूरी टीम को इस शानदार काम के लिए बहुत-बहुत बधाई। सुरेश त्रिवेणी द्वारा निर्देशित फिल्म को दर्शकों

### पान मसाला विज्ञापन मामले में

## सलमान को राहत

अभिनेता सलमान खान पान मसाला विज्ञापन मामले को लेकर कानूनी पचड़े में फंसे हैं। हालांकि, फिलहाल उन्हें थोड़ी राहत मिल गई है। इस मामले में बॉलीवुड एक्टर को थोड़ी राहत देते हुए नेशनल कंज्यूमर डिस्प्यूट्स रिड्रेसल कमीशन ने उनके खिलाफ डिस्ट्रिक्ट कंज्यूमर कमीशन में चल रही कार्यवाही पर रोक लगा दी है। यह मामला कथित तौर पर गुमराह करने वाले पान मसाला विज्ञापन से जुड़ी एक शिकायत का है।





### देश की ताकत पर अमिताभ बच्चन का जोश भरा बयान, कहा-

## 'भारत अब नाजुक नहीं, मजबूत और ताकतवर हैं'

अमिताभ बच्चन इस समय फिल्ममेकर नाग अश्विन की फिल्म 'कल्कि 2898 एडी' के सीक्वल में व्यस्त हैं। इस फिल्म में कमल हासन और प्रभास भी नजर आएंगे। बॉलीवुड के शहंशाह और मेगास्टार अमिताभ बच्चन ने ब्लॉग शेयर करते हुए लिखा कि उन्हें इस बात पर गर्व है कि अब भारत को एक कमजोर और नरम देश के रूप में नहीं देखा जाता। उन्होंने इंडिया एंटी-फ्रैजाइल जैसे शब्द को बेहद शानदार बताया।

### ब्लॉग पर शेयर किए अपने विचार

अमिताभ ने अपने ब्लॉग पर इस बारे में लिखा और बताया कि उन्हें देश के लिए एक बहुत ही शानदार शब्द मिला है। उन्होंने लिखा, 'मुझे एक बहुत ही अच्छा वाक्य मिला- 'इंडिया एंटी-फ्रैजाइल'... बेहद शानदार... अब भारत को एक नरम और कमजोर देश के रूप में नहीं देखा जाता। 81 साल के अभिनेता इस बात से बेहद खुश हैं कि अब देश को कमजोर नहीं माना जाता। उन्होंने आगे लिखा, 'हम अब कमजोर नहीं हैं- नाजुक नहीं, आसानी से टूटने वाले नहीं, आसानी से खत्म होने वाले नहीं, आसानी से डरने वाले नहीं। हम मजबूत हैं और ताकतवर हैं। अब हमें एक कमजोर देश के रूप में नहीं देखा जाता...गर्व से भरे हुए... सिर ऊंचा, सीना तानकर।'

## हर किरदार शिद्दत से निभाती हूं



अपकमिंग फिल्म 'अर्जुनैन अल्लिरानी' में 'रानी' का किरदार निभा रहीं अभिनेत्री शीना चौहान ने कहा कि वह हर भूमिका को पूरी ईमानदारी और गहराई के साथ निभाने में विश्वास रखती हैं। उनके अनुसार, जब भी वह किसी प्रोजेक्ट को हां कहती हैं, तो वह पूरी तरह से उस किरदार की दुनिया में खुद को ढाल लेती हैं। शीना चौहान ने बताया कि वह खुद को निर्देशक के विजन के अनुसार ढालती हैं और एक कलाकार के तौर पर खुद को 'खाली पन्ने' की तरह मानती हैं, जिस पर निर्देशक अपनी कल्पना के अनुसार काम कर सके। उन्होंने कहा कि अभिनय के दौरान वह हर किरदार की भावनात्मक गहराई को समझने की कोशिश करती हैं. ताकि दर्शक उससे जुड़ाव महसूस कर सकें। फिल्म के लिए तैयारी के दौरान शीना इन दिनों स्टिक-फाइटिंग की स्पेशल ट्रेनिंग ले रही हैं।

## प्रिंस यादव मौत मामले में नेपाल पुलिस ने पांच साथियों को हिरासत में लिया

एजेंसी



**अररिया/विराटनगर।** पटना के चर्चित ज्ञान बिंदु कोचिंग संस्थान के निदेशक रोशन आनंद के छोटे भाई प्रिंस कुमार यादव की नेपाल के विराटनगर स्थित एक होटल में संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत ने बिहार और नेपाल दोनों जगह सनसनी फैला दी है। घटना के बाद नेपाल की मोरंग जिला पुलिस ने जांच तेज कर दी है और प्रिंस के साथ होटल में ठहरे पांच लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच पूरी होने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा हो सकेगा। नेपाल पुलिस के अनुसार, 24 वर्षीय प्रिंस कुमार यादव विराटनगर स्थित ट्रैफिक चौक के समीप शुभ होटल में अपने पांच साथियों के साथ ठहरे हुए थे। शनिवार देर रात उनकी अचानक तबीयत बिगड़ गई और वह होटल में ही गिर पड़े। स्थिति गंभीर होने पर होटल प्रबंधन और उनके साथ मौजूद लोगों ने उन्हें तत्काल विराटनगर न्यूरो हॉस्पिटल पहुंचाया। हालांकि अस्पताल पहुंचने पर चिकित्सकों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। डॉक्टरों के अनुसार अस्पताल लाए जाने से पहले ही उनकी मौत हो चुकी थी। प्रिंस यादव की अचानक हुई मौत ने कई सवाल खड़े कर दिए हैं। नेपाल पुलिस ने प्रारंभिक जांच में मामले को संदिग्ध मानते हुए व्यापक जांच शुरू कर दी है। मोरंग जिला पुलिस के अधिकारियों के अनुसार फिलहाल किसी भी संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता है। पुलिस होटल के कर्मचारियों, वहां मौजूद लोगों और प्रिंस के साथ ठहरे साथियों से पूछताछ कर रही है। नेपाल पुलिस ने होटल में मौजूद पांच अन्य लोगों को हिरासत में लिया है और उनसे घटना से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर पूछताछ की जा रही है। पुलिस यह जानने का प्रयास कर रही है कि घटना से पहले क्या हुआ था, प्रिंस की तबीयत अचानक क्यों बिगड़ी और उनकी मौत के पीछे कोई अन्य कारण तो नहीं है। अधिकारियों का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही यह स्पष्ट हो सकेगा कि मौत प्राकृतिक कारणों से हुई, किसी स्वास्थ्य संबंधी समस्या के कारण हुई या इसके पीछे कोई अन्य वजह थी। उल्लेखनीय है कि प्रिंस यादव का नाम हाल ही में पटना में चर्चित हुए कोचिंग संस्थानों के विवाद से जुड़े एक मामले में सामने आया था। खान सर की कोचिंग पर हुए हमले के मामले में दर्ज प्राथमिकी में उनका नाम भी शामिल बताया जा रहा है। इसी मामले में ज्ञान बिंदु कोचिंग के निदेशक रोशन आनंद पहले से कानूनी कार्रवाई का सामना कर रहे हैं।

## तेज रफ्तार बाइक की चपेट में आई महिला की मौत, घर में मचा कोहराम

**काजी रसलपुर के अतरुआ-तेघड़ा पथ की घटना**

**दो बेटियों समेत 4 बच्चे बेसहारा**

एजेंसी



**भगवानपुर/बेगसराय।** तेयाय ओपी क्षेत्र के काजी रसलपुर गांव में शनिवार शाम सड़क हादसे ने एक गरीब परिवार उजाड़ दिया। तेज रफ्तार मोटरसाइकिल की चपेट में आने से 35 वषीर्या पिंकी देवी की मौत हो गई। हादसे के बाद घर में चीख-पुकार मच गई, दो बेटियों समेत 4 बच्चे अब बेसहारा हो गए। स्वजनों के मुताबिक, शनिवार शाम करीब 6 बजे पिंकी देवी काजी रसलपुर गांव स्थित चैती दुर्गा मंदिर के पास अतरुआ-तेघड़ा पथ को पार कर गोबर लेकर मंदिर की तरफ जा रही थीं। इसी दौरान तेयाय की ओर से तेघड़ा जा रही तेज रफ्तार बाइक ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि पिंकी देवी वहीं बेहोश होकर गिर पड़ीं।घटना की जानकारी मिलते ही परिजन उन्हें आनन-फानन में तेघड़ा अनुमंडल अस्पताल ले गए। हालत गंभीर देख डॉक्टरों ने तुरंत बेगूसराय सदर अस्पताल रेफर कर दिया। सदर अस्पताल में डॉक्टरों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। मृतिका पिंकी देवी काजी रसलपुर वार्ड 11 निवासी लव कुमार साह की पत्नी थीं।

## संक्षिप्त समाचार

### 25 केंद्रों पर कड़ी सुरक्षा के बीच सिपाही भर्ती परीक्षा संपन्न

**भागलपुर।** पूरे बिहार के साथ भागलपुर में भी रविवार को सिपाही भर्ती प्रतियोगिता परीक्षा का आयोजन किया गया। भागलपुर में परीक्षा की प्रथम पाली कदाचार मुक्त और शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई। दूसरी पाली की परीक्षा को लेकर परीक्षार्थी परीक्षा केंद्रों पर पहुंचे। परीक्षा देकर बाहर निकले अभ्यर्थियों ने बताया कि जिस तरह से उन्होंने तैयारी की थी, उसी के अनुसार प्रश्न पूछे गए हैं। परीक्षार्थियों ने कहा कि अगर परीक्षा प्रक्रिया निष्पक्ष रहती है और किसी तरह का पेपर लीक नहीं होता है तो मेहनत करने वाले अभ्यर्थियों को सफलता मिलने की पूरी उम्मीद है। उल्लेखनीय है कि भागलपुर जिले में सिपाही भर्ती परीक्षा के लिए कुल 25 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे। सभी केंद्रों पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। पुलिस बल की तैनाती के साथ-साथ सीसीटीवी कैमरों से परीक्षा केंद्रों की निगरानी की गई। परीक्षा केंद्र में प्रवेश से पहले अभ्यर्थियों की सघन जांच की गई। उसके बाद ही उन्हें परीक्षा हॉल में प्रवेश दिया गया। प्रशासन की ओर से परीक्षा को निष्पक्ष और शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने के लिए लगातार निगरानी रखी जा रही थी।

### मलमास मेला से लौट रहे सड़क हादसे में तीन श्रद्धालुओं की मौत

**नालंदा।** बिहार में नालंदा जिले के छबिलापुर थाना क्षेत्र अंतर्गत आज पोलिटेकनिक कॉलेज के पास ट्रक और ऑटो की सीधी टक्कर में तीन लोगों की मौत घटनास्थल पर ही हो गई। वहीं अन्य दस लोग गंभीर रूप से जख्मी हो गए। घटनाक्रम की जानकारी तत्काल राजगीर थाना पुलिस को दी गई। घटना के संबंध में ग्रामीणों ने बताया कि राजगीर मलमास मेला से एक ऑटो पर सवार दस बारह श्रद्धालु अपने घर कोचरा लौट रहे थे की सामने से आ रही ट्रक ने टक्कर मारी दिया। जिससे ऑटो की परखच्चे उड़ गए और उसपर सवार एक परूष एक महिला और एक बच्ची की मौत घटनास्थल पर हो गई और दस लोग गंभीर रूप से जख्मी हो गए। घटना से आक्रोशित लोगों ने राजगीर छबीलापूर मुख्य मार्ग को जाम कर दिया।घटना की जानकारी मिलते ही राजगीर अनुमंडलीय पुलिस पदाधिकारी अपने दल बल के साथ घटनास्थल पर जाकर स्थिति का जायजा लेते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए बिहारशरीफ भेज दिया।

# मुख्यमंत्री ने किसान जागरूकता वाहनों को हरी झंडी दिखाकर खरीफ महाभियान-2026 का किया शुभारंभ

एजेंसी



**पटना।** बिहार सरकार ने किसानों को आधुनिक कृषि तकनीकों, सरकारी योजनाओं और वैज्ञानिक खेती के प्रति जागरूक बनाने के उद्देश्य से शारदीय (खरीफ) महाभियान-2026 की शुरूआत कर दी है। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने रविवार को मुख्यमंत्री आवास 01 अणे मार्ग से किसान जागरूकता वाहनों को हरी झंडी दिखाकर इस राज्यव्यापी अभियान का औपचारिक शुभारंभ किया। इस अवसर पर खरीफ मौसम से संबंधित दो विशेष कृषि ज्ञान वाहनों सहित राज्य के सभी जिलों के लिए तैयार किसान जागरूकता वाहनों को रवाना किया गया।

खरीफ महाभियान-2026 का उद्देश्य किसानों तक उन्नत कृषि तकनीकों, आधुनिक खेती की पद्धतियों और कृषि विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी पहुंचाना है। अभियान के तहत जागरूकता वाहन गांव-गांव जाकर किसानों को सरकारी योजनाओं, कृषि अनुदान, उन्नत बीजों और खेती से जुड़ी नवीनतम तकनीकों की जानकारी देंगे। कृषि विभाग के अधिकारियों के अनुसार, इस अभियान में किसानों को खरीफ मौसम के दौरान संचालित विभिन्न योजनाओं, अनुदानित दर पर उपलब्ध कृषि उपादानों और आधुनिक कृषि संसाधनों के उपयोग के बारे में विस्तार से बताया जाएगा। साथ ही डिजिटल क्रॉप सर्वे, फार्मर रजिस्ट्री, कृषि यंत्रीकरण, ड्रोन तकनीक और आधुनिक कृषि उपकरणों के उपयोग से संबंधित जानकारी भी उपलब्ध कराई जाएगी।

अभियान के माध्यम से किसानों को उनकी आय बढ़ाने के लिए वैज्ञानिक कृषि पद्धतियों को अपनाने के लिए प्रेरित किया जाएगा। प्राकृतिक खेती, संतुलित उर्वरक उपयोग, जल संरक्षण, मृदा स्वास्थ्य प्रबंधन और कृषि विस्तार सेवाओं से जुड़ी जानकारियां भी किसानों तक पहुंचाई जाएंगी। इसके अलावा फसल अवशेष प्रबंधन, खेत बचाओ अभियान तथा पर्यावरण संरक्षण के महत्व पर विशेष जोर दिया जाएगा।

मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने इस अवसर पर कहा कि कृषि बिहार की अर्थव्यवस्था की आधारशिला है और किसानों की समृद्धि सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। कृषि क्षेत्र में तकनीक और नवाचार के समावेश से उत्पादन बढ़ाने के साथ-साथ किसानों की आय में भी उल्लेखनीय वृद्धि की जा सकती है। मुख्यमंत्री ने विश्वास व्यक्त किया कि किसान जागरूकता वाहन ग्रामीण क्षेत्रों तक पहुंचकर किसानों को नवीनतम कृषि जानकारी उपलब्ध कराएंगे और उन्हें सरकारी योजनाओं का लाभ उठाने के लिए प्रेरित करेंगे। उन्होंने कहा कि सरकार किसानों को आत्मनिर्भर और आर्थिक रूप से मजबूत बनाने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। आधुनिक तकनीकों के प्रयोग और वैज्ञानिक खेती को बढ़ावा देकर कृषि को अधिक लाभकारी बनाया जा सकता है। इसके लिए किसानों को समय-समय पर प्रशिक्षण और तकनीकी मार्गदर्शन उपलब्ध कराना आवश्यक है। कृषि विभाग के अधिकारियों ने बताया कि खरीफ महाभियान-2026 के दौरान राज्यभर में किसान चौपाल, प्रशिक्षण शिविर, तकनीकी परामर्श कार्यक्रम और जागरूकता अभियान भी आयोजित किए जाएंगे। इन कार्यक्रमों के माध्यम से कृषि वैज्ञानिकों और विशेषज्ञों द्वारा किसानों को फसल प्रबंधन, रोग नियंत्रण, उन्नत बीज चयन और बेहतर उत्पादन तकनीकों के बारे में जानकारी दी जाएगी। सरकार को उम्मीद है कि इस व्यापक अभियान से किसानों में आधुनिक कृषि पद्धतियों के प्रति जागरूकता बढ़ेगी, कृषि उत्पादन में वृद्धि होगी और राज्य के किसानों की आय में सकारात्मक सुधार देखने को मिलेगा।

### पुलिस उप-महानिरीक्षक ने तेघड़ा अनुमंडल कार्यालय का किया निरीक्षण



**तेघड़ा/बेगूसराय।** उप महानिरीक्षक द्वाराअनुमंडल पुलिस पदाधिकारी तेघड़ा के कार्यालय का निरीक्षण किया गया। जिसमें अनुमंडल में संधारित पंजियों, सभी अभिलेखों एवं संचिकाओं को विधिवत उपस्थापन किया गया। सामानों का रख-रखाव, पदाधिकारियों के कार्यों की समीक्षा, कांडों के निष्पादन व अपराध नियंत्रण से संबंधित पुलिस पदाधिकारियों एवं कर्मियों का दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान पुलिस अधीक्षक, बेगूसराय एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी तेघड़ा, थानाध्यक्ष तेघड़ा व अन्य पुलिस पदाधिकारी/पुलिसकर्मी उपस्थित रहे।

### सिपाही भर्ती में सेटिंग का मामला का पर्दाफाश



बरामद सामान का फाइल फोटो

01 गिरफ्तार

**बेगुसराय।** मद्यनिषेध में सिपाही भर्ती परीक्षा को सेटर द्वारा सेंटिग के प्रयास को विफल कर बखरी थाना द्वारा दर्ज बखरी थाना कांड सं0-221/26 दिनांक-12.06.26 धारा 318 (4) / 61(2)/ 112 (1)/ 338/336 (3)/340(2) /3(5)बीएनएस एवं 66 आई0टी0 एक्ट एवं धारा-10बी एक्ट 1981/रू 10 **B.R.E(P.U.M) Act**-2024 के प्राथमिकी अभियुक्त इरअढ-02 का सिपाही नंदन कुमार उर्फ ठङ, पे0-कपिलदेव मंडल, सा0+थाना-एकचारी दियरा, जिला-भागलपुर जो कि वर्तमान में मंडल कारा भभुआ (कैमुर) में पदस्थापित है को आज दिनांक-13.06.26 को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है। इस कांड में कई इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस एवं गैजेट भी पूर्व में बरामद एवं जप्त किया गया था।

### देशी शराब के साथ दो गिरफ्तार



**बेगूसराय।** बेगूसराय जिला में अवैध नशीले पदार्थ के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के दौरान गुप्त सूचना के आधार पर एफ0 सी0 आई0 थाना की पुलिस टीम के द्वारा 02 व्यक्ति 01. बीरबल कुमार, पे०-सुबोध राय, 02. विकाश कुमार, पे०-अजीत पासवान, दोनों सा०-रचियाही टोला पुवारी, थाना-सिंघौल, जिला-बेगूसराय से 15 लीटर देशी शराब एवं 01 मोटरसाईकिल के साथ गिरफ्तार किया गया। विधि-सम्मत कार्रवाई की जा रही है।

### तिरमिजी शरीफ नामक एक दुर्लभ अरबी हस्तिलिपि पांडुलिपि की पहचान की गई

**बेगूसराय।** भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय द्वारा संचालित ज्ञान भारतम मिशन के अंतर्गत चल रहे राष्ट्रीय पांडुलिपि सर्वेक्षण अभियान के दौरान बेगूसराय जिले को एक महत्वपूर्ण ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक उपलब्धि प्राप्त हुई है। बरौनी प्रखंड के बरौनी-3 क्षेत्र स्थित मौलाना इसहाक उर्दू लाइब्रेरी में सैय्यद अख़्तर हुसैन के निजी संग्रह से कुरान एवं हदीस से संबंधित तिरमिजी शरीफ नामक एक दुर्लभ अरबी हस्तलिखित पांडुलिपि की पहचान की गई है, जिसकी आयु लगभग 350 वर्ष आंकी गई है। इस महत्वपूर्ण खोज को जिले की सांस्कृतिक धरोहरों के संरक्षण की दिशा में एक बड़ी उपलब्धि माना जा रहा है। जिला पदाधिकारी बेगूसराय श्री श्रीकांत शास्त्री ने उक्त पांडुलिपि का अवलोकन किया तथा इसके ऐतिहासिक, धार्मिक एवं शैक्षणिक महत्व की सराहना की। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की दुर्लभ पांडुलिपियां भारत की समृद्ध ज्ञान परंपरा, सांस्कृतिक विरासत एवं बौद्धिक इतिहास की अमूल्य धरोहर हैं, जिनका संरक्षण और प्रलेखन अत्यंत आवश्यक है।जिला पदाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों एवं सर्वेक्षण दल को निर्देश दिया कि पांडुलिपि का समुचित दस्तावेजीकरण, संरक्षण तथा आवश्यकतानुसार डिजिटलीकरण की प्रक्रिया सुनिश्चित की जाए, ताकि यह धरोहर भावी पीढ़ियों के लिए सुरक्षित रह सके। उन्होंने जिलेवासियों से भी अपील की कि यदि उनके पास किसी भी भाषा अथवा विषय से संबंधित प्राचीन हस्तलिखित पांडुलिपियां, ग्रंथ अथवा दुर्लभ दस्तावेज उपलब्ध हों तो उनकी जानकारी ज्ञान भारतम मिशन के अंतर्गत साझा करें, जिससे उन्हें संरक्षित एवं सूचीबद्ध किया जा सके।

## वाहन चोर गिरोह के दो सदस्यों के साथ चोरी की छह मोटरसाइकिल जब्त

एजेंसी

**अररिया।** जिले की फुलकाहा थाना पुलिस ने भारत-नेपाल सीमा क्षेत्र में सक्रिय वाहन चोर गिरोह के खिलाफ कार्रवाई करते हुए गिरोह के दो सदस्यों को गिरफ्तार किया।वहीं गिरफ्तार वाहन चोर गिरोह के सदस्यों के निशानदेही पर चोरी की छह मोटरसाइकिल के साथ नौ लीटर विदेशी शराब बरामद किया।जानकारी रविवार को फारबिसगंज एसडीपीओ राजकिशोर कुमार ने दी। फारबिसगंज एसडीपीओ ने बताया कि बरामद मोटरसाइकिल अररिया, कुसाकांटा, भरगामा सहित आसपास के इलाकों से चोरी की गई बाइक है, जिसे गिरोह के सदस्यों के द्वारा नेपाल ले जाकर बिक्री करने की योजना थी। कार्रवाई में नरपतगंज नगर पंचायत के मधुरा उत्तर के वार्ड संख्या चार निवासी बलराम यादव पिता दीनदयाल यादव और मधुरा पश्चिम के वार्ड संख्या छह निवासी सोनू कुमार यादव पिता खेलो यादव को गिरफ्तार किया है। एसडीपीओ ने बताया कि गिरफ्तार वाहन चोर गिरोह के सदस्यों ने अपने अन्य साथियों के बारे में भी जानकारी दी है।

## पोठिया की टी प्रोसेसिंग इकाई पहुंची आईएएस प्रशिक्षुओं की टीम

एजेंसी



**किशनगंज।** लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासनिक अकादमी (एलबीएसएनएए) के 2025 बैच के 11 प्रशिक्षु आईएएस अधिकारियों ने रविवार को बिहार में किशनगज जिले के पोठिया स्थित जीविका दीदियों द्वारा संचालित टी प्रोसेसिंग एवं पैकेजिंग इकाई का भ्रमण किया। इस दौरान अधिकारियों ने चाय उत्पादन से लेकर पैकेजिंग और विपणन तक की पूरी प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी प्राप्त की। भ्रमण के दौरान प्रशिक्षु अधिकारियों ने किसानों द्वारा हरे चाय पत्तों की खेती, महानंदा टी फैक्ट्री द्वारा उनकी खरीद, प्रसंस्करण तथा महानंदा लीफ चायपत्ती के उत्पादन की विभिन्न प्रक्रियाओं को नजदीक से देखा। अधिकारियों ने महानंदा जीविका महिला एग्रो प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड द्वारा संचालित फैक्ट्री के संचालन में जीविका दीदियों की भूमिका को भी समझा और उनके कार्यों की सराहना की। प्रशिक्षु आईएएस अधिकारियों ने जीविका दीदियों के साथ संवाद कर उनके उद्यमिता विकास, स्वयं सहायता समूहों की कार्यप्रणाली और आर्थिक सशक्तिकरण से जुड़े अनुभवों को जाना। अधिकारियों ने महानंदा लीफ चायपत्ती के विपणन को और मजबूत बनाने के लिए कई उपयोगी सुझाव भी दिए। विशेष रूप से ऑनलाइन मार्केटिंग और डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से उत्पाद की पहुंच बढ़ाने को लेकर उन्होंने अपने अनुभव साझा किए।

# किशनपुर में किसानों को आधुनिक खेती का दिया गया प्रशिक्षण

एजेंसी



**सुपौल।** किसानों की आय बढ़ाने और रबी फसलों के बेहतर उत्पादन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से किशनपुर प्रखंड मुख्यालय स्थित ई-किसान भवन में एक दिवसीय कार्यशाला सह प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया। कार्यक्रम में कृषि, पशुपालन और सहकारिता विभाग के अधिकारियों ने आधुनिक खेती, उन्नत बीज, जैविक कृषि और सरकारी योजनाओं से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां साझा कीं। कार्यक्रम का उद्घाटन प्रखंड प्रमुख सुनीता कुमारी ने किया। उन्होंने कहा कि बदलते समय में वैज्ञानिक पद्धति से खेती अपनाकर ही उत्पादन और आमदनी दोनों में वृद्धि की जा सकती है। अधिकारियों ने किसानों को मौसम और स्थानीय परिस्थितियों के अनुरूप फसल चयन करने की सलाह भी दी। अनुमंडल कृषि पदाधिकारी रामकुमार ने बताया कि क्षेत्र में धान, गेहूं, पाट और मूंग प्रमुख फसलें हैं। उन्होंने किसानों से उन्नत तकनीक और वैज्ञानिक सलाह के आधार पर खेती करने का आग्रह किया, ताकि कम लागत में बेहतर उत्पादन हासिल किया जा सके। कार्यशाला के दौरान प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी डॉ. दिलीप कुमार ने फसल अवशेष और पुआल नहीं जलाने की अपील करते हुए कहा कि इसका उपयोग पशुओं के चारे के रूप में किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि पशुओं से मिलने वाला गोबर खेतों की उर्वरा शक्ति बढ़ाने के साथ-साथ कंपोस्ट खाद के रूप में मिट्टी की गुणवत्ता सुधारने में भी उपयोगी है। प्रखंड सहकारिता पदाधिकारी कमलेश कुमार राय ने किसानों को प्रमाणित स्रोतों से उन्नत किस्म के बीज खरीदने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि लंबे समय तक एक ही किस्म के बीज का उपयोग करने से उत्पादन क्षमता प्रभावित हो सकती है, इसलिए समय-समय पर बीज बदलना जरूरी है। साथ ही बिचौलियों से सतर्क रहने की भी अपील की।

## पथ निर्माण मंत्री के नेतृत्व में चलाया गया स्वच्छता अभियान

एजेंसी



**भागलपुर।** राज्य के पथ निर्माण मंत्री सह बिहपुर विस विधायक इं.शैलेंद्र के नेतृत्व में रविवार को थाना बिहपुर रेलवे स्टेशन के सकुर्लेटिंग एरिया और गोलंबर परिसर में स्चच्छता अभियान चलाया गया। पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सेवा सुशासन और गरीब कल्याण के 12 वर्ष पूरे होने पर देशव्यापी चल रहे कार्यक्रम की कड़ी में मंत्री इं.शैलेंद्र के साथ रेलवे के अधिकारी, कर्मी और आमलोगों हाथ में झाडू थामा। मंत्री ने एकबार फिर से लोगों को अपने आस पड़ोस और सार्वजनिक स्थलों को साफ सुथरा रखने को कहा। इंधन बचत, पर्यावरण संरक्षण और बेहतर स्वास्थ्य के संदेश के साथ गांव, हाट, बाजार, बैंक, थाना और प्रखंड कार्यालय आने जाने के लिए मोटरसाईकिल और कार की जगह साइकिल का उपयोग करने कहा। वहीं मंत्री ने कहा कि वे बिहपुर में रेलवे की सड़कों को आदर्श और उसके किनारे रोशनी और हरियाली को विकसित करने की चाह रख रहे हैं। इसके साथ उन्होंने आरपीएफ इंस्पेक्टर दीपक कुमार, महंत नवलकिशोर दास और रूपेश रूप से बिहपुर में रेलवे के बांधा पर पाथ वे बनाने समेत रेलवे स्टेशन की चारदिवारी पर मंजुषा पेंटिंग कराने और रेलवे गोलंबर पर इतिहास के नायक की मूर्ति लगाने का मसौदा तैयार कर उन्हें देने को कहा। जिस पर वे पूर्वमध्य रेलवे के जीएम से बात कर कार्य शुरू करा सके। इस मौके पर पूर्व मुखिया फुलेश्वर मंडल, दिनेश यादव, दिलीप सिंह, वासुदेव सिंह, कुमार गौरव, रंजन चौधरी, सौरव सावर्ण, ज्ञानदेव कुमार, अनंत मंडल, बबलू गुप्ता, लालमोहन, रिंकू, सिंटू, सौरव और अजय उर्फ माटो आदि समेत आमलोगों और आरपीएफ बलों की उत्साहजनक सक्रियता रही।

## रंग उमंग कार्यशाला के बीच पौधा वितरण

एजेंसी



**बीहट बेगुसराय।** राजकीयकृत मध्य विद्यालय असुरारी में रंग-उमंग कार्यशाला के बच्चों के बीच पौधा वितरण किया गया। लगभग 98 बच्चों की उपस्थित में बरौनी बीडीओ अनुरंजन कुमार सहित अन्य अतिथियों के द्वारा पौधा वितरण किया गया। इस अवसर पर बच्चों को पौधे भेंट करते हुए बीडीओ ने कहा की साइकिल पे संडे अपने समय का एक ऐतिहासिक प्रयास कर रही है। यह प्रयास महज एक रविवार का नहीं बल्कि सैकड़ो रविवारों की एक श्रृंखला है। उन्होंने कहा कि यह अभियान देश के लिए एक मॉडल अभियान बनकर साबित हो रहा है और आज बिहार में भी साइकिल ऑन संडे की शुरूआत की गई। साइकिल पे संडे टीम का स्वागत करते हुए आकाश गंगा रंग चौपाल एसोसिएशन बरौनी के सचिव गणेश कुमार ने कहा कि अभियान की ताकत आप सब हैं। आप सबके प्रयास अभियान आगे बढ़ेगा और धरती हरीभरी होगी। अभियान के अंशु कुमार और सुजीत कुमार ने बच्चों को बताया कि प्रकृति नहीं हमें खुद को बचाना होगा। मौके पर अभियान के संयोजक ने बताया कि रंग उमंग कार्यशाला का समापन 17 जून को होगा जिसमें सभी प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह अपने समय का प्रयास है जो हम मानव जाति को बचाने के लिए कर रहे हैं।

## संक्षिप्त

### चीन में जमीन पर गिरकर हेलिकॉप्टर चरखी जैसा घूमता रहा :2 टुकड़ों में टूटा

**वुजिन, एजेंसी।** चीन में हेलिकॉप्टर क्रैश का एक वीडियो सामने आया है। इसमें एक हेलिकॉप्टर खेत में क्रैश होकर दो हिस्से में टूट गया, इसके बावजूद उसके रोटर ब्लेड तेज रफ्तार में काफी देर तक घूमते रहे। कॉकपिट के अंदर फंसे पायलट और उसका साथी इधर-उधर झटके खाते रहे। एक पायलट तो हेलिकॉप्टर के दरवाजे से आधा बाहर लटका हुआ था। वह कई बार जमीन और हेलिकॉप्टर के किनारे से टकराया। पास की सड़क पर मौजूद लोग यह सब देखकर इकट्ठा हो गए, लेकिन हेलिकॉप्टर के रोटर ब्लेड लगातार घूम रहे थे, इसलिए कोई भी उनकी मदद के लिए आगे नहीं बढ़ सका। दोनों पायलटों की जान सीट बेल्ट की वजह से बच गई। द सन की रिपोर्ट के मुताबिक यह घटना चीन के वुजिन शहर में गुरुवार दोपहर 2 बजे हुई। एक डिस्चार्ज हुआ दूसरा अब भी अस्पताल में भर्ती हादसे की सूचना मिलते ही आपातकालीन सेवाएं मौके पर पहुंचीं। दोनों घायलों को अस्पताल ले जाया गया। इनमें से एक व्यक्ति को इलाज के बाद छुट्टी दे दी गई है, जबकि दूसरा अभी डॉक्टरों की निगरानी में है। राहत की बात यह है कि किसी की भी हालत जानलेवा नहीं बताई गई है। हेलिकॉप्टर हादसे के कारणों का पता लगाने के लिए जांच शुरू कर दी गई है। यह घटना चीन में हाल के कुछ साल में सामने आई कई विमान दुर्घटनाओं की कड़ी में एक और मामला है। पिछले साल एक मशहूर सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर तांग फेइजी की लाइवस्ट्रीम के दौरान मौत हो गई थी। उनका अल्ट्रालाइट विमान अचानक आसमान से नीचे गिर गया था। हादसे में उनकी मौके पर ही मौत हो गई थी। रिपोर्टों के मुताबिक उस समय उन्होंने न तो हेलमेट पहना था और न ही पैराशूट। तांग फेइजी इससे पहले भी तकनीकी खराबी के कारण दो विमान हादसों से बच चुके थे, जिनमें एक दुर्घटना ईंधन मापने वाले उपकरण में खराबी की वजह से हुई थी।

### ब्रिटेन में सोशल मीडिया पर बैन जल्द :16 साल से कम उम्र के बच्चों की पहुंच सीमित करने पर विचार?

**लंदन, एजेंसी।** ब्रिटेन की कीर स्टार्मर सरकार 16 वर्ष से कम आयु के बच्चों के सोशल मीडिया उपयोग पर प्रतिबंध लगाने की संभावना पर विचार कर रही? है। माना जा रहा है कि 18 जून को मेकरफील्ड उपचुनाव से पहले इस संबंध में घोषणा की जा सकती है। यह कदम ऐसे समय पर चर्चा में है?, जब सत्तारूढ़ लेबर पार्टी के भीतर स्टार्मर के नेतृत्व को लेकर असंतोष की खबरें हैं और ग्रेटर मैनचेस्टर के मेयर एंडी बर्नहैम को पार्टी का? संभावित भविष्य का नेता माना जा रहा है। इसके तहत बड़े सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म और वेबसाइटों पर 16 वर्ष से कम उम्र के बच्चों की? पहुंच सीमित की जा सकती है। हालांकि वॉट्सएप जैसी मैसेजिंग सेवाओं और यूट्यूब ?किड्स जैसे शैक्षणिक प्लेटफॉर्म को छूट मिल ?सकती है। सोशल मीडिया प्रतिबंध को लेकर? वैश्विक स्तर पर भी बहस तेज है। ऑस्ट्रेलिया ?पहले ही इस तरह का कानून लागू कर चुका है, जबकि कनाडा और यूरोपीय संघ भी इसी दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। मार्च में यूगॉव के सर्वे में 76% ब्रिटिश नागरिकों ने ऐसे प्रतिबंध का समर्थन किया था, जो प्रमुख यूरोपीय देशों में सबसे अधिक? समर्थन माना गया। लेबर नेता एंडी बर्नहैम का ?कहना है कि सोशल मीडिया, आर्टिफिशियल ?इंटेलिजेंस और बड़ी टेक कंपनियों को नियंत्रित? करने का समय आ गया है।

### जी-7 में भारत-अमेरिका के बीच व्यापार वार्ता पर चर्चा होगी, तत्काल समझौते की उम्मीद नहीं : अमेरिकी अधिकारी

**वाशिंगटन, एजेंसी।** फ्रांस में होने वाले जी-7 शिखर सम्मेलन के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बीच द्विपक्षीय व्यापार समझौते पर चर्चा होगी, हालांकि सम्मेलन में किसी अंतिम समझौते की घोषणा की संभावना नहीं है। अमेरिकी प्रशासन के एक वरिष्ठ अधिकारी ने शनिवार को बताया कि अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि जैमीसन ग्रीर जी-7 शिखर सम्मेलन के अगले हफ्ते भारत की यात्रा करेंगे। अधिकारी के अनुसार, दोनों नेताओं की बैठक में भारत-अमेरिका व्यापार संबंध प्रमुख मुद्दों में शामिल रहेगा। हालांकि बातचीत आगे बढ़ने की उम्मीद है, लेकिन किसी व्यापार समझौते को अंतिम रूप देने के लिए अभी और तकनीकी स्तर की वार्ताओं की आवश्यकता होगी। उन्होंने कहा कि अमेरिका भारत के साथ एक बहुत अच्छा समझौता करना चाहता है और ऐसी संभावना मौजूद है, लेकिन जी-7 शिखर सम्मेलन के दौरान इसके पूरा होने की उम्मीद नहीं है। अमेरिकी अधिकारी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी भारत की वैश्विक भूमिका और भारत-अमेरिका संबंधों को लेकर महत्वाकांक्षी दृष्टिकोण रखते हैं। उन्होंने संकेत दिया कि संभावित व्यापार समझौता दोनों देशों की रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत कर सकता है।

# अमेरिका के साथ संभावित समझौते का ईरान में भारी विरोध, तेहरान और मशहद की सड़कों पर उतरे कट्टरपंथी

**तेहरान/मशहद, एजेंसी।** अमेरिका और ईरान के बीच लंबे समय से चले आ रहे सैन्य तनाव और युद्ध जैसी स्थिति को समाप्त करने के लिए रविवार को एक ऐतिहासिक समझौता होने की उम्मीद जताई जा रही है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भी इस आगामी समझौते को लेकर सकारात्मक बयान जारी किया है। हालांकि, ईरान सरकार की ओर से इस समझौते पर हस्ताक्षर करने के सटीक समय या तारीख को लेकर अभी तक स्थिति पूरी तरह स्पष्ट नहीं की गई है। इस बीच, अमेरिका के साथ हाथ मिलाने की इस कूटनीतिक कोशिश का ईरान के भीतर ही तीव्र विरोध शुरू हो गया है। ईरान के प्रमुख शहरों में इस संभावित समझौते के खिलाफ उग्र प्रदर्शन देखने को मिल रहे हैं।



**तेहरान और मशहद में फूटा प्रदर्शनकारियों का गुस्सा :** बीबीसी फ़ारसी सेवा की रिपोर्ट के अनुसार, ईरान में इस समझौते के विरोधियों ने सड़कों पर उतरकर अपनी ही सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। राजधानी तेहरान के प्रमुख इब्न सिना स्क्वायर में एक विशाल रैली का आयोजन किया गया। इस रैली में शामिल प्रदर्शनकारियों ने ईरान के वर्तमान विदेश मंत्री अब्बास अराग़ची और संसद (मजलिस) के स्पीकर मोहम्मद बग़र ग़ालिबाफ़ के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। उल्लेखनीय है कि ये दोनों ही नेता अमेरिका के साथ बैक-चैनल और प्रत्यक्ष बातचीत में मुख्य भूमिका निभा रहे हैं। तेहरान के अलावा, शनिवार शाम को ईरान के दूसरे सबसे बड़े शहर मशहद में भी भारी तनाव देखा गया। यहाँ विदेश मंत्रालय की क्षेत्रीय इमारत के सामने दर्जनों प्रदर्शनकारी जमा हुए और उन्होंने विदेश मंत्री अब्बास अराग़ची के अमेरिका नीति से जुड़े बयानों की तीखी आलोचना की। फ़ार्स न्यूज़ एजेंसी द्वारा जारी एक वीडियो में प्रदर्शनकारियों को अराग़ची के खिलाफ आक्रामक नारे लगाते हुए देखा जा सकता है।

**क्यों हो रहा है इस समझौते का विरोध :** प्रदर्शन की कमान संभाल रहे लोग ईरान के धुर-कट्टरपंथी और चरमपंथी संगठन 'परसिस्टेंस फ़्रंट' (जभ्भह-ए पादरदारी) के करीबी बताए जा रहे हैं। समझौते का विरोध करने वाले गुटों के पास मुख्य रूप से निम्नलिखित आपत्तियां हैं: रणनीतिक प्रभाव कम होने का डर: विरोधियों का दृढ़ता से मानना है कि अमेरिका के साथ किया जा रहा यह समझौता किसी भी सूरत में ईरान के राष्ट्रीय हितों में नहीं है। इससे खाड़ी क्षेत्र, विशेषकर दुनिया के सबसे महत्वपूर्ण तेल मार्ग 'होर्मुज़ स्ट्रेट' में ईरान का दबदबा और सैन्य प्रभाव कमजोर हो जाएगा। अमेरिका पर अविश्वास: कट्टरपंथियों का तर्क है कि अमेरिका पर भरोसा करके ईरान अपनी राष्ट्रीय सुरक्षा और संप्रभुता के साथ समझौता कर रहा है। विदेश मंत्री का बयान: नाकाबंदी हटेगी, पर संप्रभुता से समझौता नहीं इस बीच, आंतरिक विरोध और आशंकाओं को दूर करने के लिए विदेश मंत्री अब्बास अराग़ची ने एक टेलीविजन इंटरव्यू में इस समझौते के कुछ प्रमुख बिंदुओं को साझा किया था। उन्होंने स्पष्ट किया कि: 'इस संभावित समझौते के तहत ईरानी बंदरगाहों पर लगी अमेरिकी नौसैनिक नाकाबंदी को पूरी तरह से हटा दिया जाएगा, जिससे ईरान की अर्थव्यवस्था को बड़ी राहत मिलेगी।' इसके साथ ही उन्होंने देश को आश्वस्त करते हुए कहा कि 'होर्मुज़ स्ट्रेट' पर ईरान का नियंत्रण और उसकी रणनीतिक स्थिति देश की प्रमुख डेटेरेंट (सैन्य निरोधक क्षमता) का हिस्सा बनी रहेगी और इससे कोई समझौता नहीं किया जाएगा। इसके बावजूद, देश के भीतर कूटनीति के रास्ते पर बढ़े कदम को लेकर जनता और सत्ता के एक धड़े में वैचारिक जंग छिड़ गई है।

## हिमाचल को पैसा दे रहे हैं लेकिन सरकार से खर्च नहीं हो रहा : नड्डा



**शिमला, एजेंसी।** हिमाचल प्रदेश की राजनीति में एक बार फिर सियासी बयानबाजी तेज हो गई है. केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष रह चुके जेपी नड्डा ने शिमला में प्रेस वार्ता कर प्रदेश की कांग्रेस सरकार पर जमकर निशाना साधा. नड्डा ने आरोप लगाया कि हिमाचल में प्रशासनिक व्यवस्था कमजोर हो चुकी है और सरकार निर्णय लेने की स्थिति में नहीं है. उन्होंने मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू की सरकार को लेकर कई गंभीर आरोप लगाए। जेपी नड्डा ने कहा कि हिमाचल में सरकार स्थायी व्यवस्था के बजाय एडहॉक तरीके से चल रही है. उन्होंने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री, मुख्य सचिव और डीजीपी तक एडिशनल चार्ज पर हैं. नड्डा ने दावा किया कि प्रदेश सरकार का संचालन शिमला से नहीं बल्कि दिल्ली से हो रहा है. उन्होंने कहा कि प्रदेश में अधिकारी एक-दूसरे पर भ्रष्टाचार के आरोप लगा रहे हैं और प्रशासनिक व्यवस्था प्रभावित हो रही है. नड्डा ने कांग्रेस सरकार को विजनलेस और दिशाहीन बताते हुए कहा कि जनता कई समस्याओं का सामना कर रही है.

**केंद्र से हिमाचल को मिली हर संभव मदद' :** नड्डा ने कहा कि कांग्रेस सरकार लगातार केंद्र से सहायता नहीं मिलने का आरोप लगा रही है, उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लिए हिमाचल प्रदेश विशेष महत्व रखता है और केंद्र के पास विकास कार्यों के लिए संसाधनों की कमी नहीं है. उन्होंने दावा किया कि हाल के चुनावी नतीजे भी प्रदेश की जनता के रुझान को दर्शाते हैं और भाजपा को जनता का समर्थन मिल रहा है.

**सरकार पर लगाए कई आरोप :** भाजपा नेता ने आरोप लगाया कि कांग्रेस सरकार अपने चुनावी वादों को पूरा करने में असफल रही है. उन्होंने कहा कि प्रदेश की प्रशासनिक व्यवस्था कमजोर हो चुकी है और सरकार विकास की जगह अन्य मुद्दों में उलझी हुई है. नड्डा ने तंज कसते हुए कहा कि प्रदेश की स्थिति ऐसी हो गई है कि 'रिवॉल्वर लेने के लिए भी बंदूक का लाइसेंस मांगा जाता है.' उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार में फैसले लेने की क्षमता कमजोर हो गई है. उन्होंने यह भी दावा किया कि प्रदेश की ट्रेजरी व्हाट्सएप के माध्यम से संचालित हो रही है और मंत्रिमंडल के अंदर भी मतभेद हैं.

**केंद्र की सहायता का गिनाया आंकड़ा :** जेपी नड्डा ने केंद्र सरकार की ओर से हिमाचल को दी गई आर्थिक सहायता का भी जिक्र किया.

## अमेरिका की नाकेबंदी का उल्लंघन बर्दाश्त नहीं किया जाएगा : विदेश मंत्री

**वाशिंगटन, एजेंसी।** विदेश मंत्री रुबियो ने इस बात पर जोर दिया कि सभी वाणिज्यिक जहाजों को अमेरिकी सेना के आदेशों का तुरंत पालन करना चाहिए, क्योंकि अमेरिकी सेना होर्मुज जलडमरू मध्य में शांति और सुरक्षा बनाए रखने का प्रयास कर रही है। उन्होंने रेखांकित किया कि अमेरिका द्वारा लगाई गई नाकेबंदी का उल्लंघन और ईरानी तेल का अवैध परिवहन किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने कल भारतीय विदेश मंत्री सुब्रह्मण्यम जयशंकर से बात की। दोनों अधिकारियों ने होर्मुज जलडमरू मध्य में हाल ही में हुई घटनाओं पर चर्चा की। विदेश मंत्री रुबियो ने इस बात पर जोर दिया कि सभी वाणिज्यिक जहाजों को अमेरिकी सेना के आदेशों का तुरंत पालन करना चाहिए, क्योंकि अमेरिकी सेना होर्मुज जलडमरू मध्य में शांति और सुरक्षा बनाए रखने का प्रयास कर रही है। उन्होंने रेखांकित किया कि अमेरिका द्वारा लगाई गई नाकेबंदी का उल्लंघन और ईरानी तेल का अवैध परिवहन किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। गौरतलब है कि होर्मुज के समंदर में अमेरिका ने वो कायराना हरकत की जिसने भारत के सब्र का बांध तोड़ दिया। भारत के तीन जांबाज नाविकों की जान चली गई और वजह महाशक्ति होने का अहंकार। ये दिन इतिहास में अमेरिका की उस सशस्त्र डकैती के नाम पर दर्ज होगा जिसने तीन भारतीय परिवारों को उम्र भर का दर्द दे दिया। लेकिन कहानी यहां खत्म नहीं होती है। अमेरिका ने सोचा था कि वह झूठ बोलेगा और भारत मान लेगा। ट्रंप ने ईरान पर उंगली उठाई। लेकिन भारत ने उसी उंगली को मरोड़कर अमेरिका को आईना दिखा दिया और विदेश मंत्री एस जयशंकर ने आधी रात को अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो को फोन पर जो सुनाया उसे सुनकर वाशिंगटन के गलियारों में सन्नाटा पसर गया। ओमान की खाड़ी तेल टैंकर एम्टी सिट्टे बेलो शांति से अपने गंतव्य की ओर आगे बढ़ रहा था। इस जहाज पर कोई लड़ाकू विमान नहीं था। कोई मिसाइलें नहीं थी। इस पर सवार थे 24 भारतीय नागरिक जो अपने घर बार से दूर समंदर के सीने पर मेहनत कर रहे थे। तभी अचानक अमेरिकी नौसेना के युद्धपोतों ने इस कमर्शियल जहाज को घेर लिया। बिना किसी चेतावनी के, बिना किसी ठोस वजह के अमेरिका ने इस शांतिपूर्ण जहाज पर हमला कर दिया।

## आरएसएस का मुख्य उद्देश्य हिंदू समुदाय को संगठित और मजबूत करना है : मोहन भागवत

**तिरुवनंतपुरम, एजेंसी।** केरल दौरे पर आए आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने एक समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि सच्चा हिंदुत्व सिर्फ धार्मिक रीति-रिवाजों पर नहीं, बल्कि काम पर आधारित है. उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि लोगों, समाज और प्रकृति को एक साथ आगे बढ़ना चाहिए, और कहा कि आरएसएस किसी का विरोध करने वाला संगठन नहीं है.



तिरुवनंतपुरम के उदय समुद्र होटल में आरएसएस के सौ साल पूरे होने के मौके पर आयोजित लेक्चर सीरीज में बोलते हुए, भागवत ने समाज की ताकत के महत्व पर जोर देते हुए कहा, 'समाज को कमजोर नहीं होना चाहिए. निर्बलता मौत है.' उन्होंने बताया कि पिछले 100 वर्षों में, ऋस्र ने कई पहल की हैं, और सरकार या बाहरी स्रोतों से एक भी पैसा लिए बिना लगभग 130,000 सर्विस प्रोजेक्ट लागू किए हैं. यह संगठन समर्पित स्वयं सेवकों के साथ काम करता है, जिनमें से कुछ राजनीति में भी शामिल हैं, लेकिन आरएसएसखुद गैर-राजनीतिक संगठन है. भागवत ने कहा कि चुनावों के दौरान, आरएसएस जिम्मेदारी से वोट देने के महत्व के बारे में जागरूकता फैलाता है, लेकिन यह सीधे तौर पर राजनीति में शामिल नहीं होता है. भागवत ने साफ किया, 'राम जन्मभूमि का मुद्दा और आर्टिकल 370 राजनीतिक मुद्दे नहीं हैं; ये ऐसे मामले हैं जो देश की एकता और अखंडता पर असर डालते हैं.' उन्होंने कहा कि आरएसएस का मुख्य उद्देश्य हिंदू समुदाय को संगठित और मजबूत करना, एकता और सांस्कृतिक पहचान को बढ़ावा देना है.

**आरएसएस का संदेश सद्भाव का...**उन्होंने आगे बताया कि आरएसएस का संदेश सद्भाव का है, जो समाज से आत्म-संयम, आत्म-नियंत्रण और त्याग की भावना विकसित करने की अपील करता है. उन्होंने कहा, 'हमारी राजनीति और सरकार को इन मूल्यों को दिखाना चाहिए. समाज को देश और दुनिया की तरक्की के लिए काम करना चाहिए.' भागवत ने इस बात पर जोर दिया कि भारत की सांस्कृतिक पहचान हिंदू मूल्यों में निहित है, जो सिर्फ धार्मिक नहीं हैं, बल्कि उनमें जीवन जीने का एक तरीका और संस्कृति शामिल है जो प्रकृति और जीवन का सम्मान करती है. आरएसएस के विस्तार को लेकर चिंताओं पर बात करते हुए, भागवत ने कहा कि विपक्ष के कैंपेन डर और गलतफहमियों से चलते हैं. उन्होंने कहा कि हिंदू राष्ट्रवाद बंटवारे के बारे में नहीं है, बल्कि सांस्कृतिक एकता के बारे में है. उन्होंने कहा, 'भारत सिर्फ अलग-अलग राष्ट्रीयता का जमावड़ा नहीं है; यह हिंदुत्व में बसा एक देश है - एक ऐसी संस्कृति जो भारतीय जीवन का सार दिखाती है. ' आरएसएस प्रमुख ने प्रकृति और आध्यात्मिकता के बारे में भारत की पुरानी समझ पर भी बात की. उन्होंने कहा कि जहां आधुनिक विज्ञान ब्रह्मांड के रहस्यों को खोजता है, वहीं भारत का पुराना समाज लंबे समय से मानसिक और आध्यात्मिक विकास के महत्व को समझता रहा है.

## भारतीयों की मौत पर माफी मांगने की जगह हेकड़ी दिखा रहा अमेरिका: शशि

**नई दिल्ली, एजेंसी।** ओमान के समुद्री क्षेत्र के निकट एक व्यापारी जहाज पर अमेरिकी नौसेना की कार्रवाई के बाद तीन भारतीय नाविकों की मौत का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। इस घटना को लेकर भारत ने जहां कड़ा विरोध दर्ज कराया है, वहीं कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने अमेरिका के रवैये पर सवाल उठाते हुए पूछा है कि क्या भारतीय नागरिकों के जीवन का कोई महत्व नहीं है। उन्होंने कहा कि किसी मित्र और रणनीतिक साझेदार देश से ऐसी प्रतिक्रिया की उम्मीद नहीं की जा सकती। जिस जहाज को निशाना बनाया गया, उसका नाम एमटी सेटेबेल्लो था। यह कोई सैन्य पोत नहीं बल्कि एक सामान्य व्यापारी जहाज था, जो समुद्र के रास्ते माल परिवहन का कार्य कर रहा था। जहाज पर पलाउ का झंडा लगा हुआ था और उस पर कुल 24 भारतीय नाविक तैनात थे। अमेरिका ने होर्मुज की खाड़ी में समुद्री नाकाबंदी लागू कर रखी है। अमेरिकी पक्ष का दावा था कि संबंधित जहाज उनके निर्देशों का पालन नहीं कर रहा था। इसी आधार पर अमेरिकी नौसेना ने कार्रवाई की। हमले के बाद 21 भारतीय नाविकों को सुरक्षित निकाल लिया गया, जबकि तीन नाविक लापता हो गए थे। बाद में पुष्टि हुई कि उन तीनों की मौत हो चुकी है।



**अमेरिकी प्रतिक्रिया पर थरूर की नाराजगी :** इस घटना के बाद शशि थरूर ने अमेरिकी सरकार के आधिकारिक रुख पर तीखी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि अमेरिका की ओर से जारी बयान में तीन भारतीय नागरिकों की मौत पर न तो संवेदना व्यक्त की गई और न ही किसी तरह का खेद या माफी दिखाई गई। थरूर ने सवाल उठाया कि भारत का मित्र और रणनीतिक सहयोगी होने का दावा करने वाला देश इतनी असंवेदनशील प्रतिक्रिया कैसे दे सकता है।

उन्होंने यह भी पूछा कि अगर जहाज अमेरिकी आदेशों का पालन नहीं कर रहा था, तो क्या उस पर सीधे मिसाइल हमला करना ही एकमात्र विकल्प था। थरूर के अनुसार, जहाज को रोकने के लिए उसके इंजन को निष्क्रिय करने या अन्य गैर-घातक उपाय अपनाए जा सकते थे। उन्होंने कहा कि बिना किसी की जान लिए भी स्थिति को नियंत्रित किया जा सकता था।

**भारतीय नाविकों की सुरक्षा पर भी उठे सवाल :** थरूर ने इस मुद्दे का एक व्यापक पहलू भी सामने रखा। उन्होंने कहा कि दुनिया भर के समुद्री व्यापार में चलने वाले अधिकांश व्यापारी जहाजों पर बड़ी संख्या में भारतीय नाविक काम करते हैं। ऐसे में यह चिंता स्वाभाविक है कि क्या भविष्य में वे भी इसी तरह की सैन्य कार्रवाई के जोखिम का सामना करेंगे। उन्होंने उम्मीद जताई कि विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो के साथ बातचीत में इन चिंताओं को स्पष्ट रूप से उठाया होगा।

## पाकिस्तान में पेट्रोल-डीजल हुआ सस्ता, सरकार ने लिया बड़ा फैसला

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** मिडिल ईस्ट में जारी तनाव और वैश्विक तेल-गैस संकट के बीच पाकिस्तान सरकार ने बड़ा फैसला लिया है। सरकार ने आम लोगों को राहत देते हुए पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कटौती की है। पाकिस्तान के ऊर्जा मंत्रालय द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार, 13 जून 2026 से देश में पेट्रोलियम उत्पादों की नई कीमतें लागू कर दी गई हैं। नई दरों के तहत पेट्रोल की कीमत में 4 पाकिस्तानी रुपये प्रति लीटर की कमी की गई है। इसके बाद पेट्रोल का नया रेट 373.78 पाकिस्तानी रुपये प्रति लीटर हो गया है, जबकि पहले इसकी कीमत 377.78 रुपये प्रति लीटर थी। वहीं, हाई-स्पीड डीजल की कीमत में 2 पाकिस्तानी रुपये प्रति लीटर की कटौती की गई है। इसके बाद डीजल का नया रेट 378.78 पाकिस्तानी रुपये प्रति लीटर हो गया है, जो पहले 380.78 रुपये प्रति लीटर था।



लगातार पांचवीं बार मिली राहत पाकिस्तान सरकार द्वारा हाल के सप्ताहों में यह लगातार पांचवीं बार है जब ईंधन की कीमतों में कमी की गई है। ईंधन आयात पर निर्भर पाकिस्तान में अंतरराष्ट्रीय बाजार के उतार-चढ़ाव का सीधा असर घरेलू कीमतों पर पड़ता है। देश में हर पंद्रह दिन पर पेट्रोलियम उत्पादों की कीमतों की समीक्षा की जाती है। इससे पहले मई महीने में भी सरकार ने पेट्रोल और डीजल के दामों में कटौती कर उपभोक्ताओं को राहत दी थी। कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट का असर विशेषज्ञों के अनुसार, अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में हालिया गिरावट के चलते पाकिस्तान सरकार ने ईंधन सस्ता करने का फैसला लिया है। अमेरिका और ईरान के बीच तनाव कम होने तथा संभावित समझौते की उम्मीदों से क्रूड ऑयल की कीमतों में करीब 4 प्रतिशत तक गिरावट दर्ज की गई है। इसके अलावा होर्मुज स्ट्रेट में आपूर्ति बाधाओं के कम होने की संभावना ने भी वैश्विक तेल बाजार को राहत दी है। कच्चा तेल सस्ता होने से पाकिस्तान जैसे आयात-निर्भर देशों को ईंधन कीमतों में कटौती का अवसर मिला है। विशेषज्ञों का मानना है कि पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कमी से परिवहन लागत घट सकती है, जिससे वस्तुओं की कीमतों और महंगाई दर पर भी सकारात्मक प्रभाव पड़ने की संभावना है। साथ ही बिजली उत्पादन लागत में भी राहत मिल सकती है।

## कोलंबो से सिडनी जा रहे विमान पर गिरी बिजली, बाल-बाल बची 233 यात्रियों की जान

**कोलंबो , एजेंसी।** हवाई सफर के दौरान मौसम की अनिश्चितता कभी-कभी बड़े हादसों का सबब बन सकती है। ऐसी ही एक रोंगटे खड़े कर देने वाली घटना श्रीलंका से ऑस्ट्रेलिया जा रही एक अंतरराष्ट्रीय फ्लाइट के साथ घटी। श्रीलंका की राजधानी कोलंबो से सिडनी के लिए उड़ान भरने वाली फ्लाइट संख्याशुक्रवार को उस समय बड़े हादसे का शिकार होने से बच गई, जब बीच आसमान में उस पर भीषण आसमानी बिजली गिर पड़ी। इस विमान में कुल 233 लोग सवार थे, जिनकी जान कुछ पलों के लिए हलक में अटक गई थी।

**टेकऑफ के कुछ ही देर बाद हुआ हादसा :** प्राप्त जानकारी के अनुसार, यह विमान शुक्रवार सुबह करीब 12:05 बजे कोलंबो के बंदरानायके इंटरनेशनल एयरपोर्ट से सिडनी के लिए रवाना हुआ था। उड़ान भरने के कुछ ही समय बाद विमान खराब मौसम की चपेट में आ गया। जब विमान काफी ऊंचाई पर था, तभी अचानक एक तेज गरज के साथ आसमानी बिजली सीधे विमान से जा टकराई। रिपोर्ट्स के मुताबिक, बिजली गिरने की आवाज इतनी तेज थी कि यात्रियों को किसी बड़े धमाके जैसा अनुभव हुआ।




**इंजन से निकलीं चिंगारियां, यात्रियों में मचा हड़कंप :** विमान पर बिजली गिरने का एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो में देखा जा सकता है कि बिजली गिरने के तुरंत बाद विमान के एक इंजन से चिंगारियां निकलती हुई दिखाई दीं। अचानक हुए इस धमाके और चिंगारियों को देखकर विमान के अंदर चीख-पुकार मच गई और अफरा-तफरी का माहौल पैदा हो गया। कोलंबो में कराई गई इमरजेंसी लैंडिंग विमान के पायलटों ने सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए आगे का सफर जारी रखने के बजाय वापस लौटने का फैसला किया। पायलटों ने यात्रियों को सूचित किया कि बिजली गिरने के कारण इंजन को मामूली क्षति पहुंची है, जिसके कारण एहतियात के तौर पर विमान को वापस कोलंबो ले जाया जा रहा है। कुछ ही समय बाद विमान को बंदरानायके इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर सुरक्षित तरीके से उतार लिया गया। विमान में सवार सभी 207 यात्री और 16 क्रू मेंबर पूरी तरह सुरक्षित हैं और किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। विमान के सुरक्षित लैंडिंग के बाद तकनीकी विशेषज्ञों और इंजीनियरों की एक टीम ने विमान की सघन जांच शुरू कर दी है। एयरलाइन सूत्रों ने पुष्टि की कि यात्रियों की सुरक्षा के साथ कोई समझौता नहीं किया जा सकता था, इसलिए बीच रास्ते से लौटने का फैसला बिल्कुल सही था। एयरलाइन ने फंसे हुए यात्रियों के लिए वैकल्पिक यात्रा की व्यवस्था की ताकि वे अपने गंतव्य तक पहुंच सकें।

# रोहित शर्मा ने रचा इतिहास



## बतौर ओपनर अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 16000 रन पूरे

**नई दिल्ली।** अफगानिस्तान के खिलाफ पहले वनडे में रोहित शर्मा की बल्लेबाजी की शुरुआत दर्दनाक रही। पहले ही ओवर में अजमतुल्लाह ओमरजई को पुल शॉट लगाने के चक्कर में चोटिल हो गए। गेंद उनके कलाई पर लगी और वह दर्द से कराहते दिखे। दर्द से राहत मिलने के बाद रोहित शर्मा ने अफगानिस्तान के गेंदबाजों को धुन दिया। रन आउट होने से पहले उन्होंने 16 गेंद पर 2 चौके और 1 छक्के की मदद से 16 रन बनाए। रोहित शर्मा ने इस पारी में पहला छक्का जड़ते ही बड़ी उपलब्धि हासिल कर ली। बतौर ओपनर अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में उनके 16000 रन पूरे हो गए। वह बतौर ओपनर भारत के लिए सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी बन गए। वीरेंद्र सहवाग के उनसे ज्यादा रन हैं, लेकिन उन्होंने एशिया और आईसीसी एकादश के लिए ओपनिंग करते हुए रन बनाए हैं। बतौर ओपनर सबसे ज्यादा रन सनत जयसूर्या के नाम है। उन्होंने 19 हजार से ज्यादा रन बनाए हैं। क्रिस गेल और डेविड वॉर्नर के 18 हजार से ज्यादा रन हैं। वेस्टइंडीज के पूर्व खिलाड़ी डेसमंड हेंस, वीरेंद्र सहवाग और रोहित शर्मा के 16 हजार से ज्यादा रन हैं। सचिन तेंदुलकर, तमीम इकबाल और एलेस्टर कुक के 15 हजार से ज्यादा रन हैं।

## मोहिंदर अमरनाथ का तोड़ा रिकॉर्ड

**नई दिल्ली।** भारत के पूर्व कप्तान रोहित शर्मा ने शनिवार (13 जून) को धर्मशाला में अफगानिस्तान के खिलाफ पहले वनडे में इतिहास रच दिया। वह 50 ओवर के मैच में हिस्सा लेने वाले भारत के सबसे उम्रदराज पुरुष खिलाड़ी बन गए। रोहित की उम्र अभी 39 साल और 44 दिन है। उन्होंने ने मोहिंदर अमरनाथ को पीछे छोड़ा, जिन्होंने 39 साल और 36 दिन की उम्र में वनडे खेला था। अमरनाथ ने अपना आखिरी वनडे मैच 1989 में खेला था। यह माइलस्टोन रोहित के शानदार इंटरनेशनल करियर में एक और बड़ी कामयाबी है। वह पहले ही भारतीय



क्रिकेट इतिहास के सबसे सफल कप्तान और बल्लेबाज बन गए हैं। हालांकि, रोहित वनडे खेलने वाले सबसे उम्रदराज भारतीय नहीं हैं। यह रिकॉर्ड भारत की पूर्व महिला तेज गेंदबाज झूलन गोस्वामी के नाम है, जिन्होंने 2022 में लॉर्ड्स में इंग्लैंड के खिलाफ 39 साल और 303 दिन की उम्र में अपना आखिरी वनडे खेला था। खास बात यह है कि किसी भी भारतीय क्रिकेटर ने 40 साल से ज्यादा उम्र में वनडेमें देश का प्रतिनिधित्व नहीं किया है।

# महिला टी20 विश्व कप में भारत का विजयी आगाज, पाकिस्तान को 64 रन से हराया

एजेंसी

बर्मिंघम। भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने आईसीसी महिला टी20 विश्व कप 2026 में अपने अभियान की शुरूआत शानदार अंदाज में करते हुए चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान को 64 रन से पराजित कर दिया। एजबेस्टन मैदान पर खेले गए मुकाबले में भारत ने बल्लेबाजी और गेंदबाजी दोनों विभागों में दमदार प्रदर्शन किया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए भारत ने निर्धारित 20 ओवर में छह विकेट के नुकसान पर 170 रन का मजबूत स्कोर खड़ा किया। टीम की सफलता की नींव अनुभवी सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना ने रखी, जिन्होंने 44 गेंदों में 68 रन की शानदार पारी खेली। उनकी पारी में नौ चौके और दो छक्के शामिल रहे। कप्तान हरमनप्रीत कौर ने 36 रन का उपयोगी योगदान दिया, जबकि विकेटकीपर बल्लेबाज ऋचा घोष ने आखिर के ओवरों में आक्रामक बल्लेबाजी करते हुए मात्र 17 गेंदों में 34 रन बनाकर टीम को चुनौतीपूर्ण स्कोर तक पहुंचाया। 171 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी पाकिस्तान की टीम ने शुरूआत में सकारात्मक रुख अपनाया और पावरप्ले में तेज रन बनाए। हालांकि मध्य ओवरों में भारतीय स्पिनरों ने मैच का रुख पूरी तरह बदल दिया। भारत की जीत की सबसे बड़ी नायिका दीप्ति शर्मा रहीं, जिन्होंने अपने टी20 अंतरराष्ट्रीय करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 10 रन देकर पांच विकेट झटके। उनकी सटीक और नियंत्रित गेंदबाजी के सामने पाकिस्तान का मध्यक्रम और निचला क्रम पूरी तरह बिखर गया। बाएं हाथ की स्पिनर एन. श्री चरणी ने भी शानदार सहयोग देते हुए तीन विकेट हासिल किए। पाकिस्तान की ओर से मुनीबा अली ने सर्वाधिक 41 रन बनाए, लेकिन उन्हें अन्य बल्लेबाजों का अपेक्षित साथ नहीं मिला। पाकिस्तानी टीम 17 ओवर में 106 रन पर सिमट गई और भारत ने 64 रन की प्रभावशाली जीत दर्ज की। इस जीत के साथ भारतीय टीम ने टूर्नामेंट में दो महत्वपूर्ण अंक हासिल किए और अपने नेट रन रेट को भी मजबूत किया। भारत की यह जीत विश्व कप जैसे बड़े मंच पर पाकिस्तान के खिलाफ उसके शानदार रिकॉर्ड को और मजबूत करती है। बल्लेबाजों के आत्मविश्वास और स्पिन आक्रमण की धार ने यह संकेत भी दिया कि भारतीय टीम इस बार खिताब की प्रबल दावेदारों में शामिल है।







## महिला टी20 विश्व कप: ऑस्ट्रेलिया ने दक्षिण अफ्रीका को 65 रन से रौंदा

एजेंसी

**मैनचेस्टर।** छह बार की चैंपियन ऑस्ट्रेलिया टीम ने आईसीसी महिला टी20 विश्व कप 2026 में शानदार शुरूआत करते हुए दक्षिण अफ्रीका को 65 रन से हराकर अपना पहला मुकाबला जीत लिया। एमिरेट्स ओल्ड ट्रैफर्ड में खेले गए इस मैच में ऑस्ट्रेलिया ने बल्लेबाजी और गेंदबाजी दोनों विभागों में शानदार प्रदर्शन किया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए ऑस्ट्रेलिया की शुरूआत खराब रही और शुरूआती विकेट जल्दी गंवाने पड़े। इसके बाद फोबे लिचफील्ड ने आक्रामक अंदाज में बल्लेबाजी करते हुए महज 24 गेंदों पर 51 रन बनाए। उनकी तेजतर्रार पारी ने ऑस्ट्रेलियाई पारी को गति दी और टीम को मजबूत स्थिति में पहुंचाया। मध्यक्रम में एलिस पेरी ने 36 रन और जॉर्जिया वेयरहैम ने 32 रन का महत्वपूर्ण योगदान दिया। अंतिम ओवरों में एनाबेल सुदरलैंड ने तेज रन जोड़कर टीम का स्कोर 20 ओवर में 8 विकेट के नुकशान पर 172 रन तक पहुंचा दिया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी दक्षिण अफ्रीका की टीम शुरूआत से ही दबाव में दिखाई दी। शुरूआती दो विकेट जल्दी गिरने के बाद कप्तान लॉरा वोल्वार्ड्ट ने 44 रन की



संघर्षपूर्ण पारी खेलकर टीम को संभालने का प्रयास किया। उन्होंने नादिन डी क्लर्क के साथ महत्वपूर्ण साझेदारी भी की, लेकिन लगातार गिरते विकेटों के कारण टीम लक्ष्य के करीब नहीं पहुंच सकी। ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजों ने नियमित अंतराल पर विकेट लेकर दक्षिण अफ्रीका की बल्लेबाजी को बिखेर दिया। वेयरहैम ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 3 विकेट हासिल किए, जबकि सोफी मोलिनेक्स और अलाना किंग ने दो-दो विकेट अपने नाम किए। दक्षिण अफ्रीका की पूरी टीम 16.4 ओवर में 107 रन पर सिमट गई और ऑस्ट्रेलिया ने 65 रन की बड़ी जीत दर्ज की। इस जीत के साथ ऑस्ट्रेलिया ने टूर्नामेंट में मजबूत शुरूआत की और अपने खिताब अभियान के लिए सकारात्मक संकेत दिए।

### ऑस्ट्रेलिया ओपन

## सिंधु सेमीफाइनल में यामागुची से हारीं, भारत का अभियान समाप्त

**सिडनी ।** ऑस्ट्रेलियन बैडमिंटन ओपन के विमेंस सिंगल्स सेमीफाइनल में शनिवार को हार के साथ भारतीय स्टार पीवी सिंधु का 2026 सीजन में पहली बार खिताबी मुकाबले में पहुंचने का सपना अधूरा रह गया। ओलंपिक मेडलिस्ट सिंधु को मौजूदा वर्ल्ड चैंपियन अकाने यामागुची के हाथों 20-22, 12-21 से हार का सामना करना पड़ा। सिंधु ने कड़े मुकाबले वाले पहले गेम में तीसरी वरीयता प्राप्त जापानी खिलाड़ी को कड़ी टक्कर दी, लेकिन फिर यामागुची ने मैच पर पकड़ बनाते हुए मुकाबला 43 मिनट में अपने नाम किया। इसी के साथ यामागुची ने बीडब्ल्यूएफ सुपर 500 टूर्नामेंट के फाइनल में अपनी जगह बना ली। वर्ल्ड नंबर 10 सिंधु के लिए यह सीजन में एक और करीबी हार थी। जनवरी में मलेशिया ओपन के सेमीफाइनल में पहुंचने के बाद, ऑस्ट्रेलियन ओपन बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर पर इस साल उनका दूसरा सेमीफाइनल था।

पहले गेम में वैसा ही मुकाबला देखने को मिला, जिसकी फैंस को उम्मीद थी। सिंधु ने शुरुआती कुछ रैलियों में दबदबा बनाए रखा और मिड-गेम ब्रेक तक मामूली बढ़त हासिल की। हालांकि, यामागुची ने लगातार 6 प्वाइंट्स जीतकर मैच का रुख अपनी ओर मोड़ लिया। इसके बाद भारतीय खिलाड़ी ने शानदार वापसी करते हुए अंतर को खत्म किया और मुकाबले को रोमांचक बना दिया। उन्होंने 2019 के स्कोर पर एक गेम प्वाइंट बचाया, लेकिन जापानी शटलर ने संयम बनाए रखते हुए बढ़त हासिल की और पहला गेम अपने नाम कर लिया।

### कतर को स्विट्ज़रलैंड के खिलाफ मिला ऐतिहासिक अंक

## ब्राजील को मोरोक्को ने ड्रॉ पर रोका

**नई दिल्ली।** फीफा वर्ल्ड कप 2026 के तीसरे दिन पहले दो मुकाबलों में कोई नतीजा नहीं निकल पाया। कतर ने मजबूत स्विट्जरलैंड को 1-1 से ड्रॉ पर रोका और अपना ऐतिहासिक अंक हासिल किया। कतर को फीफा वर्ल्ड कप में पहली बार अंक मिला है। यह मुकाबला ड्रॉ होने के बाद दोनों टीमों को एक-एक अंक मिला। जबकि दूसरे मुकाबले में मोरोक्को ने ब्राजील को 1-1 से ड्रॉ पर रोक दिया। 14 जून को खेले गए मुकाबले में सैन फ्रैंनसिस्को का स्टेडियम तब गूंज उठा जब स्टॉपेज टाइम में कतर के कप्तान बोआलेम खौखी ने बेहतरीन हेडर लगाया और स्कोर स्विट्जरलैंड की बराबरी पर पहुंचा दिया। इसके बाद कतर को मिला फीफा वर्ल्ड कप के इतिहास का पहला अंक। ग्रुप बी के इस मुकाबले में स्विट्जरलैंड को ब्रील



एम्बोलो की पेनल्टी से पहले हाफ में ही लीड मिल गई थी। इसके बाद कतर ने बेहतरीन डिफेंस दिखाया। अंत में यह मुकाबला 1-1 से ड्रॉ पर समाप्त हुआ और दोनों टीमों को एक-एक अंक शेयर करना पड़ा।

तीसरे दिन के दूसरे मुकाबले में ग्रुप सी की दो टीमें ब्राजील और मोरोक्को आमने-सामने थीं। पांच बार की चैंपियन ब्राजील की टीम को नेमार की कमी साफतौर पर खलती दिखी। 21वें मिनट में ही मोरोक्को के इस्माइल सैबारी ने बेहतरीन स्कूप के साथ ब्राजील के ऊपर लीड बना ली थी। उसके बाद इस टीम ने गोल नहीं किया लेकिन खाया भी नहीं था।

### विनीसियस ने ब्राजील को हार से बचाया

24 साल से अपने छठे फीफा खिताब का इंतजार कर रही ब्राजील इस मैच में लंबे समय तक पिछड़ती दिख रही थी। उसके बाद न्यू जर्सी में क्राउड तब झूम उठा जब विनीसियस जूनियर ने बेहतरीन गोल दागा और ब्राजील को इस मैच में बराबरी पर ला दिया। उसके बाद अंत तक कोई भी टीम एक भी गोल नहीं कर पाई और मुकाबला 1-1 से ड्रॉ हो गया। अब ब्राजील अगले मैच में हैती का सामना करेगी और मोरोक्को की भिड़ंत स्कॉटलैंड से होगी।



## अर्जुन तेंदुलकर ने बेहतरीन इकॉनमी से झटके 7 विकेट

**नई दिल्ली।** अर्जुन तेंदुलकर को आईपीएल 2026 में भले ही एक मैच में खेलने का मौका मिला था, लेकिन वहां भी इस खिलाड़ी ने अपनी बॉलिंग स्किल से सुर्खियां बटोरी थीं। उसके बाद मुंबई की लोकल टी20 लीग में जूनियर तेंदुलकर ने कमाल का प्रदर्शन किया है। अर्जुन एक बॉलिंग ऑलराउंडर हैं और उन्होंने गेंदबाजी के साथ-साथ बल्लेबाजी में अभी अपनी एक-दो पारियों से इस लीग में सुर्खियां बटोरीं।



अर्जुन तेंदुलकर के बल्ले से इस टूर्नामेंट में 70 गेंद पर 104 रन निकले। उन्होंने छह पारियां इस लीग में खेलीं और 6 चौके व 7 छक्के उनके बल्ले से निकले। उन्होंने कई मौकों पर अपनी उपविजेता टीम आर्क्स अंधेरी के लिए नंबर 3 पर भी बल्लेबाजी की। उनका सर्वोच्च स्कोर 66 रन रहा। उनकी यह अर्धशतकीय पारी इस टूर्नामेंट में चर्चा का विषय रही।

**गेंदबाजी में छाए जूनियर तेंदुलकर-** अर्जुन तेंदुलकर ने गेंदबाजी से एक बार फिर जादू बिखेरा है। अर्जुन ने टूर्नामेंट में कुल सात मैच खेले लेकिन 6 पारियों में उन्होंने गेंदबाजी की। खास बात यह है कि इस दौरान टी20 फॉर्मेट वाली इस लीग में अर्जुन की इकॉनमी 8 से भी कम रही। उन्होंने 6 पारियों में कुल 21 ओवर डाले और 7.95 की इकॉनमी से रन देते हुए 7 विकेट झटके। उनका इस टूर्नामेंट में गेंदबाजी औसत 23.86 और स्ट्राइक रेट 18.00 रहा। 11 रन देकर 3 विकेट इस लीग में उनका बेस्ट गेंदबाजी प्रदर्शन था। उन्होंने एक बार फिर बता दिया है कि अगर आईपीएल में उन्हें लगातार मौके मिलते तो आज निखरते हुए वह एक बेहतरीन ऑलराउंडर के तौर पर नजर आते। टी20 मुंबई लीग 2026 के फाइनल मुकाबले में एमएससी मराठा रॉयल्स ने आर्क्स अंधेरी को 8 रनों से हराकर खिताब जीता। इस मैच में अंधेरी ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया। एमएससी मराठा रॉयल्स ने चिन्मय राजेश सुतार की अर्धशतकीय पारी के दमपर 5 विकेट पर 154 रन बनाए। जवाब में आर्क्स अंधेरी की टीम 155 रनों के लक्ष्य के जवाब में 20 ओवर में 8 विकेट पर 146 रन ही बना पाई। हालांकि, इस मैच में अर्जुन ने अपने बैटिंग परफॉर्मेंस से निराश किया और 12 गेंद पर 2 रन ही बना पाए। जबकि फाइनल मैच में बॉलिंग करते हुए अर्जुन ने 4 ओवर में 36 रन देकर 2 विकेट लिए।

## अंधेरी को हरा मराठा रॉयल्स ने जीता खिताब

### ये हैं टी20 मुंबई लीग के टॉप-5 बल्लेबाज और गेंदबाज

**नई दिल्ली।** टी20 मुंबई लीग 2026 के फाइनल मुकाबले में एमएससी मराठा रॉयल्स को एआरसीएस अंधेरी ने 8 रनों से हराकर खिताब जीता। मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में फाइनल मुकाबले में एआरसीएस अंधेरी ने टॉस जीतकर गेंदबाजी का फैसला किया। एमएससी मराठा रॉयल्स ने चिन्मय राजेश सुतार की अर्धशतकीय पारी के दमपर 5 विकेट पर 154 रन बनाए। एआरसीएस अंधेरी की टीम 155 रनों के लक्ष्य के जवाब में 20 ओवर में 8 विकेट पर 146 रन ही बना पाई। दिव्यांस सक्सेना की 51 रनों की पारी पर पानी फिर गया। मुशीर खान, अर्जुन तेंदुलकर और कप्तान शिवम दुबे जैसे बल्लेबाज नहीं चल पाए। इस तरह से मएससी मराठा रॉयल्स ने खिताब अपने नाम कर लिया। टी20 मुंबई लीग 2026 में सबसे ज्यादा रन सुवेद पारकर ने बनाए। नूतन कुमार गोयल दूसरे नंबर पर रहे। टॉप-5 में हार्दिक तमोरे भी रहे। टी20 मुंबई लीग 2026 में सबसे ज्यादा विकेट तुषार देशपांडे ने लिए। उन्होंने 12 विकेट लिए। अजय बी मिश्रा,सिल्वेस्टर डिसूजा,शशांक अत्तारदे, शम्स मुलानी और इरफान उमैर ने 10-10 विकेट लिए।



# चीन+1 स्ट्रैटेजी भारत को दे रही अब तक का सबसे बड़ा मौका

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत ग्लोबल 'चीन+1' स्ट्रैटेजी से सबसे ज्यादा फायदा उठाने वाले देशों में से एक के तौर पर उभरा है। कारण है कि मल्टीनेशनल कंपनियां चीन से बाहर मैन्युफैक्चरिंग और सप्लाई चेन को फैलाने पर तेजी से फोकस कर रही हैं। यस सिक्योरिटीज की एक रिपोर्ट में यह बात कही गई है। इसके मुताबिक, यह बदलाव भारत के लिए ग्लोबल वैल्यू चेन में अपनी स्थिति मजबूत करने और एक्सपोर्ट-बेस्ड ग्रोथ को तेज करने का शानदार मौका है। रिपोर्ट में कहा गया है कि जियोपॉलिटिकल टेंशन, सप्लाई-चेन में रुकावट और किसी एक मैन्युफैक्चरिंग हब पर बहुत ज्यादा निर्भरता की चिंताओं ने ग्लोबल कंपनियों को दूसरे विकल्प तलाशने के लिए प्रेरित किया है। चीन में बढ़ती मजदूरी और बढ़ती जियोपॉलिटिकल अनिश्चितता ने इस ट्रेंड को और तेज कर दिया है। इससे उन देशों के लिए मौके बन रहे हैं जो बड़े पैमाने पर मैन्युफैक्चरिंग इन्वेस्टमेंट को अपना सकते हैं। भारत तेजी से बना रहा है अपनी जगह अपनी बड़ी लेबर फोर्स, बढ़ते घरेलू बाजार और बेहतर होते मैन्युफैक्चरिंग इकोसिस्टम के साथ भारत तेजी से खुद को उन कुछ अर्थव्यवस्थाओं में से एक के तौर पर स्थापित कर रहा है जो इस ग्लोबल बदलाव का फायदा उठा सकती हैं। यस सिक्योरिटीज के अनुसार, देश एक अहम आर्थिक मोड़ पर है। इलेक्ट्रॉनिक्स, इंजीनियरिंग सामान, फार्मास्यूटिकल्स और ऑटो कंपोनेंट्स में हालिया बढ़त इसकी बढ़ती मैन्युफैक्चरिंग क्षमताओं को दिखाती है। यस सिक्योरिटीज के अनुसार, यह कॉम्बिनेशन लंबे समय तक चलने वाले मैन्युफैक्चरिंग और एक्सपोर्ट ग्रोथ साइकल की नींव रख सकता है। अलग-अलग सेक्टर्स में इलेक्ट्रॉनिक्स भारत के बदलते ट्रेड स्ट्रक्चर का सबसे ज्यादा फायदा उठाने वाला सेक्टर बनकर उभरा है। रिपोर्ट इस बात पर जोर देती है कि ऐपल और स्मार्टफोन मैन्युफैक्चरिंग इकोसिस्टम ने इस सेक्टर को काफी हद तक इंपोर्ट पर निर्भर रहने की स्थिति से बदलकर देश के सबसे तेजी से बढ़ने वाले एक्सपोर्ट उद्योगों में से एक बना दिया है।




### इसलिए बढ़ी है भारत की अपील

रिपोर्ट में कहा गया है कि संयुक्त अरब अमीरात ऑस्ट्रेलिया, ब्रिटेन और यूरोपियन फ्री ट्रेड एसोसिएशन के साथ भारत के हालिया फ्री ट्रेड एग्रीमेंट्स और साथ ही यूरोपियन यूनियन और अमेरिका के साथ बातचीत मैन्युफैक्चरिंग डेस्टिनेशन के तौर पर देश की अपील को मजबूत कर रहे हैं। ये एग्रीमेंट्स एक्सपोर्टर्स को टैरिफ के मामले में ज्यादा निश्चितता और बड़े बाजारों तक बेहतर पहुंच प्रदान करते हैं। पिछले ट्रेड एग्रीमेंट्स के उलट मौजूदा एफटीए साइकल को प्रोडक्शन-लिंक्ड इंसेंटिव स्कीम, इंडस्ट्रियल कॉरिडोर, पोर्ट्स, लॉजिस्टिक्स इंफ्रास्ट्रक्चर और सप्लाई-चेन लोकलाइजेशन पहलों के जरिए मजबूत घरेलू मैन्युफैक्चरिंग को बढ़ावा देने के साथ लागू किया जा रहा है।

## टाटा की आईफोन फैक्ट्री हो सकती है बंद, हजारों नौकरियों पर संकट

### थलपति विजय सरकार के सामने बड़ी चुनौती

**नई दिल्ली, एजेंसी।** तमिलनाडु में हाल ही में सत्ता संभालने वाले मुख्यमंत्री सी जोसेफ विजय (थलपति विजय) की नई सरकार के सामने एक बड़ी औद्योगिक और पर्यावरणीय चुनौती खड़ी हो गई है। होसुर में स्थित टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स की आईफोन कंपोनेंट्स (पुर्जे) बनाने वाली फैक्ट्री कानूनी और पर्यावरणीय विवादों में घिर गई है। राज्य के प्रदूषण नियामक ने आरोप लगाया है कि इस फैक्ट्री से




निकलने वाले अपशिष्ट जल के कारण आस-पास के खेतों का भूजल यानी ग्राउंड वॉटर दूषित हो गया है। प्रदूषण बोर्ड ने संतोषजनक स्पष्टीकरण न मिलने पर फैक्ट्री को जबरन बंद करने की कड़ी चेतावनी दी है। अगर ऐसा होता है तो हजारों लोगों की नौकरियों पर संकट आ जाएगा। एक अनुमान के मुताबिक इस फैक्ट्री में कुल करीब 75000 लोग काम करते हैं। तमिलनाडु में नौकरियों पर संकट का डर टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स की यह फैक्ट्री दक्षिण एशिया में ताइवान की फॉक्सकॉन के बाद एप्पल की दूसरी सबसे बड़ी सप्लायर है। इसमें हजारों स्थानीय लोग काम करते हैं। अगर प्रदूषण बोर्ड के इस नोटिस के बाद फैक्ट्री में काम रुकता है या बिजली काटी जाती है, तो सीधे तौर पर होसुर और आस-पास के हजारों युवाओं के रोजगार पर संकट आ जाएगा। आईफोन के बैक पैनल और अन्य पुर्जे बनाने वाली इस यूनिट में तालाबंदी होने से एप्पल की पूरी वैश्विक सप्लाई चेन प्रभावित हो सकती है, जिससे नई नौकरियों के सृजन पर भी ब्रेक लग सकता है। रिसर्च फर्म काउंटरपॉइंट के अनुसार, 2026 तक वैश्विक स्तर पर बनने वाले कुल आईफोन्स में भारत की हिस्सेदारी बढ़कर 26% होने का अनुमान है, जिसका एक बहुत बड़ा हिस्सा तमिलनाडु की फैक्ट्रियों से आता है। ऐसे में इस फैक्ट्री पर संकट आने से राज्य की औद्योगिक छवि को नुकसान पहुंच सकता है। महीनों की शिकायत के बाद हुई जांच होसुर प्लांट के पास स्थित कृषि भूमि के मालिकों ने तमिलनाडु प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड से लगातार शिकायत की थी कि फैक्ट्री का केमिकल युक्त गंदा पानी उनके खेतों और खुले कुओं को बर्बाद कर रहा है। शिकायतों के आधार पर दिसंबर 2025 से मई 2026 के बीच अधिकारियों ने पांच बार फैक्ट्री का औचक निरीक्षण किया। 25 मई के नियामक नोटिस के अनुसार, टाटा ने परिसर के भीतर बने रेनवाटर हार्वेस्टिंग पॉन्ड में दूषित पानी छोड़ दिया।

### सीएम के सामने संकट

यह मामला मुख्यमंत्री थलपति विजय के लिए इसलिए भी संवेदनशील है क्योंकि एक तरफ उन पर स्थानीय किसानों के हितों और पर्यावरण की रक्षा करने का दबाव है, तो दूसरी तरफ राज्य में बड़े पैमाने पर युवाओं के रोजगार और वैश्विक निवेश को सुरक्षित रखने की बड़ी जिम्मेदारी है। ऐसे में थलपति विजय के सामने दोहरी चुनौती खड़ी हो गई है।

# भारत ने रूस से खरीदा 56 हजार करोड़ का ईंधन

### भारत बना रूसी ईंधन का दूसरा सबसे बड़ा खरीदार



एजेंसी

**नई दिल्ली।** पश्चिमी देशों और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की प्रतिबंधों की धमकियों को पूरी तरह दरकिनार करते हुए भारत ने रूस से कच्चे तेल और गैस की खरीद में रिकॉर्ड बढ़ोतरी की है। हाल ही में जारी आंकड़ों के अनुसार, भारत मई 2026 में रूसी जीवाश्म ईंधन (फॉसिल फ्यूल) का दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा खरीदार बना रहा। भारतीय रिफाइनरियों द्वारा लगातार बढ़ाई गई खरीद के कारण रूस से कुल कच्चे तेल और अन्य ईंधन का आयात बढ़कर 5.8 अरब यूरो यानी लगभग 56,000 करोड़ रुपये के पार पहुंच गया है। वैश्विक स्तर पर मई महीने में रूस के कच्चे तेल के कुल निर्यात में चीन की हिस्सेदारी 50 फीसदी रही, जबकि भारत 36 फीसदी हिस्सेदारी के साथ दूसरे स्थान पर मजबूती से टिका रहा। आंकड़ों के अनुसार, मई के महीने में रूस से भारत के कुल आयात में अकेले कच्चे तेल (क्रूड ऑयल) की हिस्सेदारी लगभग 83 फीसदी रही। कच्चे तेल के अलावा भारतीय रिफाइनरियों ने रूस से बड़े पैमाने पर तेल उत्पादों और कोयले का आयात भी जारी रखा है। इस अवधि में ऑयल प्रोडक्ट्स का आयात 55 करोड़ यूरो और कोयले के आयात का कुल मूल्य 42.9 करोड़ यूरो दर्ज किया गया।

मई महीने के दौरान भारत के कुल कच्चे तेल आयात में मासिक आधार पर आठ फीसदी का जोरदार उछाल आया है। इस भारी वृद्धि का सबसे बड़ा कारण मई में रूस से होने वाले कच्चे तेल के आयात में हुआ 21 फीसदी का इजाफा रहा। भारत में रूसी कच्चे तेल की सबसे ज्यादा आमद गुजरात स्थित देश के प्रमुख रिफाइनिंग और औद्योगिक केंद्रों में देखी गई। आंकड़ों के मुताबिक, वाडिनार रिफाइनरी में अप्रैल की तुलना में मई में 36 प्रतिशत अधिक रूसी तेल जहाजों से उतारा गया। वहीं, दुनिया के सबसे बड़े जामनगर रिफाइनिंग परिसर में भी रूसी कच्चे तेल की आवक में मासिक आधार पर 14 प्रतिशत की उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई है। निजी रिफाइनरियों के साथ-साथ सार्वजनिक क्षेत्र की सरकारी रिफाइनरी कंपनियों ने भी इस वर्ष की शुरूआत में आयात दोबारा शुरू करने के बाद अपनी खरीद तेजी से बढ़ाई है। नवंबर 2025 के अंत में रूसी तेल आयात रोकने वाली न्यू मैंगलोर और विशाखापत्तनम रिफाइनरी ने मार्च से दोबारा खरीद शुरू की थी। मई में न्यू मैंगलोर रिफाइनरी में रूसी तेल की आपूर्ति मासिक आधार पर 13 प्रतिशत बढ़ी, जबकि विशाखापत्तनम रिफाइनरी में इसमें 42 प्रतिशत की भारी वृद्धि दर्ज की गई। इसके अलावा, ओडिशा स्थित पारादीप रिफाइनरी में भी पिछले दो साल में रूसी कच्चे तेल की सर्वाधिक मात्रा उतारी गई है। यह स्पष्ट रूप से संकेत देता है कि तमाम भू-राजनीतिक और प्रतिबंध संबंधी अंतरराष्ट्रीय दबावों के बावजूद, रियायती दरों पर उपलब्ध रूसी तेल भारतीय रिफाइनरी इकाइयों के लिए लगातार आकर्षक और फायदेमंद बना हुआ है।

## वैश्विक संकेतों, फेड निर्णय और कच्चे तेल के रुख से तय होगी शेयर बाजार की दिशा

### विश्लेषकों की निगाहें महंगाई आंकड़ों, अमेरिकी फेडरल रिजर्व की घोषणा और भू-राजनीतिक घटनाक्रम पर



**मुंबई।** भारतीय शेयर बाजार की दिशा इस सप्ताह मुख्य रूप से वैश्विक संकेतों, अमेरिकी फेडरल रिजर्व के ब्याज दर संबंधी निर्णय और कच्चे तेल की कीमतों के रुख से निर्धारित होगी। विश्लेषकों का कहना है कि मई के महंगाई आंकड़े और अमेरिका-ईरान के बीच संभावित समझौते जैसे भू-राजनीतिक घटनाक्रम भी बाजार की धारणा को प्रभावित करेंगे। स्थानीय शेयर बाजार के लिए यह सप्ताह कई महत्वपूर्ण घटनाक्रमों से भरा रहने वाला है, जिनकी बदौलत बाजार की दिशा तय होगी। विश्लेषकों ने राय जताई है कि घरेलू स्तर पर मई माह के थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) आधारित मुद्रास्फीति के आंकड़े महत्वपूर्ण रहेंगे। वैश्विक स्तर पर 16-17 जून को होने वाली अमेरिकी फेडरल ओपन मार्केट कमेटी (एफओएमसी) की बैठक और उसके निर्णय पर निवेशकों की करीबी नजर रहेगी। बाजार भागीदार फेडरल रिजर्व की टिप्पणियां, महंगाई के दृष्टिकोण, आर्थिक वृद्धि के अनुमान और भविष्य में ब्याज दरों में कटौती के संकेतों का विश्लेषण करेंगे। इसके अतिरिक्त अमेरिका और ईरान के बीच रविवार को संभावित शांति समझौता बाजार के लिए एक अहम भू-राजनीतिक घटनाक्रम होगा। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने समझौते पर हस्ताक्षर और रणनीतिक महत्व वाले होर्मुज जलडमरूमध्य को सभी के लिए तुरंत खोलने की बात कही है, हालांकि असफल होने पर नए हमलों की संभावना का संकेत भी दिया है। इस समझौते की उम्मीदों से ब्रेंट कच्चे तेल की कीमतों में पहले ही गिरावट आई है, जो भारत जैसे बड़े तेल आयातक देश के लिए एक अत्यंत सकारात्मक संकेत है। विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) की गतिविधियां भी बाजार की दिशा तय करेंगी। जून के पहले पखवाड़े में एफपीआई भारतीय शेयरों से 62,853 करोड़ रुपये से अधिक की निकासी कर चुके हैं। नेशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरी लिमिटेड (एनएसडीएल) के आंकड़ों के अनुसार 2026 में अब तक एफपीआई भारतीय शेयर बाजार से कुल 2.87 लाख करोड़ रुपये निकाल चुके हैं, जो पूरे 2025 में निकाले गए 1.66 लाख करोड़ रुपये से भी अधिक है। घरेलू मोर्चे पर मानसून की प्रगति भी निवेशकों की निगाहों में रहेगी।

## सरकार ने किया साफ : देश में एलपीजी तेल और खाद की नहीं है कोई कमी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव और ईरान संकट के बीच केंद्र सरकार ने देशवासियों और किसानों को बड़ी राहत दी है। सरकार ने साफ कर दिया है कि देश में कच्चे तेल, एलपीजी, प्राकृतिक गैस और खेती के लिए जरूरी खादों (उर्वरकों) का पर्याप्त भंडार मौजूद है, इसलिए किसी भी तरह की किल्लत की कोई आशंका नहीं है। केंद्रीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने देश को आश्वस्त किया कि भारत की ऊर्जा आपूर्ति पूरी तरह से सुरक्षित है। उन्होंने कहा कि भारत के पास 60 दिनों से अधिक की खपत के लिए कच्चे तेल (क्रूड ऑयल) और प्राकृतिक गैस का स्टॉक मौजूद है। वहीं इंदौर में ब्रिक्स कृषि बैठक के समापन के बाद केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने किसानों को खाद की उपलब्धता और कीमतों को लेकर बड़ी राहत दी।



भारत ने घरेलू उत्पादन बढ़ाकर एलपीजी (रसोई गैस) के आयात पर अपनी निर्भरता को काफी कम कर लिया है। पहले जहां घरेलू उत्पादन 32,000 मीट्रिक टन प्रतिदिन था, वह अब बढ़कर 54,000 मीट्रिक टन प्रतिदिन हो गया है। देश के पास फिलहाल 75 से 80 दिनों का एलपीजी स्टॉक उपलब्ध है। हरदीप सिंह पुरी ने बताया कि मई 2022 से मई 2026 के बीच जहां दुनिया भर में पेट्रोल की कीमतें आसमान छू रही थीं, वहीं भारत में कीमतों में 3.1% की गिरावट आई है। हाल ही में एक्साइज ड्यूटी में 10 रुपये प्रति लीटर की कटौती से सरकारी खजाने पर 1 लाख करोड़ रुपये का बोझ पड़ा, लेकिन आम जनता को राहत मिली। सरकार वैकल्पिक ईंधन पर तेजी से काम कर रही है। दिसंबर 2026 तक ई85 ईंधन पंपों की संख्या बढ़ाकर 500 और दिसंबर 2027 तक 5,000 करने का लक्ष्य है। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि खरीफ और रबी फसलों के लिए देश में खाद की कोई किल्लत नहीं है। उन्होंने कहा कि चालू खरीफ सीजन के लिए देश में पर्याप्त खाद उपलब्ध है और आने वाले रबी सीजन के लिए भी अग्रिम व्यवस्थाएं की जा रही हैं। साथ ही वैश्विक स्तर पर कीमतों में उतार-चढ़ाव के बावजूद किसानों को यूरिया और डीएपी पुरानी रियायती दरों पर ही मिलती रहेगी। बढ़े हुए दामों का अतिरिक्त बोझ सरकार खुद उठाएगी। मानसून को प्रभावित करने वाले अल नीनो जलवायु प्रभाव पर बात करते हुए कृषि मंत्री ने कहा कि सरकार ने इससे निपटने के लिए पूरी तैयारी कर ली है। साथ ही टिकाऊ खेती के लिए देश में जैविक और प्राकृतिक खेती को लगातार बढ़ावा दिया जा रहा है।

## बिजली बिल बढ़ने से दिल्ली की इंडस्ट्री पर मुश्किलें

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली में बिजली के बिलों में पावर परचेज एडजस्टमेंट कॉस्ट की बढ़ोतरी को लेकर दुकानदारों और फैक्ट्री मालिकों की टेंशन बढ़ गई है। व्यापारी संगठन सीटीआई ने दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता को पत्र लिखा है। दावा है कि इस बढ़ोतरी से हरियाणा और यूपी के अपेक्षा दिल्ली में कारोबारियों पर अतिरिक्त बोझ बढ़ेगा। बिजली की नई दरें 10 जून से लागू हो चुकी है, जिसका असर जुलाई में आने वाले बिजली बिलों में दिखाई देगा। इंडस्ट्रीज के लिए बिजली की दरें पहले से ही पड़ोसी राज्यों हरियाणा और उत्तर प्रदेश की तुलना में बहुत ज्यादा हैं। अब बिजली दरें और बढ़ने से दिल्ली की इंडस्ट्रीज पड़ोसी राज्यों हरियाणा और उत्तर प्रदेश में शिफ्ट हो सकती हैं क्योंकि वहां बिजली की दरें और न्यूनतम मजदूरी दिल्ली की तुलना में सस्ती होने से लागत कम पड़ेगी। बृजेश गोयल ने कहा कि रेजिडेंशियल बिजली दरों में सब्सिडी मिलती है, लेकिन कमर्शियल और इंडस्ट्रीज में सब्सिडी नहीं मिलने से यहां बिजली की दरें हरियाणा और उत्तर प्रदेश की तुलना में बहुत ज्यादा हो जाएंगी। इससे व्यापारियों और फैक्ट्री मालिकों पर अतिरिक्त बोझ पड़ेगा और वस्तुओ के दाम बढ़ने की संभावना बढ़ेगी। अगर यहीं स्थिति रही तो कारोबारी



अपना कारोबार हरियाणा या यूपी में शिफ्ट करने को मजबूर होंगे। दिल्ली के ऊर्जा मंत्री आशीष सूद ने साफ किया कि कोई नई व्यवस्था नहीं है, बल्कि बिजली कानूनों के तहत पहले से लागू एक नियामक प्रावधान है। इसके जरिए बिजली वितरण कंपनियां ईंधन और बिजली खरीद की बढ़ी हुई लागत का एडजस्टमेंट करती हैं। उन्होंने कहा कि पश्चिम एशिया में जारी संकट और अन्य अंतरराष्ट्रीय कारणों से पिछले एक महीने में बिजली खरीद की लागत में करीब 31 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। दिल्ली विद्युत विनियामक आयोग ने औसतन केवल 2.4 प्रतिशत बढ़ोतरी को मंजूरी दी है।

## जनजाति नायक : जगदेव राम उरांव



डॉ लक्ष्मीकांत नारायण बड़ाईक, (तपकरा)

हृदय में बसल आहंय
जगदेव राम जी।
जनजाति नायक
हामर अभिमान जी।
हृदय में बसल आहंय....
।।ध्रु।।

आदिवासी वनवासी,
आत्मीय भाव रहे,
जनजाति हितक लागीन,
सगरे प्रभाव रहे,
आदिवासी जहाँ रहंय,
विपदा में साथ रहे,
गांव नगर महानगर,
हर जगह हाथ रहे,
जगत से विदा लेलंय,
करी कल्याण जी।
हृदय में बसल आहंय.. ।।1।।

जनजाति प्रतिभा कर,
सब जगे खोज करंय,
समाज के विकास में,
दिन राती लागल रहंय,
देश कर कोना कोना,
करम आपन करत रहंय,
धरम करम लागीन,
आगे आगे चलत रहंय,
राऊर लखे कोई नखंय,
आन बान शान जी।
हृदय में बसल आहंय..।।2।।

धईन है भारत मांय,
जगत में नाम रहे,
जगत के जगदेव,
सोरग में ठांव रहे,
अंजलि भरिए फुल,
श्रद्धा के भाव रहे,
जन जन हृदय में,
राऊर ले पछताव रहे,
करजोरी *नारायण*
करंय गुनगान जी।
हृदय में बसल आहंय..।।3।।
*-*-*-*-*-*-*

# भारत आउर श्रीलंका कर बीच समुद्री सहजोग आउर मित्रता भेलक आउर मजबूत





**आईएनएस शारदा कोलंबो कर सफल दौरा करलक**

**प्रातः नागपुरी संवाददाता**

श्रीलंका। आईएनएस शारदा कोलंबो, श्रीलंका से 13 जून 2026 के रवाना भेलक। ई दौरा भारत आउर श्रीलंका कर बीच समुद्री सहजोग आउर मित्रता के आउर मजबूत करलक। ई दौरा में श्रीलंका कर नौसेना कर संगे कतई पेसेवर, परसिछ्न आउर खेल संबंधी गतिबिधि सामिल रहे। श्रीलंका नौसेना कर करमीमन छमता बिकास पहल कर अंतर्गत छोट हथियार कर संचालन, बुनियादी अग्निसमन, प्राथमिक चिकित्सा आउर बचाव प्रक्रिया में भाग लेलयं। ई जातरा कर दौरान, श्रीलंका नौसेना कर पछिमी नौसेना छेतर कर कमांडर रियर एडमिरल जगत कुमारा जहाज कर दौरा करलयं। चालक दल से बातचीत करलयं। ई दुईयों देस कर बीच मजबूत समुद्री साझेदारी के देखायला। मैत्रीपूर्न खेल मुकाबला, पेसेबर आदान-परदान आउर दुईयों सेनामन कर बीच आपसी बातचीत अंतर-संचालन छमता के आउर बढ़ालक। दुईयों सेना कर बीच संबंध के मजबूत करलक। बंदरगाह में रुकेक कर दौरान, आईएनएस शारदा कर कमांडिंग ऑफिसर श्रीलंका में भारत कर उच्चायुक्त संतोष झा से सिस्टाचार भेंट करलयं। ई दौरा भारत आउर श्रीलंका के बीच स्थायी समुद्री साझेदारी के देखायला। महासागर (छेतर में सुरछा आउर बिकास ले पारस्परिक आउर समग्र उन्नति) कर परिकल्पना कर अनुरूप छेतरीय समुद्री सहजोग आउर सुरच्छा कर प्रति उनकर साझा प्रतिबद्धता के दोहरायला।





# स्वर्णरेखा बचायेक ले उठलक हाथ श्रमदान अभियान कर भेलक सुभारंभ

## इक्कीसी महादेव मंदिर से सुरू भेलक जनजागरण अभियान

**प्रातः नागपुरी संवाददाता**

**रांची।** स्वर्णरेखा नदी कर संरछन आउर स्वच्छता के लेइ के एतवार के चुटिया कर स्वर्णरेखा तट कर इक्कीसी महादेव मंदिर परिसर में श्रमदान अभियान कर सुरुआत करल गेलक। स्वर्णरेखा जीर्णोद्धार समिति आउर वार्ड नंबर 13 कर पार्षद पवन तिर्की कर अध्यछता में आयोजित ई अभियान में बिभिन्न सामाजिक, धारमिक आउर सैछनिक संगठन कर प्रतिनिधि, सिछाबिद, जनप्रतिनिधि आउर स्थानीय नागरिकमन भाग लेलयं। कार्जकरम में आवल अदमीमन स्वर्णरेखा नदी के झारखंड कर जीवनरेखा बताते इकर संरछन आउर संवर्धन कर सामूहिक संकल्प लेलयं। ई अवसर में स्वर्णरेखा जीर्णोद्धार समिति कर अध्यछ माखन पाठक बतालयं कि नदी खली जलधारा नई, मुदा संस्कृति, आस्था, पर्याबरन आउर आवेक वाला पीढ़िमन कर भविस कर आधार आहे। सेले इकर संरछन कर जिम्मेदारी समाज कर हरेक अदमी कर आहे।





वार्ड नंबर 13 कर पार्षद पवन तिर्की कहलयं कि स्वर्णरेखा नदी मांय लखे आहे। इके सफा आउर अविरल बनाए राखेक समाज कर नैतिक जिम्मेदारी आहे। विश्व हिन्दू परिषद कर कैलाश केशरी कहलयं कि स्वर्णरेखा के परदूसन से पर्याबरन कर संगे-संगे अदमीमन कर धारमिक आस्था भी परभावित होवत हे। दरिद्र नारायण भोज समिति कर सूरज महतो आउर जनक महतो चुटिया छेतर कर सउब नदी-तालाब कर संरछन कर मांग उठालयं। बजरंग दल कर संयोजक विक्रम साहू कहलयं कि संगठन नदी संरछन आउर जनजागरुकता अभियान में सक्रिय भूमिका निभावी। नदी कर सफाई में शुभम गिरी, राहुल राम, कुनाल भोक्ता, दिलीप गोप, नवीन तिवारी, शिवम वर्मा, अभिषेक राय, राहुल राकी, निखिल साहू, आनंद केशरी, नीतेश सिंह, राहुल राणा, तरुण राम, अभय सिंह, अंकित सिंह, हिमांशु कुमार, रोहित कुमार, वैभव सिंह, राजन साहू आदि कर अहम जोगदान रहे।



# योगदा सत्संग आश्रम देलक धेयान योग से सांति कर संदेस

**कार्जकरम से जुड़लयं 25 हजार से बेसी झन**

**प्रातः नागपुरी संवाददाता**





**रांची।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2026 कर उपलक्ष्य में योगदा सत्संग सोसाइटी ऑफ इंडिया (वाईएसएस) एतवार के रांची आश्रम में ह्ध्यान योग द्वारा शांति की अनुभूतिह्व बिसय उपरे बिसेस आध्यात्मिक कार्जकरम कर आयोजन करलक। कार्जकरम में 25 हजार से बेसी झन जुड़लयं।
बरिष्ठ संन्यासी स्वामी ईश्वरानन्द गिरि धेयान आउर योग कर माध्यम से आंतरिक सांति प्राप्त करेक कर उपाय उपरे परकास डाललयं। 90 मिनट तक चलेक वाला ई कार्जकरम में भजन, निरदेसित ध्यान-सत्र, सकारात्मक संकल्प आउर सृजनात्मक दृश्यांकन कर माध्यम से प्रतिभागीमन एकाग्रता, मानसिक संतुलन आउर आंतरिक सांति ले बेवहारिक आध्यात्मिक प्रविधि कर अनुभव कराल गेलक। स्वामी ईश्वरानन्द कहलयं कि योग खली सारीरिक व्यायाम नई, मुदा जिनगी जीयेक कर एगो गोटा बिज्ञान आहे, जे सरीर, मन आउर आत्मा के सामंजस्यपूर्न रूप से बिकसित करते बेक्ति के उकर अंतर्निहित सांति स्त्रोत आउर ईश्वर से जोड़ेला।
ऊ बिस्वबिख्यात आध्यात्मिक गुरु आउर योगी कथामृत कर लेखक परमहंस योगानन्द कर सिछा कर उल्लेख करते कहलयं कि धेयान कर माध्यम से हरेक अदमी आपन भीतरे कर दिब्य सांति कर अनुभव कइर सकेला।
ऊ कहलयं कि धेयान ऊ स्त्रोत आहे, जेकर से ईश्वर कर सांति आपने कर आत्मा में प्रवाहित होवेला। स्वामीजी ई भी कहलयं कि सांति कहीं बाहर नी मिली, बल्कि नियमित धेयान साधना कर माध्यम से बेक्ति आपन भीतरे हे उके बिकसित कइर सकेला। समापन में योगदा सत्संग पाठमाला कर जानकारी भी देल गेलक, जेकर माध्यम से साधक घर बैठल धेयान कर बैज्ञानिक बिधि आउर आध्यात्मिक जिनगी कर सिद्धांत कर क्रमबद्ध अध्ययन कइर सकयंना। योगदा सत्संग सोसाइटी ऑफ इंडिया कर स्थापना परमहंस योगानन्द बछर 1917 में कइर रहयं।

# सीसीएल गांधी नगर अस्पताल में मेगा रक्तदान सिबिर भेलक आयोजित

**सिबिर कर दौरान 50 यूनिट खून जमा करल गेलक**

**प्रातः नागपुरी संवाददाता**

**रांची।** बिस्व रक्तदाता दिवस में 14 जून, 2026 के सीसीएल कर गांधी नगर केंद्रीय अस्पताल कर ब्लड सेंटर में एगो मेगा रक्तदान सिबिर कर आयोजन करल गेलक। सिबिर कर उद्घाटन सीसीएल कर निदेशक (मानव संसाधन) हर्ष नाथ मिश्र करलयं। ई अवसर में निदेशक (तकनीकी/संचालन) चंद्र शेखर तिवारी, निदेशक (योजना एवं परियोजना) अनुप हंजुरा, मुख्य सतर्कता अधिकारी पंकज कुमार आउर अर्पिता महिला मंडल कर अध्यछ श्रीमती प्रीति सिंह सहित अन्य पदाधिकारी पहुंचल रहयं।
ई दौरान आवल गनमान्यमन संगे सउब केऊ भविस में अइसन रक्तदान सिबिर के आउर बेसी प्रोत्साहित आउर रक्तदान करेक कर सपथ लेलयं, ताकि बेसी से बेसी रक्तदाता रक्तदान ले प्रेरित होवयं। जरूरतमंद मरीजमन के बेरा से रक्त उपलब्ध होए





सके। ई रक्तदान सिबिर कर आयोजन गांधी नगर अस्पताल कर ब्लड सेंटर द्वारा सीसीएल कर मुख्य चिकित्सा अधिकारी (प्रभारी) डॉ. राज कुमार आउर गांधीनगर अस्पएताल कर मुख्य चिकित्सा अधिकारी (प्रभारी) डॉ. भरत सिंह कर मार्गदरसन में करल गेलक। सिबिर कर दौरान 50 यूनिट खून जमा करल गेलक। रक्तदातामन में 44 गो पुरुस आउर 6 गो महिला रक्तदाता सामिल रहयं। ई दौरान अइसन कार्जकरम के प्रोत्साहित करेक वाला आउर महिला रक्तदातामन के सम्मानित भी करल गेलक। सिबिर कर सफल आयोजन में बिभागाध्यछ (पैथोलॉजी) डॉ. अनीता कुमारी, डॉ. खुशबू सरन, डॉ. श्रीमोयी मुखर्जी, डॉ. मोहना मंडल संगे ब्लड सेंटर कर तकनीसियन आउर सहजोगी करमचारीमन सक्रिय भूमिका निभालयं।

## पेयार



संतोष महली,
ईटा, लोहरदगा।

दुईयो बटे से बराबइर,
सउब से बड़ बेवहार
होवेला,
पेयार तो पेयार होवेला।

दुरी सहल नइ जाय
बिपइत कहल नइ जाय,
अपने आप गिरेला लोर
बिरह दरददार होवेला,
पेयार तो पेयार होवेला।

पेयार तो पेयार होवेला
भले समसया हजार
होवेला,
पेयार तो पेयार होवेला।

दुख सुख तो
लागल जिनगी भइर,
दुख साथी चिन्हार
करेला,
पेयार तो पेयार होवेला।

बिहान से सांझ तलक
तु-तु,मे - मे टकरार
होवेला,
पेयार तो पेयार होवेला।
रिसता सम्भराल जायला

पेयार तो पेयार होवेला
भले समसया हजार
होवेला,
पेयार तो पेयार होवेला।
*-*-*-*-*-*-*

मुद्रक व प्रकाशक नीलम सिंह द्वारा झारखंड वनिता उद्योग एसएचजी के लिए श्याम नगर, गांधी नगर सीसीएल कॉलोनी डीएवी गांधी नगर स्कूल के पीछे, थाना गोंदा, जिला-रांची, राज्य झारखंड-834008 से प्रकाशित एवं शिवा साईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड रातू, काठीटांड़ टेंडर बगीचा के नजदीक, एचपी पेट्रोल पंप, पोस्ट व थाना रातू, रांची, झारखंड-835222 में स्थित प्रिंटिंग प्रेस में मुद्रित। आरएनआई पंजीयन संख्या. **JHABIL/2023/86791**, **संपादक** : नीलम सिंह, **प्रबंध संपादक :** रतनलाल अग्रवाल, **एग्जीक्यूटिव एडिटर :** शिव कुमार सिंह, **स्टेट ब्यूरो हेड :** कुमार राजेश। **फोन नंबर :** 8210640230, 9934166306, **ई-मेल आईडी :** jharkhandwanitaudyog@gmail.com